CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, सोमवार, 27 नवम्बर 2023 I वर्ष – 33 I अंक –208 I पृष्ठ –12 I मूल्य – 4.00 रु.



आज गुरू नानक जयंती

■ ये विधानसभा फैसला करेंगी कि 2024 किसका होगा
■ तेलंगाना में कांग्रेस आगे बढ़ी है, लेकिन बीआरएस के मुकाबले ... पृष्ठ 4

■ संघर्ष विराम के दौरान हमास नेताओं को कोई छूट नहीं : इजराइल
■ सिख श्रद्धालु गुरु नानक की जयंती मनाने पाकिस्तान पहुंचे पृष्ठ 9

राहुल का आउट होना भारत के लिए सबसे बड़ा झटका था : इरफान पठान पृष्ठ 10

संविधान दिवस पर बोले चीफ जस्टिस चंद्रचूड़

# अदालतों में जाने से नहीं डरें जनता

**नई दिल्ली**, 26 नवम्बर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड ने रविवार को संविधान दिवस के मौके पर कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अब तक 'लोगों की अदालत' के तौर पर काम किया है और नागरिकों को न तो कोर्ट आने से डरना चाहिए और न ही उन्हें इसे अंतिम उपाय के तौर पर देखना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट में संविधान दिवस से जुड़े कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए सीजेआई चंद्रचूड ने कहा कि जिस तरह संविधान लोकतांत्रिक संस्थानों और प्रक्रियाओं के जरिए हमें राजनीतिक मतभेदों को खत्म करने में मदद करता है। उसी तरह कोर्ट की प्रणाली हमें स्थापित सिद्धांतों और प्रक्रियाओं के जरिए कई तरह की असहमतियों को सुलझाने में मदद करती है। इसलिए हम कह सकते हैं कि कोर्ट में हर केस संवैधानिक शासन का विस्तार है। इस कार्यक्रम की



जिस तरह संविधान लोकतांत्रिक संस्थानों और प्रक्रियाओं के जरिए हमें राजनीतिक मतभेदों को खत्म करने में मदद करता है। उसी तरह अदालतें कई तरह की असहमतियों को सुलझाने में मदद करती है : चंद्रचूड

शुरुआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के भाषण से हुई। कार्यक्रम में सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस संजीव किशन कौल, जस्टिस संजीव खन्ना मौजूद रहे। इसके अलावा कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी उपस्थित रहे।

चीफ जस्टिस ने अपने संबोधन में कहा, पिछले सात दशकों में सुप्रीम कोर्ट ने लोगों की अदालत के तौर पर काम किया है। हजारों लोग इस संस्थान में न्याय पाने के भरोसे के साथ इसके दरवाजे तक आए हैं। उन्होंने कहा कि नागरिक कोर्ट में अपनी निजी आजादी, जवाबदेही, गैरकानूनी गिरफ्तारी, बंधुआ मजदूरों के अधिकारों की रक्षा, आदिवासी अपनी जमीन की सुरक्षा के लिए, मैला ढोने जैसी सामाजिक बुराइयों को खत्म करने के लिए और यहां तक कि साफ हवा हासिल करने के लिए दखल देने की उम्मीद के साथ तक आते हैं।

**चिट्ठी-पत्रियों का भी लिया गया संज्ञान**

सीजेआई ने कहा कि यह केस सिर्फ कोर्ट के लिए आंकड़े नहीं हैं। यह मामले बताते हैं कि लोग सुप्रीम कोर्ट से क्या उम्मीद करते हैं और खुद कोर्ट की नागरिकों को न्याय देने की प्रतिबद्धता दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट शायद दुनिया की एकमात्र कोर्ट है, जहां नागरिक सिर्फ मुख्य न्यायाधीश को चिट्ठी लिखकर संवैधानिक मशीनरी को चालू करा सकते हैं।

### न्याय को सर्वसुलभ बनाने की जरूरतः मुर्मू



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश में सामान्य नागरिकों को न्याय मिलने में आज भी कई तरह की बाधाएं व्याप्त होने की चर्चा करते हुए कहा कि न्याय को सर्वसुलभ बनाना ही इसके उद्येश्यों को पूरा करने का बससे अच्छा तरीका है। श्रीमती मुर्मु ने देश में योग्यता के आधार पर न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए एक अखिल भारतीय न्यायिक सेवा पर विचार किए जाने का भी सुझाव दिया। राष्ट्रपति ने कहा, न्याय का उद्देश्य, इसे सभी के लिए सुलभ बनाकर सर्वोत्तम तरीके से पूरा किया जा सकता है। इससे समानता को भी बल मिलता है।

### कानूनों को सरल बनाने की जरूरत : जस्टिस खन्ना

वहीं, सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि कानूनों को सरल, सुलभ, अधिक मानवीय और युवा पीढ़ी से संबंधित बनाने की सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान लाखों लोगों के जीवन को प्रभावित करने वाला एक जीवंत दस्तावेज है। उन्होंने सभी से मजबूत संकल्प, एकता और आशावाद के साथ आगे बढ़ने का अनुरोध किया।

सिल्क्यारा टनल मामला

# 100 घंटे में मजदूरों तक पहुंचने की उम्मीद



**उत्तरकाशी**, 26 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तरकाशी की सिल्क्यारा टनल में फंसे 41 मजदूरों को बाहर निकालने के लिए शुक्रवार से बंद पड़ा बचाव अभियान आज फिर से शुरू हो गया है। मजदूरों तक पहुंचने के लिए अब पहाड़ की चोटी से वर्टिकल ड्रिलिंग की जा रही है। अब तक 15 मीटर से ज्यादा खुदाई हो चुकी है। अधिकारियों का कहना है कि अगर कोई रुकावट नहीं आई तो हम 100 घंटे में मजदूरों तक पहुंच जाएंगे।

**मलबा गिरने की भी आशंका**

वर्टिकल ड्रिलिंग के तहत पहाड़ में ऊपर से नीचे की तरफ बड़ा होल करके रास्ता बनाया जाएगा। हालांकि इसमें काफी खतरा है, क्योंकि खुदाई के दौरान बड़ी मात्रा में मलबा गिरने की आशंका है। ड्रिलिंग में कितना समय लगेगा, इस बारे में भी कुछ नहीं कहा गया है। टनल में फोन की लैंडलाइन भी डाली जाएगी। इससे मजदूर अपने परिवार से बात कर सकेंगे।

- उत्तराखंड टनल में वर्टिकल ड्रिलिंग हुई शुरू
- अब तक 15 मीटर से ज्यादा हो चुकी खुदाई
- ऊपर से नीचे की तरफ रास्ता बनाया जाएगा

**मैन्युअल ड्रिलिंग के लिए सेना को बुलाया**

टनल में फंसे मजदूरों तक पहुंचने के लिए अमेरिकन ऑगर मशीन के जरिए खुदाई करके रेस्क्यू पाइप डाले जा रहे थे। शुक्रवार को मजदूरों की लोकेशन से महज 10 मीटर पहले मशीन की ब्लेड्स टूट गई थीं। इस वजह से रेस्क्यू रोकना पड़ा था। इसके बाद मशीन के बजाय मैन्युअल ड्रिलिंग कराने का फैसला किया गया। मैन्युअल ड्रिलिंग के लिए सेना को बुलाया गया है।

## सार संक्षेप

### जम्मू-कश्मीर के उरी में लश्कर के 3 आतंकी धरे गए

**श्रीनगर।** रविवार सुबह उरी में झूला फुट ब्रिज के पास सुरक्षाबलों की जॉइंट नाका चेकिंग के दौरान लश्कर-ए-तैयबा के 3 आतंकी पकड़े गए। सर्च के दौरान इनके पास से 3 चीनी ग्रेनेड और ढाई लाख रुपए कैश भी मिला है। उरी पुलिस स्टेशन में इस मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। इसके अलावा कश्मीर के शोपियां में अंसार गजवत-उल-हिंद के एक आतंकवादियों के मददगार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। यहशख्स शोपियां में हाबदीपोरा क्रॉसिंग से पकड़ा गया।

### पैरा गेम्स के लिए लोगो, मस्कट और जर्सी लॉच

**नई दिल्ली।** केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने रविवार को पैरा खेलों का पहला एडिशन, लोगो, मस्कट और जर्सी लॉच करते हुए कहा कि 11 दिसंबर को खेलो इंडिया का उद्घाटन होगा। 1 से 17 दिसंबर तक राजधानी दिल्ली के तीन स्टेडियमों, आईजी स्टेडियम, तुगलकाबाद में शूटिंग रेंज और जेएलएन स्टेडियम में सात स्पर्धाओं में पैरा एथलीट प्रतिस्पर्धा करेंगे।

### लद्दाख में होगी दक्षिण-पूर्व एशिया की पहली नाइट स्काई सेंचुरी

**नई दिल्ली।** लद्दाख में शीघ्र ही दक्षिण पूर्व एशिया का पहला नाइट स्काई सेंचुरी (अभयारण्य) होगा। अभयारण्य की स्थापना भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान बेंगलुरु के सहयोग से की जा रही है। यह भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग से संबद्ध है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने कहा है कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय और वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की ओर से, हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हानले में नाइट स्काई रिजर्व का उद्घाटन करने का अनुरोध करेंगे।

### दार्जिलिंग में प्रभावशाली पहाड़ी नेता कांग्रेस में शामिल

**कोलकाता।** उत्तर पश्चिम बंगाल में दार्जिलिंग, कलिमपोंग और कर्सियांग की पहाड़ियों में प्रभावशाली तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बिनय तमांग रविवार को राज्य पार्टी अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी की उपस्थिति में कांग्रेस में शामिल हो गए।

### 2024 तक बिहार में सोशल इंजीनियरिंग प्रयोग जोरों पर

**पटना।** बिहार के राजनीतिक दल अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से कई महीने पहले चुनावी मोड में आ गए हैं और एक-दूसरे को हराने के लिए सोशल इंजीनियरिंग के जरिए विभिन्न जातीय समीकरण बना रहे हैं।

केसीआर सरकार पर राहुल ने साधा निशाना

# भारत में सबसे भ्रष्ट सरकार तेलंगाना में है

**एंडोला**, 26 नवम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने को लेकर सभी दल जोर अजमाइश कर रहे हैं। तमाम दलों के नेता लगातार जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं। कांग्रेस के स्टार प्रचारक भी लगातार चुनावी रैलियां आयोजित कर रहे हैं। इसी बीच, तेलंगाना के एंडोला में एक चुनावी रैली में राहुल गांधी ने शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने सत्तारूढ़ दल बीआरएस और भाजपा को जमकर घेरा। रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, राज्य के आठ हजार किसानों ने आत्महत्या क्यों की। आपके राज्य के विधायक ही दलित बंधु योजना में कटौती कर रहे हैं। भारत में सबसे भ्रष्ट सरकार तेलंगाना राज्य में ही है। मुझे बताते हुए दुख हो रहा है कि इसका खामियाजा सिर्फ तेलंगाना के लोगों को ही झेलना पड़ा हमने लोगों से छह वादे किए हैं। राज्य में कांग्रेस सरकार आते ही ये वादे कानून में तब्दील हो जाएंगे। महिलाओं के बैंक खाते में हर महीने 2,500 रुपए ट्रांसफर किए जाएंगे। आप सभी को 500 रूपये में गैस सिलेंडर मिलेगा। महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा की सौगात मिलेगी।



■ कांग्रेस नेता ने पूछा, राज्य के आठ हजार किसानों ने आत्महत्या क्यों की

**कांग्रेस-बीआरएस एक-दूसरे की कार्बन कॉपी : मोदी**

**हैदराबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस और बीआरएस दोनों की पहचान भ्रष्टाचार, परिवारवाद, तुष्टीकरण और खराब कानून व्यवस्था से है। ये दोनों पार्टियां एक-दूसरे की कार्बन कॉपी हैं।

### सीजीपीएससी 2023 के लिए विज्ञापन ज़ारी, 242 पदों पर होगी भर्ती

**रायपुर**, 26 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (ष्टत्नक्कस्ष्ट 2023) ने संविधान दिवस के दिन कुल 242 पदों पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया है। जिसमें प्रारंभिक परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 1 दिसंबर से शुरू होगी, 30 दिसंबर तक अभ्यर्थी इन पदों के लिए अपना आवेदन ऑनलाइन माध्यम से कर सकेंगे। सीजीपीएससी 2023 की प्रारंभिक परीक्षा 11 फरवरी 2024 को आयोजित की गई है। यह परीक्षा दो पालियों में होगी। वहीं मुख्य परीक्षा की संभावित तारीख 13, 14, 15 एवं 16 जून 2024 तय की गई है।

# देश के कई हिस्सों में बदला मौसम का मिजाज

**नई दिल्ली**, 26 नवम्बर (एजेंसियां)। देश के कई हिस्सों में मौसम का मिजाज बदलता दिख रहा है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार अगले कुछ दिनों में देश के कुछ हिस्सों में गरज के साथ छींटे पड़ सकते हैं। बारिश की आशंका के साथ कुछ शहरों में ठंड बढ़ने के भी आसार हैं। उत्तराखंड में 28 नवंबर को बारिश हो सकती है। छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में हल्की बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग ने उत्तराखंड में अगले तीन दिनों तक बारिश और बर्फबारी का येलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी के मुताबिक, राज्य में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। इसके चलते उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग व पिथौरागढ़ समेत कई ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बारिश-बर्फबारी के आसार हैं।

**उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ में भी बारिश के आसार**

**दिसम्बर से पड़ेगी कड़ाके की ठंड**

दिसंबर के पहले हफ्ते से ही कड़ाके की ठंड पड़ेगी। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तराखंड में अगले तीन दिन बारिश-बर्फबारी का येलो अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि अभी राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण के कारण भी जनता हलकान है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रहने वाले लोग अभी भी जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर हैं। न्यू ओखला इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (नोएडा) और दिल्ली में औद्योगिक गतिविधियों और गाड़ियों की भरमार के कारण एयर क्वालिटी इंडेक्स लगातार चिंताजनक बना हुआ है। दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण स्तर के साथ लगभग आधे केंद्रों पर एक्यूआई गंभीर श्रेणी में रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक आईटीओ पर 410, मंदिर मार्ग पर 407, पंजाबी बाग पर 442, नार्थ कैंपस में 419, नेहरू नगर में 430, पटपड़गंज में 436, अशोक विहार में 448, सोनिया विहार में 440, जहांगीरपुरी में 459, रोहिणी में 434, विवेक विहार में 450, ओखला में 410, वजीरपुर में 469, बवाना में 441, मुंडका में 435, आनंद विहार में 433 और बुराडी में 410 एक्यूआई दर्ज किया गया।

# महादेव घाट में मुख्यमंत्री ने लगाई आस्था की डुबकी



**रायपुर**, 26 नवंबर (देशबन्धु)। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायपुर के महादेव घाट में आस्था की डुबकी लगाई। इसके साथ ही महादेव घाट स्थित हटकेश्वर महादेव मंदिर में महाआरती भी की। जिसके बाद कई कांग्रेस नेताओं के साथ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अलाव में आग सकते नजर आए।

■ कई कांग्रेसी नेता रहे मौजूद

महादेव घाट तट पर नहाने पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि, छत्तीसगढ़ में परंपरा रही है खासकर जो बच्चे हैं. वह जरूर कार्तिक मास में गांव में जाते हैं और इस परंपरा के अनुसार आज नहाते हैं। मेरे साथ महंत रामसुंदर दास, प्रदीप शर्मा, एजाज ढेबर और कई साथी आए हैं। खारुन तट में हमने हटकेश्वर महादेव के दर्शन भी किए हैं। लगातार हम लोग इसका लगातार पालन कर रहे हैं। एक अच्छी परंपरा है। सूर्यदेव के पहले स्नान करना यह लाभदायक भी है।

## राम मंदिर को लेकर भाजपा राजनीति कर रही : भूपेश

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राम मंदिर को लेकर सोशल मीडिया में एक्टिविटी को लेकर कहा राम मंदिर सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर बना है। भारतीय जनता पार्टी उसमें राजनीति कर रही है। पूरे देश के लोग जानते हैं, छत्तीसगढ़ में अनेक स्थानों पर भगवान राम की मूर्ति की स्थापना की गई है हम उसके नाम पर वोट नहीं मांगते हैं। वह हमारी आस्था का विषय है। भाजपा के द्वारा निर्वाचन आयोग में उनके खिलाफ की गई शिकायत पर मुख्यमंत्री ने कहा, जिस दिन नोटिस आएगा, उसका जवाब दिया जाएगा।

राजधानी में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने सोशल मीडिया में राहुल गांधी के पोस्ट को डिलीट करवाने को लेकर कहा, यह तो निष्पक्ष होना चाहिए। निर्वाचन आयोग को हम लोग भी शिकायत किए थे, जब फॉर्म भरा रहे थे और विज्ञापन दे रहे थे। तब भी हम लोगों ने शिकायत किया। निर्वाचन आयोग ने तब कोई कार्रवाई नहीं की। वहीं ट्रेन रद्द होने को लेकर उन्होंने कहा, यह तो होगी ही। बुलेट ट्रेन तो आई नहीं। वंदे भारत छोटी हो गई है. अब ट्रेन लगातार कई महीनों से रद्द हो रही है। कोरोना आया था, तब से रद्द हैं। इस मामले में रमन सिंह चिट्ठी नहीं लिखेंगे, भारत सरकार को। वहीं तेलंगाना के दौरे को लेकर भूपेश ने कहा कि वहा चुनाव प्रचार जोरों पर है। दो दिन के लिए जा रहा हूं। राजस्थान में मैं समझता हूं गहलोत सरकार की उपलब्धियां को देखते हुए जनता ने वोट किया है।

# चंडीगढ़ बॉर्डर पर किसानों का दिल्ली जैसा आंदोलन शुरू

**चंडीगढ़**, 26 नवम्बर (एजेंसियां)। पंजाब और हरियाणा के हजारों प्रदर्शनकारी किसान रविवार को अपनी मांगों को लेकर तीन दिवसीय विरोध प्रदर्शन के तहत दोनों राज्यों की संयुक्त राजधानी चंडीगढ़ के बाहरी इलाके में इकट्ठा होना शुरू कर दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि वे लंबी यात्रा के लिए तैयार होकर आए हैं। उनमें से कई लोग अपने ट्रैक्टर-ट्रेलरों पर सब्जियां, आटे और दाल की बोरियां और खाना पकाने का तेल साथ लाए थे। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के तहत किसान यूनियनों ने किसानों के ऐतिहासिक 'दिल्ली चलो' आंदोलन की तीसरी वर्षगांठ और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी जैसी मांगों को पूरा न करने पर देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है। इस बार उसने चंडीगढ़ में पंजाब और हरियाणा के राजभवनों के सामने अपना विरोध दर्ज कराने के लिए 'चंडीगढ़ चलो' आंदोलन दिया है।



एमएसपी की कानूनी गारंटी व अन्य मांगों को लेकर हो रहा प्रदर्शन

**पुलिस ने सीमाएं सील की**–प्रदर्शनकारी किसान, जिनमें पुरुष और महिलाएं – युवा और बूढ़े दोनों – और ट्रैक्टर-ट्रेलर, कारों और मोटरसाइकिलों पर सवार स्कूल और कॉलेज के छात्र शामिल हैं, पंजाब में मोहाली और हरियाणा में पंचकुला की सीमाओं पर इकट्ठा हो रहे हैं। किसानों के चंडीगढ़ में जबरन प्रवेश को रोकने के लिए दोनों राज्यों और चंडीगढ़ की पुलिस को भारी संख्या में तैनात किया गया है और सीमाएं सील कर दी गई हैं। एसकेएम की समन्वय समिति के सदस्य दर्शन पाल ने मीडिया को बताया, कृषि संघ अपनी मांगें पूरी न होने पर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराने के लिए राजभवन की ओर बढ़ेंगे। उन्होंने कहा, अगर जरूरत पड़ी तो वे आंदोलन को अनिश्चितकाल तक बढ़ाएंगे।

## संवैधानिक अधिकारों को कुचल रहे भाजपा-आरएसएस : खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने संविधान को भारतीय लोकतंत्र की जीवन रेखा बताते हुए कहा है कि भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देश की जनता के संवैधानिक अधिकारों को कुचल रहे हैं। श्री खडगे ने संविधान दिवस पर आज अपने संदेश में कहा भारत का संविधान हमारे लोकतंत्र की जीवन रेखा है। हम 74वें संविधान दिवस को मनाते हुए इसके निर्माताओं के कृतज्ञ हैं और उनके प्रति अत्यंत श्रद्धा से सर नवाते हैं – क्योंकि उन्होंने हमारे संविधान में प्रत्येक भारतीय के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक अधिकारों की गारंटी दी है

हिदायत

चीन में 'रहस्यमयी बीमारी' के बाद केंद्र ने जारी किए दिशा निर्देश

# श्वसन संबंधी बीमारियों पर राज्यों को सतर्कता बरतने की सलाह

**नई दिल्ली, 26 नवम्बर (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने चीन में बच्चों की श्वसन संबंधी बीमारियों की स्थिति को देखते हुए देश में राज्यों को सतर्कता बरतने की सलाह दी है और कोविड संशोधित निगरानी दिशानिर्देश लागू करने को कहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने रविवार को यहां बताया कि चीन में लोगों के स्वास्थ्य की स्थिति के मद्देनजर श्वसन संबंधी बीमारियों से निपटने को लेकर तैयारियों के उपायों की विस्तृत समीक्षा करने का निर्णय लिया गया है।**

*केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने हाल के सप्ताहों में उत्तरी चीन में बच्चों में श्वसन संबंधी बीमारियों में वृद्धि के मद्देनजर सावधानी बरतने और श्वसन संबंधी बीमारियों से निपटने के लिए तैयारियों के उपायों की विस्तृत समीक्षा करने का निर्णय लिया है। मंत्रालय के अनुसार मौजूदा इन्फ्लूएंजा और सर्दी के मौसम को ध्यान में रखना महत्वपूर्ण है, जिसके परिणामस्वरूप श्वसन संबंधी बीमारी में वृद्धि हुई है। सरकार इस पर बारीकी से नजर रख रही है और घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है।*

***अस्पताल की तैयारियों की तत्काल समीक्षा की सलाह***–*केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों को लिखे गए एक पत्र में जन स्वास्थ्य और अस्पताल की तैयारियों की तत्काल समीक्षा करने की सलाह दी गई है। इनमें मानव संसाधन, अस्पताल में फ्लू के लिए दवाएं और टीके, मेडिकल ऑक्सीजन, एंटीबायोटिक औषधियों, व्यक्तिगत सुरक्षा के उपकरणों, टेस्टिंग किट एवं रिएजेंट, ऑक्सीजन प्लांट और वेंटिलेटर की पर्याप्त उपलब्धता, स्वास्थ्य सेवाओं में संक्रमण की रोकथाम के पर्याप्त उपाय इनमें शामिल हैं। पत्र में सभी राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों को 'कोविड-19 के संदर्भ में संशोधित निगरानी रणनीति, के लिए दिशानिर्देश' लागू करने को कहा है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को बच्चों और किशोरों पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है। राज्यों को श्वसन परीक्षण के लिए राज्यों में स्थित वायरस रिसर्च एंड डायग्नोस्टिक लेबोरेटरीज (वीआरडीएल) को एसएआरआई वाले रोगियों, विशेष रूप से बच्चों और किशोरों के नाक और गले के स्वाब के नमूने भेजने के लिए कहा गया है। इन एहतियाती और व्यापक उपायों के परिणामस्वरूप किसी भी संभावित स्थिति का मुकाबला करने और नागरिकों की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित होने की उम्मीद है। हाल ही में, विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट से चीन के उत्तरी भागों में श्वसन संबंधी बीमारी में वृद्धि का संकेत मिला है। मुख्य रूप से इन्फ्लूएंजा, माइकोप्लाज्मा निमोनिया, सार्स-कोव-2 आदि के सामान्य कारणों को इसके लिए जिम्मेदार बताया गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, सर्दी के मौसम की शुरुआत के साथ-साथ माइकोप्लाज्मा निमोनिया जैसी श्वसन संबंधी बीमारियों के प्रसार के साथ-साथ कोविड-19 प्रतिबंधों को हटाया जाना भी इसमें वृद्धि का कारण बना है।*

# अपर कलेक्टर ने किया मतगणना प्रशिक्षण का निरीक्षण

**मतगणना हेतु सुपरवाईजर, मतगणना सहायक, माईक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण शासकीय नटवर इंग्लिश स्कूल में हुआ संपन्न**





**रायगढ़,** 26 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में ईवीएम से मतगणना हेतु सुपरवाईजर, मतगणना सहायक, माईक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण दो पालियों में शास.नटवर इंग्लिश स्कूल में आयोजित किया गया। जिसका आज अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय ने नटवर इंग्लिश मीडियम स्कूल पहुंच मतगणना प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्री एस.के.कंवर, डिप्टी कलेक्टर श्री समीर बड़ा, तहसीलदार, नायब तहसीलदार उपस्थित रहें।

प्रशिक्षण में उन्होंने माइक्रो ऑब्जर्वर, मतगणना सहायक, सुपरवाइजरों को ईवीएम से मतगणना संबंधी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने मतगणना के दौरान बरते जानी वाली आवश्यक सावधानियों से अवगत करवाते हुए प्रश्नोत्तर के माध्यम उनके शंकाओं का समाधान भी किया। उन्होंने कहा कि आगामी 2 दिसम्बर को विधानसभा वार लगने वाली ड्यूटी की जानकारी दी जायेगी। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री पाण्डेय ने सभी प्रशिक्षण कक्ष का निरीक्षण किया एवं सभी अधिकारियों का उत्साहवर्धन किया। संविधान दिवस के अवसर पर प्रशिक्षण के दौरान संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन श्री पाण्डेय द्वारा कराया गया। श्री पाण्डेय ने बताया कि मतगणना अधिकारियों का द्वितीय प्रशिक्षण 2 दिसंबर 2023 को दोपहर 12 बजे से नटवर स्कूल में होगा, जिसमें विधानसभा वार एवं दलवार प्रशिक्षण दिया जाएगा।

जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री राजेश डेनियल ने आज के प्रशिक्षण में ईवीएम मशीन से मतगणना, मशीनों को राउंड वार लाने, सीलिंग परीक्षण की जानकारी मतगणना अभिकर्ता को देना, बॉक्स से मशीन को निकाल कर परिणाम बटन के माध्यम से परिणाम को अभ्यर्थी वार मतों का अभ्यर्थी वार दर्ज करना तथा रिटर्निंग ऑफिसर के माध्यम से टेबुलेशन के लिए भेजे जाने जैसे विभिन्न प्रक्रियाओं का प्रशिक्षण में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर डॉ.नरेंद्र पर्वत, श्री भुनेश्वर पटेल, श्री आनंद द्विवेदी, श्री एल.एस पटेल, श्री विकास सिन्हा, श्री मालिक राम भारद्वाज, श्री कृष्णा विश्वास, श्री विजय गुप्ता, श्री राजेश मिश्रा ने कक्ष वार प्रशिक्षण दिया।

# हनुमान मंदिर में तोड़फोड़, उपद्रवियों ने खंडित की प्रतिमा

**जांजगीर चांपा,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। संकट मोचन भगवान हनुमान की प्रतिमा को खंडित करने का मामला प्रकाश में आया है। जांजगीर चांपा जिले में अकलतरा क्षेत्र के पोड़ीदरहा गांव के पहाड़ में विराजित भगवान हनुमान की मूर्ति को अज्ञात बदमाशों ने खंडित कर दिया। इस घटना से आहत सनातनियों ने मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई।



■ आक्रोशित ग्रामीणों ने दर्ज कराई शिकायत

देश की शांति एवं सौहाद्र को भंग करने कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा लगातार धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने का काम किया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला अकलतरा के पोड़ी दहरा गांव में सामने आया है। यहां आस्था के प्रतीक भगवान हनुमान की प्रतिमा को कुछ उपद्रवियों ने खंडित कर दिया। इस घटना से आक्रोशित लोगों ने मामले की शिकायत थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले में आईपीसी की धारा 295 ए 427 के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच पड़ताल की जा रही है।

# शासकीय जेएमपी महाविद्यालय एनसीसी दिवस के अवसर पर 7 छ.ग. बटालियन




**तखतपुर** 26 नवंबर (देशबन्धु)। शासकीय जेएमपी महाविद्यालय तखतपुर के एनसीसी कैडेट्स द्वारा एनसीसी दिवस के अवसर पर 7 छ.ग. बटालियन, बिलासपुर के कमांडिंग ऑफिसर्स कर्नल अमिताभ श्रीवास्तव, एडम ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल संजीव कुमार राय एवं महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मधुलिका लाल के निर्देशन में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें एनसीसी के 52 कैडेट्स ने महाविद्यालय प्रांगण में साफ सफाई की साथ ही रैली निकालकर लोगों को जागरूक करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन लेफ्टिनेंट डॉ. विपिन अग्रहरि ने किया। कैडेट्स को संबोधित करते हुए डॉ. विपिन अग्रहरि ने बतलाया कि एनसीसी दिवस प्रतिवर्ष नवंबर के चौथे रविवार को मनाया जाता है देश में एनसीसी की उपयोगिता एवं उसके महत्व को उन्होंने बतलाया। कार्यक्रम में सीनियर अंडर ऑफिसर प्रियंका यादव, अंडर ऑफिसर्स प्रशांत यादव, जूनियर अंडर ऑफिसर्स पूजा घिडोरे, झरना पाली, रोशनी कौशिक, कविता कौशले, पुष्पराज कश्यप, राजू कुमार, आशीष सोनवानी, दीप्ति पाली, गनेशिया, नम्रता, नेहा, सीमांसी, दीप्ति मेरसा, आदित्य सिंह, आकाश सिंह, भारत, गौरव सिंह, मिथिलेश सिंह, आरती, अलका, भारती, गीतांजलि, शैली, शुभम, अर्शदीप, हर्षवर्धन, कृष, दीपांशु, रितेश, सतीश, सत्यनारायण, एवं अन्य कैडेट्स ने अपनी सहभागिता दर्ज की।

# श्री सांई बाबा का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया

**तखतपुर** 26 नवंबर (देशबन्धु)। श्री सांई बाबा जी के जन्मोत्सव पर आज नगर में सांई बाबा की पालकी सवारी निकाली गई एवं दिलीप देवांगन के निवास पर हवन संपन्न हुआ।



सांई भक्तो ने दो दिन पहले 24 नवम्बर का श्री सांई बाबा का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ शहर में मनाया, शहर के पड़रिया रोड में सांई बाबा की जन्मोत्सव के लिए विशेष तैयारी की गई थी, सुबह से ही कथा के सुनने के लिए अनेक भक्तजन आयोजित सांई दरबार कार्यक्रम दिलीप देवांगन के निवास पर उपस्थित हुए। सुबह यहां सांई बाबा की आरती हुई। दोपहर में हवन के पश्चात् सांई बाबा की पालकी शोभायात्रा के रूप में नगर में निकली गई जो दिलीप देवांगन के निवास से होकर टिकरीपारा से होते हुए पड़रिया रोड होकर वापस दिलीप देवांगन के निवास स्थल पर पहुंची। रास्ते में भक्तजनो ने श्रीफल अर्पित किया, पालकी के साथ चल रहे डी.जे. में जमकर सांई गीतो में नृत्य किया। रात में श्री देवांगन के निवास स्थान पर आम भंडारे का आयोजन हुआ। आज आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से श्रीमती लक्ष्मीन देवांगन, दिलीप देवांगन मनहरण देवांगन, भक्कू देवांगन, अजय देवांगन, नानू देवांगन, राजेश देवांगन, ददू देवांगन, सविता देवांगन, स्वाति देवांगन, पूजा देवांगन, साधना देवांगन, द्विवेदी, संतु, सोनी गंगवानी, हितेश करड़ा, रमेश करडा, भोनू, यश, दौलत, टेकचंद करडा, राकेश देवांगन, नरेन्द्र देवांगन, दिलीप तोलानी, हरि ठाकुर,गोलू ठाकुर, श्यामू देवांगन , अमित मंदानी, घनश्याम देवांगन, राजेन्द्र यादव, कविता कुम्भकार, बंशी कुम्भकार, सहित सैकडो भक्तो ने सांई जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया। वहीं पुराना थाना परिसर में स्थित सांई मंदिर में भी दिनभर भक्त पहुंचें।

# छग सिंधी अकादमी सहित कई शोधपीठ का कार्यकाल खत्म

**रायपुर,** 26 नवंबर (देशबन्धु)। राज्य शासन ने संस्कृति और राजभाषा विभाग के अधीन आधा दर्जन आयोग, शोधपीठ का कार्यकाल समाप्त होने के बाद उन्हें भंग कर दिया है। मनोनित अध्यक्षों और सदस्यों का कार्यकाल 27 नवंबर को खत्म हो रहा है। इनमें साहित्य अकादमी, पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी सोध पीठ, आदिवासी लोक कला अकादमी, छग सिंधी अकादमी, कला अकादमी, श्रीकांत वर्मा पीठ शामिल है। सभी अध्यक्षों और सदस्यों को कार्यकाल समाप्त होने की सूचना भेज दी गई है।

संचालनालय ने 22 नवंबर को कार्यकाल वृद्धि का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा था।लेकिन सरकार ने कार्यकाल बढ़ाने में कोई रुचि नहीं दिखाई।

# किसान अपनी धान की फसल बेचने के लिए मतगणना परिणाम का इंतजार

**तखतपुर** 26 नवंबर (देशबन्धु)। चुनावी वादे के बीच किसान अपनी धान की फसल बेचने के लिए 3 दिसंबर के मतगणना परिणाम का इंतजार कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और भाजपा दोनों पार्टियों ने किसानों के लिए अलग-अलग घोषणा किया है।



जहां कांग्रेस ने इकतीस सौ रुपये तो भाजपा ने बत्तीस सौ रुपए क्विंटल में धान खरीदने की बात कही है। और इसी के बाद किसान अपने गुणा भाग करने पर जुड़ गए हैं और उन्हें 3 दिसंबर की मतगणना परिणाम का इंतजार है। एक तरफ राजनीतिक दल के लोग किसकी सरकार बनेगी या कौन जीतेगा इस पर ध्यान दे रहे हैं तो दूसरी ओर किसान भी मतगणना परिणाम को लेकर काफी उत्साहित है। क्योंकि सरकार किसी की भी बने किसानों के लिए दोनों पार्टियों की ओर से वादे किए गए हैं। एक तरफ जहां कांग्रेस की सरकार बनेगी तो उनके कर्ज माफ किए जाएंगे 31सौ में धान खरीदा जाएगा। वहीं भाजपा की सरकार बनने पर 32 रुपए क्विंटल में धान खरीदेंगे। और यही वजह है कि किसान धान की मिंजाई कर तो लिए हैं पर उसे बिक्री के लिए नहीं ले जा रहे हैं। अभी वे केवल सरकार बनने को लेकर चर्चा कर रहे हैं।

इन दिनों किसान केवल अपने फायदे के लिए गुणा भाग करने पर जुटे हुए हैं। यदि कर्ज माफ होगा तो कितना फायदा होगा और भाजपा की सरकार बनेगी तो धान बेचने में उन्हें कितना फायदा होगा। इसी उधेड़ बुन में अभी धान को लेकर खरीदी केंद्र नहीं जा रहे हैं। उन्हें इंतजार है कि 3 दिसंबर की मतगणना परिणाम क्या बताता है। निगारबन्द के किसान नील कमल साहू ने कहा कि किसानी काम के लिए कर्जा लिए हैं और कांग्रेस की सरकार बन गई तो कर्जा से मुक्ति मिल जाएगा इसी सब बात को लेकर अभी मतगणना परिणाम को देख रहे हैं।

# सार-संक्षेप

## कलेक्टोरेट में अधिकारी एवं कर्मचारियों ने किया संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन



**रायगढ़,** 26 नवंबर (देशबन्धु)। संविधान दिवस के अवसर पर आज अपर कलेक्टर श्री राजीव पाण्डेय ने जिला कार्यालय के साथ शास.नटवर इंग्लिश मीडियम स्कूल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारियों-कर्मचारियों को संविधान के प्रस्तावना का पठन कराया। उन्होंने संविधान के प्रति निष्ठा रखने तथा संविधान में प्रदत्त अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उल्लेखनीय है कि डॉ.भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के प्रारूप निर्माण समिति के अध्यक्ष थे। भारतीय संविधान को 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा में अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित किया गया है। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्री एस.के.कंवर एवं जिला कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## 26 नवंबर संविधान दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित

**रायगढ़,** 26 नवंबर (देशबन्धु)। छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार एवं जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में संविधान दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय स्थित सभागार में श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव सिन्हा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के द्वारा विधि छात्रों को जागरूक किये जाने हेतु विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अरविन्द कुमार सिन्हा द्वारा की गई। कार्यक्रम में विवेक मिश्रा चीफ, रोहित पटेल डिप्टी, रविन्द्र कुमार साव असिस्टेंट, पुजा शर्मा लीगल एड डिफेंस कौसिल् रायगढ़ एवं स्वामी बालकृष्ण पूरी लॉ कॉलेज रायगढ़ के प्रध्यापक एवं विधि छात्र उपस्थित रहें। जिला न्यायाधीश श्री अरविन्द कुमार सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिस तरह से संविधान की उदेशिका में एक-एक शब्द समानता को दर्शाता है। उसी प्रकार युवाओं को संविधान में दिए गए मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों को अपने जीवन में अपनाना एवं उसकी पालन करनी चाहिए। उन्होने कहा कि सिर्फ संविधान के प्रावधानों से परिचित होना ही पर्याप्त नहीं है अपितु हमें उसे व्यवहार मे शामिल करने की भी आवश्यकता है। शिविर में सचिव श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव सिन्हा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के द्वारा भी संविधान दिवस के उपलक्ष्य में बताया गया कि हमारे भारतीय संविधान को अपनाए जाने के उपलक्ष्य में हर साल 26 नवंबर को देश में संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाता है।

# तेन्दुआ को पकड़ने आखिर चार दिन बाद वन विभाग ने लगाया पिंजरा

■ लेकिन पिंजरा लगने के बाद तेन्दुआ नजर ही नहीं आया

**गरियाबंद,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय में मंगलवार रात से डेरा डाले तेन्दुओ को पकड़ने आखिरकार चार दिन बाद शनिवार को वन विभाग ने तीन पिंजरे मंगाए। शाम होते ही इन पिंजरो को कब्रिस्तान के भीतर, मणिकंचन केन्द्र बाहर और पीछे जंगल क्षेत्र में लगा दिया गया। इसके अलावा ट्रेप कैमरे की संख्या भी बढ़ा दी गई। लेकिन पिंजरा लगाए जाने के बाद तेन्दुआ कही भी नजर नही आया, न ही उसका कोई मूवमेंट कैमरे मे रिकार्ड हुआ। आखिरी बार तेन्दुआ शुक्रवार रात को मणिकंचन केन्द्र और कब्रिस्तान के बीच बाउड्रीवाल के पास दिखा था, जिसके बाद से वन अमला तेन्दुआ के नजर आने का इंतजार कर रहा है। लोगो का कहना है कि तेन्दुआ कब्रिस्तान के भीतर झाड़ियो में छिपा है, लेकिन खतरा होने के चलते विभाग अंदर जाने की हिम्मत नही जुटा पा रहा है।

ज्ञात हो कि मंगलवार को मादा तेन्दुआ ने नगर के रावनभाटा वार्ड में दस्तक दी थी, पहली बार केषव साहू के घर के बाहर बाउंड्रीवाल में दिखा था। जिसके बाद से लगातार तेन्दुआ कब्रिस्तान, मणिकंचन केन्द्र और पीछे खेत के आसपास ही विचरण कर रहा है। अलग अलग दिन तेन्दुआ अलग अलग स्थानो में नजर आता रहा है। वन अमला भी लगातार उसमें नजर बनाए रखी, लेकिन भगाने और पकड़ने में अब तक नाकाम ही रहा। हालाकि बिते दो दिनो से वन अमले ने पिंजरा लगाने के साथ ही वनकर्मियो की संख्या बढ़ा कर पूरे एरिया की घेराबंदी कर ली है। जानकारी के मुताबिक करीब 30 से 35 कर्मियो की ड्युटी लगाए गए है, जो दिन रात सुरक्षा के दृष्टि से कब्रिस्तान और मणिकंचन केन्द्र के बाहर तैनात है।



उल्लेखनीय है कि नगर के रिहायषी इलाके में तेन्दुआ की आमद से नगर में चार दिनो से दषहत का माहौल है। आसपास के लोग घर से बाहर निकलने से घबरा रहे है। वही कब्रिस्तान और मणिकंचन केन्द्र के नेषनल हाईवे गरियाबंद-देवभोग मार्ग से लगे होने के यहां रात के बाद जानमाल को भी खतरा है। कारण कि नेषनल हाईवे के चलते यहां चहलकमी ज्यादा होती है। सड़क से महत महज 20 मीटर की दूरी में ही तेन्दुआ कई बार देखा गया है। इसी मार्ग से लोग रोजाना सुबह शाम लोग पैदल ही टहलने आवाजाही करते है। मणिकंचन केन्द्र में नपा की महिलाए सुबह 6 बजे से काम में जुट जाती है। वही पीछे खेत में ही खेतिहर काम के लिए लोगो का आना जाना लगा रहता है। जिसके चलते लोगो में तेन्दुआ का डर बना हुआ है।

तेन्दुआ की बढ़ती दषहत को देखते हुए वन विभाग ने एक पिंजरा मणिकंचन केन्द्र के पास, दूसरा कब्रिस्तान और तीसरा पीछे के खेत के पास लगाया गया है। वन सुत्रो के मुताबिक रात में शोरगुल थमते ही तेन्दुआ को पकड़ने की कोषिष की जाएगी। रात होते ही पिंजरे में बकरी रखी जाएगी, ताकि तेंदुआ जब शिकार के लिए पिंजरे में प्रवेश करेगा तो उसी में बंद हो जाएगा।

# जांच उपकरणों और चिकित्सकों की कमी से लोगों को चाहिए मुक्ति

**रायपुर,** 26 नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश में तीन दिसंबर को नई सरकार की दिशा.दशा और तय होगी। ऐसे में एक बार फिर नए सिरे से लोगों में सुलभ और सस्ती चिकित्सा सुविधा की उम्मीद जगी है। जानकारों का कहना है कि अब अस्पतालों में जांच उपकरण और चिकित्सकों की कमी से छुटकारा मिलना चाहिए। पिछली सरकारों में भी प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ी हैं मगर व्यवस्थाओं की तस्वीर अभी भी उजली नहीं हो पाई है। अभी भी विकासखंड और जिला अस्पताल में सभी रोगों के लिए समुचित चिकित्सक और रोगों के इलाज के लिए समुचित उपकरणों की व्यवस्था नहीं हो पाती है। प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाते हुए सरकार ने अस्पतालों की संख्या तो बढ़ाया मगर यहां चिकित्सक नियुक्त नहीं कर पाए। हालांकि पिछले पांच वर्षों की कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में चिकित्सकों. स्वास्थ्य कर्मियों की बड़ी संख्या में भर्ती हुई है। काफी हद तक विशेषज्ञों को नियुक्त भी किया गया है।

# विधि दिवस पर अनेक छात्रावासों में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

**रायपुर,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग के तत्वाधान में एवं जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग श्रीमती नीता यादव के मार्गदर्शन में 26 नवंबर को 'विधि दिवस' पर अनेक छात्रावासों में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस दौरान जिला न्यायालय स्थापना दुर्ग के न्यायाधीश क्रमशः संजीव कुमार टॉमक, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दुर्ग द्वारा स्थान-प्रयास बॉयज हॉस्टल, रोजगार कार्यालय के पास मालवीय नगर, दुर्ग में राकेश कुमार वर्मा, द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दुर्ग, विवेक कुमार वर्मा, चतुर्थ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दुर्ग, आदित्य जोशी, षष्ठम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दुर्ग द्वारा शासकीय अनु.ज.जा. पो.मैट्रिक बॉयज हॉस्टल आर.टी.ओ.ऑफिस के सामने, जल विहार के पास दुर्ग में श्रीमती संगीता नवीन तिवारी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, चतुर्थ एफ.टी.सी. दुर्ग द्वारा शासकीय गर्ल्स हॉस्टल/शासकीय अनु.ज.जा.पो.मैट्रिक गर्ल्स हास्टल जेल रोड दुर्ग में जनार्दन खरे, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 के प्रथम अति.न्यायाधीश दुर्ग द्वारा चंद्रशेखर आजाद बॉयज हॉस्टल, जल परिसर, जी.ई.रोड दुर्ग में श्रीमती सरोजनी जनार्दन खरे, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 के द्वितीय अति.न्यायाधीश दुर्ग, श्रीमती शीलू केसरी, पंचम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2, दुर्ग द्वारा शासकीय पोस्ट मैट्रिक एस.सी. बॉयज हॉस्टल, मालवीय नगर दुर्ग में तथा कु. अंकिता मदनलाल गुप्ता, अष्टम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2, दुर्ग कु. अंकिता तिग्गा, पंचदश व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 दुर्ग द्वारा शासकीय मैट्रिक एस.सी. बॉयज हॉस्टल, मालवीय नगर दुर्ग में एवं श्रीमती केवरा राजपूत, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 दुर्ग, नीलेश बघेल, सप्तम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 दुर्ग, कु. सुरभि धनगढ़ प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2, दुर्ग के द्वितीय अति. न्यायाधीश दुर्ग द्वारा स्थान प्रयास गर्ल्स हॉस्टल, जल परिसर, आर.टी.ओ. ऑफिस के सामने दुर्ग में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।



शिविर में उपस्थितजनों/विद्यार्थियों को न्यायधीशगणों द्वारा ''भारत के संविधान की उद्देशिका'' के वाचन से कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए बताया गया कि भारतीय लोकतंत्र में आज का दिन (26 नवंबर) काफी महत्वपूर्ण है। लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं की आत्मा हमारा ''संविधान'' जिसे हमने आज ही के दिन 26 नवंबर 1949 को स्वीकार किया था और जिसे 26 जनवरी 1950 को लागू किया गया। यह एक ऐतिहासिक पल है। इसी दिन एक राष्ट्र के तौर पर हमने तय किया था कि अब आगे हमारी दिशा किन ''निर्देशों'' पर होगी किन ''नियमों'' पर होगी ''सविधान'' उक्त निर्देश/नियम के एक-एक शब्द पवित्र व पूजनीय हैं। हमारा संविधान जितना जीवंत है उतना संवेदनशील तथा जितना जवाबदेह है उतना सक्षम भी है। ''संविधान'' ही है जो देश को लोकतंत्र के रास्ते पर बनाए रखता है और उसे भटकने से रोकता है अर्थात भारत का संविधान विधि के नियमों को स्थापित करने के साथ-साथ लोकतंत्र का ''रक्षक'' भी है और मानवाधिकारों की रक्षा करता है।

न्यायाधीशगणों द्वारा उक्त आयोजित जागरूकता शिविरों में आगे यह भी बताया गया कि- देश में ''विधि दिवस'' के आयोजन की परंपरा 1979 से प्रारंभ हुई तथा ''भारत का संविधान'' विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान है जिसमें सभी वर्गो, धर्मो, विचारों, भाषाओं, क्षेत्रों को समान स्थान प्रदान किया गया है। इसमें आवश्यकता मांग के अनुसार समय-समय पर संशोधन कर इसे और अधिक प्रभावशाली प्रासंगिक बनाया गया है। शिविर में उपस्थित विद्यार्थियों को संविधान में प्रदत्त नागरिकों के मूल कर्तव्य, मूल अधिकारों के बारे में बताते हुए इन्हें एक नागरिक के रूप में उनकी जिम्मेदारियों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गयी।

26 नवंबर ''संविधान-दिवस'' के अवसर पर न्यायाधीशगणों द्वारा विभिन्न स्थानों पर आयोजित उक्त जागरूकता शिविरों में लगभग 840 विद्यार्थी/आमजन लाभांवित हुए है। वहीं उक्त अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग क्षेत्रांतर्गत स्थापित कार्यालय लीगल एड डिफेंस कौसिंल द्वारा केन्द्रीय जेल दुर्ग में आयोजित विधिक जागरूकता शिविर में जेल के अधिकारियों/कर्मचारियों तथा जेल में निरूद्ध सजायाप्ता व विचाराधीन बंदियों को ''भारत के संविधान की उद्देशिका'' का वाचन करते हुए बंदियों को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी गयी। विधि दिवस पर जेल में आयोजित इस जागरूकता शिविर में लगभग 85 बंदी लाभांवित हुए है।

# देश

**उवाच**

“ केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह राठौड़ राजस्थान से होने के बावजूद भी उन्होंने प्रदेश की जनता के हित में कोई रुचि नहीं ली, जो कि भाजपा की नीति और नीयत में फर्क को दर्शाता है। इससे यह साबित होता है कि मोदी कहते कुछ हैं और करते कुछ हैं।

–मनीष तिवारी, कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 26° | 15° |
| मुंबई | 3° | 25° |
| कोलकाता | 27° | 18° |
| चेन्नई | 27° | 26° |

# रायथु बंधु योजना का राजनीतिक लाभ उठा रही बीआरएस : कांग्रेस

■ बीआरएस के खिलाफ रायथु योजना पर कांग्रेस ने चुनाव आयोग में की शिकायत

■ चुनाव आयोग की ओर से दी गई अनुमति का दुरुपयोग करने का लगाया आरोप

■ रायथु बंधु का शाब्दिक अर्थ है किसान का मित्र

**हैदराबाद,** 26 नवम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जी निरंजन ने रविवार को भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) के मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार से राज्य में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) पार्टी की ओर से कृषि निवेश सहायता योजना यानी रायथु बंधु योजना का दुरुपयोग करने संबंधी शिकायत दर्ज कराई। ईसीआई को संबोधित एक पत्र में निरंजन ने कहा कि चुनाव आयोग ने पिछले शुक्रवार को राज्य सरकार को रायथु बंधु योजना के तहत किसानों को राशि वितरित करने की अनुमति दी थी। उन्होंने दावा किया कि बीआरएस पार्टी अपने राजनीतिक लाभ के लिए इस योजना का फायदा उठा रही है। पत्र की प्रति यहां मीडिया को भी जारी की गई।

निरंजन ने जोर देकर कहा कि बीआरएस नेता मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए रायथु बंधु योजना का उपयोग एक उपकरण के रूप में कर रहे हैं। साथ ही झूठा दावा कर रहे हैं कि वे व्यक्तिगत रूप से संवितरण का वित्तपोषण कर रहे थे। उन्होंने बीआरएस पार्टी के उन आरोपों का भी खंडन किया है कि कांग्रेस ने वितरण प्रक्रिया में बाधा डाली। गौरतलब है कि महबूबाबाद और अलेरू में एक चुनाव प्रचार के दौरान मंत्री टी. हरीश राव ने कांग्रेस पार्टी पर बाधाएं पैदा करने का



आरोप लगाया और देरी के लिए उनके हस्तक्षेप को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग ने प्रति संवितरण 7500 करोड़ रुपए की तैयार राशि के साथ संवितरण की अनुमति दी थी। राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए यह बहुत जरूरी है। हमें उम्मीद है कि चुनाव आयोग हमारे जवाब पर तुरंत प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उचित कार्रवाई करेगा।

रायथु बंधु किसानों के लिए पहली नकद हस्तांतरण योजना, 2018-19 में तेलंगाना राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई थी। रायथु बंधु किसानों के लिए पहली नकद हस्तांतरण योजना, 2018-19 में तेलंगाना राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई थी। रायथु बंधु का शाब्दिक अर्थ है किसान का मित्र। बता दें कि गत दिनों चुनाव आयोग ने तेलंगाना में यासांगी सीजन के लिए रायथुबंधु फसल निवेश वित्तीय सहायता जारी करने को मंजूरी दी है। राज्य कृषि विभाग के बयान के अनुसार चुनाव आयोग ने यासांगी सीजन के लिए रायथुबंधु फसल निवेश वित्तीय सहायता जारी करने को मंजूरी दी। हर साल, जैसे ही मानसून का मौसम और यासंगी का मौसम शुरू होता है, तेलंगाना राज्य सरकार किसानों को फसल निवेश के लिए वित्तीय सहायता के रूप में रायथुबंधु फंड जारी करती है।

### बीआरएस पर प्रतिबंध लगाने का किया आग्रह

टीपीसीसी) के वरिष्ठ उपाध्यक्ष निरंजन ने चिंता व्यक्त की कि चुनाव आयोग की ओर से दी गई उदार अनुमति का बीआरएस पार्टी द्वारा दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसलिए, मैंने ईसीआई से बीआरएस पार्टी पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया है, जिससे उन्हें अपने राजनीतिक अभियान में रायथु बंधु संवितरण का उल्लेख करने से रोका जा सके। उन्होंने राज्य में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए इस कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया। निरंजन ने अपने पत्र में कहा कि हम आपसे बीआरएस पार्टी पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध करते हैं, उनके राजनीतिक प्रचार में रायथु बंधु संवितरण का उल्लेख न करें।

## छत्तीसगढ़ में मतगणना की तैयारियां शुरू

**रायपुर,** 26 नवम्बर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में मतदान की गणना होने में कुछ ही दिन बचे हैं। कांग्रेस भाजपा दोनों ही राजनीतिक पार्टी ने स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए अपने-अपने कार्यकर्ताओं का ड्यूटी लगाई है। कांग्रेस पार्टी मतगणना के लिए तैयारियां शुरू कर दी है। पार्टी के



सभी मतगणना एजेंट्स (अभिकर्ता) ट्रेनिंग दी जाएगी। तीन दिसंबर को होने वाले गिनती के लिए कांग्रेस पार्टी ने मतगणना एजेंट्स को ट्रेनिंग देगी। इसके लिए सभी एजेंट्स को इसकी जानकारी दे दी गई है। मतगणना के समय सभी अभिकर्ता को अलर्ट रहने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए प्रदेश से मास्टर ट्रेनर भेजे जाएंगे। इससे सभी एजेंट्स अलर्ट रहेंगे। प्रदेश कांग्रेस ने 3 दिसंबर को होने वाली मतगणना की तैयारी को लेकर सभी जिला संगठन मुख्यालय में विधानसभा वार मतगणना अभिकर्ताओं को प्रशिक्षण देने निर्देश दिए हैं। 27 नवम्बर से 30 नवम्बर तक मतगणना अभिकर्ता ट्रेनिंग कार्यक्रम होंगे। मतगणना अभिकर्ताओं को ट्रेनिंग देने के लिए प्रदेश से मास्टर ट्रेनरों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो विधानसभावार मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना से संबंधित जानकारी देंगे।

# राजस्थान में मतदान के बाद चुनावी शोर थमा, अब फैसले का इंतजार

**जयपुर,**26 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में विधानसभा का चुनावी शोर रविवार को समाप्त हो गया। लगातार चल रहे चुनाव प्रचार के बाद शनिवार को मतदान के बाद चुनावी शोर शांत हो गया है। अब फैसले का इंतजार हो रहा है। मतदान कार्यक्रम संपन्न होने के बाद निर्वाचन आयोग ने 690 करोड़ रुपए का एक आंकड़ा साझा किया। आयोग ने बताया कि यह राशि चुनाव में वोटरों को लुभाने के लिए खर्च की जाने की तैयारी थी। इसके अलावा शराब, मादक पदार्थ और मुफ्त में दिया जाने वाला सामान जब्त किया गया है। आयोग के अनुसार विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों ने कार्रवाई करते हुए कुल 690 करोड़ रुपए से अधिक की राशि जब्त की है। नकदी के अलावा शराब, मादक पदार्थ और वोटरों को लुभाने के लिए मुफ्त में दिया जाने वाला सामान भी जब्त किया गया है। आयोग ने पिछले आंकड़ों से इस बार की तुलना की तो पाया कि ये आंकड़ा 970 प्रतिशत अधिक है। राजस्थान विधानसभा आम चुनाव-2023 में जयपुर जिले के 19 विस क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत 75.91 से ज्यादा दर्ज किया गया है जो विधानसभा चुनावों में जिले में अब तक का सर्वाधिक मतदान है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि 38 लाख 34 हजार 407 मतदाताओं ने ईवीएम के जरिये, 7 हजार 50 मतदाताओं ने होम वोटिंग के जरिए, लगभग 26 हजार 293 मतदाताओं ने डाक मतपत्र के जरिए मतदान किया है, इस प्रकार जयपुर जिले लगभग 38 लाख 67 हजार 750 से ज्यादा मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने बताया कि विधानसभा



**चुनाव आयोग ने 690 करोड़ की नगदी, शराब व मादक पदार्थ किए जब्त**

चुनाव-2023 के तहत शनिवार को हुए मतदान में जिले में ईवीएम के जरिए 38 लाख 34 हजार 407 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिनमें 20 लाख 23 हजार 140 पुरुष मतदाता, 18 लाख 11 हजार 225 महिला मतदाता एवं 42 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। इस प्रकार 76.08 प्रतिशत पुरुष मतदाताओं, 74.35 महिला मतदाताओं एवं 56.58 प्रतिशत ट्रांसजेंडर मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने बताया कि कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र में 77.38 प्रतिशत, विराटनगर में 76.49 , शाहपुरा में 84.81, चौमूं में 84.41, फुलेरा में 78.36 प्रतिशत, दूदू में 79.30 , झोटवाड़ा में 72.21 , आमेर में 78.20 एवं जमवारामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 77.18 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

**सार संक्षेप**

### हैदराबाद के नवाब मीर नजफ कांग्रेस में शामिल

**हैदराबाद।** तेलंगाना में हैदराबाद के प्रिंस हाशम जाह बहादुर के पुत्र नवाब मीर नजफ अली खान रविवार को यहां कांग्रेस में शामिल हो गए। मीर नजफ ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में औपचारिक रूप से पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर उन्होंने कहा गांधी परिवार के साथ हमारा जुड़ाव चार पीढ़ियों से है और आज हम पार्टी में आधिकारिक रूप से शामिल हो गए।

### प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम स्ट्रांग रूम में सील

**उदयपुर।** राजस्थान में उदयपुर जिले की आठ विस सीटों के लिए मतगणना एवं संग्रहण केंद्र मोहनलाल सुखाड़िया विवि परिसर में तैयार किए गए स्ट्रांग रूम में ईवीएम को संग्रहित कर कमरे सील किए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द पोसवाल के निर्देशन में देर रात तक विभिन्न अधिकारी मौके पर डटे रहे। जिले के आठ विधानसभा क्षेत्रों में मतदान समाप्ति के बाद देर शाम से मतदान दलों के लौटने का क्रम शुरू हो गया। जिला मुख्यालय तथा आसपास के केंद्रों से मतदान दल पहले पहुंचे।

### बंगाल भाजपा पहुंची चुनाव आयोग

**कोलकाता।** भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई ने एक सार्वजनिक बैठक में जिला स्तर के तृणमूल कांग्रेस नेता की हालिया टिप्पणी, जहां उन्होंने बांग्लादेशी नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल करने की मांग की थी, के खिलाफ यहां मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय के माध्यम से भारत चुनाव आयोग से संपर्क किया है। भाजपा के तीन नेताओं, सिसिर बाजोरिया, अभिजीत दास और प्रताप बंदोपाध्याय ने उत्तर 24 परगना जिले के बारासात लोकसभा क्षेत्र के लिए तृणमूल कांग्रेस के संगठनात्मक जिला अध्यक्ष रत्ना विश्वास पर बांग्लादेशी से पूछने का आरोप लगाते हुए पं.बंगाल के सीईओ कार्यालय को शिकायत भेजी है। उक्त लोकसभा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में रहने वाले निवासियों को यथाशीघ्र मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने की अपील की गई है।

### महिलाकर्मियों के हाथों में मतगणना की जिम्मेदारी

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में निर्वाचन आयोग ने मतगणना से जुड़ी सारी तैयारी लगभग पूरी कर ली हैं। इस बार पहली बार महिलाकर्मियों को मतगणना की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिले की तीनों विधानसभाओं बस्तर, जगदलपुर और चित्रकोट की गणना 16 से 18 राउंड में की जाएगी। इस दौरान 14 टेबल लगाए जाएंगे और प्रत्येक टेबल पर भाजपा- कांग्रेस के 14-14 एजेंट मौजूद रहेंगे।

# राजस्थान में वोट प्रतिशत बढ़ने से राजनीतिक दलों में बढ़ी टेंशन

**जयपुर,**26 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान विधानसभा चुनाव की प्रदेशभर में वोटिंग के बाद कई जगह मत प्रतिशत में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। पिछली बार के चुनाव से तुलना की जाए तो इस बार मतदान प्रतिशत आगे ही रहा है। इस बार 74 फीसदी से अधिक वोटिंग हुई है। बढ़े हुए वोट प्रतिशत से राजनीतिक दलों की परेशानी बढ़ गई है। पिछली बार की अपेक्षा इस बार के चुनाव में लोगों ने घर से निकलने में काफी रुचि दिखाई है। अब प्रदेश की दो हॉट सीट नागौर और शिव सीट पर मुकाबला काफी रोचक होने वाला है। नागौर सीट पर इस बार मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। भाजपा से ज्योति मिर्धा और कांग्रेस से हरेन्द्र मिर्धा के तो मैदान में हैं ही साथ ही हबीबुर्रहमान ने भी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में ताल ठोक रखी है। पूर्व विधायक हबीबुर्रहमान कांग्रेस के टिकट के दावेदार थे, लेकिन उनको टिकट नहीं मिल पाया था, जिस कारण वो बागी हो गए। बता दें कि वर्ष 2018 में भारतीय जनता पार्टी से मोहनराम चौधरी ने आईएनसी के हबीबउर्रहमान को 13 हजार वोटों के मार्जिन से हराया था। विशेषज्ञों के अनुसार मतदान प्रतिशत से अनुमान लगाया जा सकता है कि ऊंट किस करवट बैठ सकता है। पिछले पांच विस चुनावों के आंकड़े देखे जाएं तो ऐसा अनुमान है कि जब-जब प्रदेश में वोटिंग परसेंटेज में कमी आई है, तब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार रही है। वहीं मतदान का प्रतिशत बढ़ता है तो भाजपा को लाभ मिलता है। वैसे तो इस बार के मतदान प्रतिशत में अभी फाइनल आंकड़ा जारी नहीं हुआ है, फिर भी अब तक तो प्रतिशत में उछाल देखा जा रहा है, लेकिन हॉट सीटों में उतार-चढ़ाव दोनों देखे जा रहे हैं।

**नागौर व शिव सीट के त्रिकोणीय रण में बागी बन सकते हैं खतरा**

केसीआर का खानापुर में आयोजित आशीर्वाद जनसभा में दावा

# राज्य में अच्छे बहुमत के साथ विधानसभा चुनाव जीतेगी बीआरएस

**हैदराबाद,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने रविवार को खानापुर में आयोजित आशीर्वाद जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बीआरएस अच्छे बहुमत के साथ आ रही है। पूर्व में 1956 तक यह राज्य हैदराबाद के नाम से हमारा ही था।

कांग्रेस सरकार के दौरान हैदराबाद में सिटी कॉलेज के पास सात छात्रों को गोली मार दी गई और इस राज्य को जबर्दस्ती आंध्र में विलय कर दिया गया। कांग्रेस के नेताओं ने इस पर चुप्पी साध ली। वे इस विषय पर कुछ नहीं बोले। कांग्रेस की गलती के कारण तेलंगाना के सभी लोग 58 वर्षों तक सूखा पीड़ित रहे। पिछली सरकारों के दौरान राज्य में न बिजली थी, न ताजा पानी, न सिंचाई का पानी। हमें अपना तेलंगाना दोबारा पाने में 58 साल लग गए। ये कोई सामान्य बात नहीं है। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 साल बाद भी हमारा देश उतना परिपक्व नहीं हो पाया है। अन्य विकसित देश प्रगति कर रहे हैं। अगर सभी लोग अपने-



पिछली सरकारों के कारण 58 वर्षों तक सूखा पीड़ित रही तेलंगाना की जनता : के.चंद्रशेखर राव

अपने गांव में कुछ अच्छा और कुछ बुरा की चर्चा करें.. तो आपको पत्थर और रत्न के बीच अंतर पता चल जाएगा। आप जॉनसन नाइक को भारी बहुमत से चुनाव जिताएं। उम्मीदवारों के पीछे की पार्टियों की खूबियों, खासकर उनके पिछले इतिहास पर गौर करना चाहिए। यह देखा जाना चाहिए कि जब वे सत्ता में थे तो संबंधित दलों ने गरीबों, किसानों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के प्रति क्या रवैया अपनाया था। अगर वोट का इस्तेमाल समझदारी से किया जाए तो अच्छी चीजें होती हैं। अगर दुरुपयोग किया तो अगले पांच साल भुगतना पड़ेगा। बीआरएस का जन्म तेलंगाना की उपलब्धि और लोगों के अधिकारों के लिए हुआ था।

केसीआर ने कहा कि हमने तेलंगाना में लड़कियों के लिए कल्याण लक्ष्मी/ शादी मुबारक को इस तरह से रखा है, जिसके बारे में इतिहास में किसी भी प्रधान मंत्री या मुख्यमंत्री ने कभी नहीं सोचा होगा। हम गरीब परिवारों के बच्चों को कल्याणलक्ष्मी/ शादी मुबारक योजना के तहत 1,00,116 रुपये प्रदान कर रहे हैं। अम्मावोडी वाहनों के माध्यम से हम अपनी लड़कियों को सरकारी अस्पतालों तक लाते हैं, परीक्षण कराते हैं, दवाएं देते हैं और उन्हीं वाहनों के माध्यम से उन्हें निःशुल्क उनके घरों तक सुरक्षित वापस लाते हैं। बीआरएस सरकार लड़की के लिए 13,000 रुपये और लड़के के लिए 12,000 रुपये के साथ केसीआर किट भी प्रदान कर रही है। हम यादव भाइयों सहित सभी समुदायों को कल्याण कार्यक्रम प्रदान कर रहे हैं जो बुनकर, बुनकर, मछली श्रमिक और भेड़ प्रजनक हैं।

केसीआर ने कहा कि हमारी बीआरएस सरकार ने खानापुर निर्वाचन

### बीआरएस के समर्थन में मांगे वोट

मुख्यमंत्री ने कहा कि आप कृपया पचास साल के कांग्रेस शासन और दस साल की बीआरएस सरकार के दौरान गरीबों के कल्याण योजनाओं के बारे में विचार करें। हम कार चिन्ह के लिए वोट करने और बीआरएस को मजबूत बनाने का आग्रह करते हैं। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि कांग्रेस सरकार 200 रुपए पेंशन देती थी, वे हमारे मुंह पर तमाचा मारते थे और कहते थे कि यही पेंशन है। हमने पेंशन बढ़ाकर 2000 रुपए कर दी, चुनाव के बाद पेंशन बढ़ाकर पांच हजार रुपए कर दी जाएगी।

# ओवेसी की एमआईएम के लिए राह आसान नहीं

**हैदराबाद,** 26 नवम्बर (एजेंसियां)। मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एमआईएम) को हैदराबाद के पुराने शहर में शायद ही कभी अपने राजनीतिक वर्चस्व के लिए चुनौती का सामना करना पड़ा हो, जिसे उसका गढ़ माना जाता है। पार्टी का गढ़ राज्य में अन्य जगहों पर हुए राजनीतिक बदलावों से काफी हद तक अछूता रहा। चाहे संयुक्त आंध्र प्रदेश हो या नव निर्मित तेलंगाना, सत्ता में चाहे कोई भी आए, एमआईएम ने अपना पारंपरिक गढ़ बरकरार रखा। इस बार, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और कांग्रेस के बीच कांटे की लड़ाई में एमआईएम बीआरएस का साथ दे रही है। हालांकि पुनर्जीवित कांग्रेस और मुस्लिम वोटों के संभावित विभाजन से कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में एमआईएम

■ दो खंडों में करना पड़ रहा उतार-चढ़ाव का सामना



के लिए चीजें मुश्किल हो सकती हैं, लेकिन यह भविष्यवाणी करना मुश्किल है कि इस बार उसकी सात सीटों की संख्या में कमी आएगी या नहीं। इस बार एमआईएम ने अपने मौजूदा विधायक जाफर हुसैन की जगह ग्रेटर हैदराबाद के पूर्व मेयर माजिद हुसैन को अपना उम्मीदवार बनाया है। एमआईएम के समर्थक खान को बीजेपी और आरएसएस का एजेंट बता रहे हैं। असदुद्दीन ओवैसी, जो आरएसएस के साथ कथित संबंधों को लेकर राज्य कांग्रेस प्रमुख ए रेवंत रेड्डी पर हमला कर रहे हैं, ने दावा किया है कि दिल्ली के आरएसएस के लोग नामपल्ली में कांग्रेस उम्मीदवार के लिए काम कर रहे हैं, जबकि भाजपा उम्मीदवार घर बैठे हैं।

### नामपल्ली में करना पड़ रहा कड़ी टक्कर का सामना

असदुद्दीन ओवैसी के नेतृत्व वाली पार्टी को नामपल्ली निर्वाचन क्षेत्र में कड़ी टक्कर का सामना करना पड़ता दिख रहा है। मोहम्मद फिरोज खान, जिन्होंने 2009 में निर्वाचन क्षेत्र बनने के बाद से हर चुनाव में असफलता हासिल की, 2018 में एमआईएम के आभासी एकाधिकार को समाप्त करने के करीब आ गए थे, जाफर हुसैन से 9,675 के अंतर से हार गए। खान को इस बार जीत का भरोसा है और वह हार के बावजूद लोगों की मदद के लिए निर्वाचन क्षेत्र में किए गए अपने काम पर भरोसा कर रहे हैं। क्रमशः प्रजा राज्यम पार्टी (पीआरपी) और तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) के टिकट पर 2009 और 2014 का चुनाव हारने के बाद, उन्होंने 2018 में कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ा।

## केरल के माकपा नेता को मानहानि का नोटिस

**तिरुवनंतपुरम,** 26 नवम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में केरल के मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) नेता जैक सी थॉमस को मानहानि नोटिस दिया गया है। वरिष्ठ पत्रकार एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व राष्ट्रीय बौद्धिक संयोजक डॉ. आर बालाशंकर ने गत 19 नवम्बर को एशियानेट टीवी न्यूज चैनल पर चर्चा के दौरान मोदी को 'नराधमन' के रूप में संदर्भित करने के लिए थॉमस को मानहानि का कानूनी नोटिस भेजा है। बालाशंकर ने अपने बयान में कहा कि थॉमस ने न केवल एक उच्च संवैधानिक हस्ती के खिलाफ अप्रिय टिप्पणी की, बल्कि अन्य सम्मानित पैनलिस्ट की ओर से ऐसी टिप्पणियों पर आपत्ति जताने पर भी उन्होंने उस बयान को दोहराना जारी रखा और समाचार एंकर के अनुरोध को भी नजरअंदाज कर दिया। ऑर्गेनाइजर वीकली के पूर्व संपादक बालाशंकर ने कहा कि बिना शर्त सार्वजनिक माफी मांगने में विफल रहने की स्थिति में उनके खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही शुरू की जाएगी। लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव लड़ने और दो-तिहाई बहुमत से जीतने के बाद मोदी प्रधानमंत्री बने।

■ मोदी पर अभद्र टिप्पणी का मामला

# तेलंगाना में बीआरएस व कांग्रेस में हुआ है गुप्त समझौता : अमित शाह

**नारायणपेट/तेलंगाना,** 26 नवम्बर (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने रविवार को तेलंगाना में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति और विपक्षी कांग्रेस के बीच राज्य में दोनों पार्टियों के बीच अपने-अपने हितों की पूर्ति के लिए गुप्त समझौता करने का आरोप लगाया। शाह ने कहा कि मौजूदा चुनाव में, बीआरएस और कांग्रेस के बीच एक गुप्त समझौता हुआ है। कांग्रेस बीआरएस का समर्थन करेगी, जिससे के.चंद्रशेखर राव की मुख्यमंत्री के रूप में वापसी सुनिश्चित होगी। बदले में, बीआरएस लोकसभा चुनावों में कांग्रेस का समर्थन करेगी और पार्टी नेता राहुल गांधी को प्रधानमंत्री उम्मीदवार के रूप में बढ़ावा देगी। उन्होंने नारायणपेट जिले के मकथल में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस के लिए डाला गया कोई भी वोट प्रभावी रूप से बीआरएस को फायदा



■ बीआरएस पर पर लगाया भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप

पहुंचाएगा। यदि आप केसीआर को हटाना चाहते हैं, तो भाजपा को वोट दें। आपका वोट न केवल आपके विधायक को चुनता है, बल्कि तेलंगाना के भविष्य को भी आकार देता है। बीआरएस पर अपने 10 साल के शासन के दौरान भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाते हुए, शाह ने मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव द्वारा किए गए 100 बिस्तरों वाले अस्पताल की स्थापना, एक स्वीकृत डिग्री कॉलेज और बेरोजगारी भत्ते का वितरण जैसे वादों को पूरा करने पर सवाल उठाया।

**प्रशिक्षण** *मध्य प्रदेश में मतगणना से पहले कांग्रेस-भाजपा का महामंथन*

# प्रत्याशियों व पोलिंग एजेंटों को अलर्ट रहने का दिया प्रशिक्षण

**भोपाल, 26 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव की तीन दिसम्बर को होने वाली मतगणना को लेकर कांग्रेस और भाजपा में महामंथन जारी है। दोनों ही दलों ने रविवार को काउंटिंग के लिए अपने-अपने प्रत्याशियों को प्रशिक्षण दिया। जहां कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों को भोपाल बुलाया था। वहीं भाजपा ने वर्चुअजी ट्रेनिंग दी।**

बता दें, प्रदेश में 17 नवम्बर को 230 सीटों पर मतदान हुआ। अब सभी को मतगणना का इंतजार है। ये पहला मौका है जब परिणाम के लिए इतना लंबा समय लग रहा है। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में रखे गए इस प्रशिक्षण में कांग्रेस के लगभग सभी 230 प्रत्याशी शामिल हुए। यह ट्रेनिंग दो चरणों में दी गई। पहला चरण सुबह 11 बजे से शुरू हुआ। इसमें रीवा, शहडोल, जबलपुर, ग्वालियर-चंबल संभाग के प्रत्याशी शामिल हुए।



■ मप्र विस चुनाव की तीन दिसम्बर होगी मतगणना

इसके बाद दूसरी पाली में दोपहर 2:30 बजे से ट्रेनिंग शुरू हुई। इसमें इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, भोपाल और सागर संभाग के प्रत्याशियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रत्याशियों के साथ ही पोलिंग एजेंट को भी ट्रेनिंग दी गई। इस दौरान प्रत्याशियों और एजेंट्स को बताया गया कि उन्हें ईवीएम के हर राउंड के बाद उसका प्रमाण पत्र लेना है।

इसके साथ ही डाक मत पत्रों की गिनती के समय अलर्ट रहना है। इसके साथ ही कहा गया कि कुछ अधिकारी गड़बड़ कर सकते हैं। उन पर नजर रखें। भाजपा ने भी तीन दिसंबर को होने वाली काउंटिंग के लिए अपने सभी उम्मीदवार और पोलिंग एजेंट को तैयार किया है। इसके लिए खुद प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने मोर्चा संभाला। उन्होंने पार्टी मुख्यलाय से सभी प्रत्याशियों से वर्चुअली संपर्क साधा। उनके साथ पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा भी मौजूद रहे। शर्मा ने सभी को बताया कि काउंटिंग के दौरान सभी को अपनी पूरी नजर बनाए रखना है। कोई लापरवाही नहीं बरतना है। कुछ भी गड़बड़ नजर आने पर सीधे वरिष्ठ नेताओं से संपर्क करना है। बता दें कि मतदाताओं ने इस बार वोटिंग का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस बार अभी तक का सर्वाधिक 77.15 प्रतिशत मतदान हुआ है। महिलाओं ने भी इस बार सर्वाधिक 76.03 प्रतिशत मतदान कर रिकॉर्ड बनाया।

लेकिन इस बार चुनाव में खड़े हुए 2533 प्रत्याशियों को नतीजों के लिए भी 16 दिनों का लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। यह पिछले पांच चुनावों में सर्वाधिक लंबी प्रतीक्षा है। इस वजह से प्रत्याशियों में नतीजों के प्रति बेचैनी बढ़ती जा रही है। पिछले चुनावों में नतीजों के लिए इंतजार को देखें तो वर्ष 1998 और 2003 में मतदान संपन्न होने के तीसरे दिन चुनाव परिणाम घोषित हो गए थे, वहीं 2008 में 11 दिनों तक इंतजार करना पड़ा था।

इसके बाद 2013 और 2018 में 13 दिनों का इंतजार करना पड़ा था। लेकिन, इस वर्ष यानी 2023 में तो 16 दिनों के इंतजार के बाद चुनाव परिणाम जानने को मिलेंगे।

देशबन्धु

बिलासपुर, सोमवार 27 नवम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# सुरंग में जीवन, तो आस्मां में छवि की तलाश

ऐसे वक्त में जब उत्तरकाशी स्थित सिल्क्यारा की धसकी हुई सुरंग में 14 दिनों से 41 मजदूर फंसे पड़े हैं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गगन में लड़ाकू विमान में बैठकर उड़ान भर रहे हैं। पिछले करीब एक हफ्ते से लग रहा था कि अंधेरी सुरंग में मजदूर कभी भी बाहर आ सकते हैं, लेकिन हर गुजरता दिन बेनतीजा साबित हो रहा है। इन सबसे बेपरवाह मोदी के उत्साह में कोई कमी नहीं आई है। एक राज्य से निकलकर दूसरे राज्य में चुनावी रैलियों को सम्बोधित करते हुए राजस्थान में गुरुवार की शाम को प्रचार अभियान थमने के तुरन्त बाद मोदी मथुरा पहुंचे जहां उन्होंने ब्रज रज उत्सव के नाम से आयोजित मीरा जन्मोत्सव में हिस्सा लिया। फिर वे शुक्रवार की अल्लसुबह कृष्णजन्मभूमि में उस स्थान पर भगवा वस्त्र धारण कर पहुंचे जहां श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। शनिवार को सुरंग में बचाव अभियान इसलिये रुक गया क्योंकि ड्रिलिंग के दौरान ऑगर मशीन की ब्लेड सरियों से टकराकर टूट गई। अब मलबे को हाथ से हटाये जाने की तैयारी है और मजदूरों को बाहर का सूरज देखने के लिये अभी इंतज़ार करना पड़ सकता है।

यह विडंबना ही है कि बचाव अभियान की समीक्षा करने या मजदूरों की खोज-खबर लेने या फिर इस बाबत कोई बात करने की बजाये पीएम की वरीयता लड़ाकू विमान में बैठकर उड़ान भरने की है। वैसे मोदी नामक फिनोमिना में यह कोई आश्चर्यजनक बात नहीं रह गयी है क्योंकि देश उन्हें पिछले तकरीबन साढ़े नौ वर्षों से यही सब करता हुआ देख रहा है। उनके इस कार्यकाल में अनगिनत घटनाएं ऐसी हुई हैं जिनमें प्रधानमंत्री उन्हें नज़रंदाज़ कर या आवश्यक कार्रवाई न कर गैरजरूरी काम करते हुए दिखे हैं। छोटी-मोटी घटनाओं को एक तरफ कर दें तो 20 जवानों को लील लेने वाले पुलवामा में सीआरपीएफ की टुकड़ी पर आतंकी हमला होने के बावजूद मोदी वन्य जीवन पर शूटिंग करने में व्यस्त थे। जम्मू-कश्मीर के तत्कालीन राज्यपाल सत्यपाल मलिक ने कई बार उनसे बात करने की कोशिश की लेकिन वे संचार प्रणाली की पहुंच से बाहर थे। शाम को जब उनसे बात हुई भी तो मोदी ने उनसे चुप रहने के लिये कहा। मणिपुर में उन्हें जाने का कभी भी समय नहीं मिला जो हिंदू मैतेई एवं ईसाई कुकी सम्प्रदायों के परस्पर टकराव से जल रहा है। लगभग आठ महीनों में वहां अनेक हत्याएं हुई हैं। अब भी जारी हैं। हजारों मकान जल गये हैं, बड़ी तादाद में लोग शरणार्थी शिविरों में बसर कर रहे हैं। तो भी वहां जाना तो दूर की बात है, मोदी ने इस बाबत मुंह से तब तक एक शब्द भी नहीं निकाला जब तक कि सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को यह चेतावनी नहीं दे दी कि अगर वह कुछ नहीं करती तो शीर्ष न्यायालय ही कोई कदम उठायेगा।

जिन पांच राज्यों में चुनाव हो रहे हैं उनमें प्रचार के दौरान मोदी ने मुद्दों पर कम बात की और विरोधी दलों के नेताओं पर व्यक्तिगत हमले और उनकी छवि को धूमिल करने के ही अधिक प्रयास किये। मुख्य प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के शीर्ष नेताओं- सोनिया-राहुल-प्रियंका गांधी तथा अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर मोदी अपने खास सिपहसालार केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं स्टार प्रचारकों के साथ विशेष आक्रामक रहे हैं। उनकी छवि पर बड़े हमलों का कारण यह भी है कि मोदी की अपनी छवि लगातार दरक रही है। सिलसिलेवार प्रशासनिक असफलताओं के कारण अब उनकी योग्यता पर सवाल उठने लगे हैं। इनके चलते, प्रमुख प्रदेश राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़, जहां मतदान हो चुका है उन सभी में भाजपा की पराजयों के अनुमान व्यक्त किये जा रहे हैं। तीनों राज्यों में स्थानीय नेतृत्व को दरकिनार कर दिया गया है और चुनाव मोदी के चेहरे पर ही लड़ा गया है। ऐसे में आने वाले समय में मोदी की छवि के पूर्णत: ध्वस्त होने की भी पूरी सम्भावना बताई जा रही है।

इन तमाम परिस्थितियों में मोदी को अपनी छवि को दुरुस्त करने और नये सिरे से निखारने की ज़रूरत है। तेजस के कॉकपिट में बैठकर शून्य में मोदी न जाने किसे हाथ लहरा रहे हैं, लेकिन यह बात तो साफ है कि वे अपनी छवि को नयी ऊंचाइयां देने के लिये संघर्षरत हैं जिसे उन्हें अगले वर्ष के मध्य में होने जा रहे लोकसभा चुनावों तक संजोकर रखना होगा। ऐसा न होने पर चुनाव जीतने की बात तो दूर है, उनकी दावेदारी तक को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

इसलिये मोदी को क्रिकेट विश्व कप का अंतिम मुकाबला उन्हीं के नाम पर बने अहमदाबाद के स्टेडियम में कराना पड़ता है जबकि ऐसे आयोजनों के लिये मुम्बई का वानखेड़े या कोलकाता का ईडन गार्डन स्टेडियम अपनी ऐतिहासिकता और खेल सन्दर्भों के कारण कहीं अधिक मुफ़ीद माना जाता है। जैसा कि अब खुलासा हुआ है, विश्व कप जीतने पर ट्रॉफी के साथ मोदी की राजस्थान में भव्य यात्रा निकालने की योजना थी ताकि उसका सियासी लाभ लिया जा सके, लेकिन जिस जीत का श्रेय वे लेना चाहते थे, वह मुकाबला भारत हार गया और वे जनता से मिले नये नाम 'पनौती' को खुद पर चस्पां कर स्टेडियम से बाहर निकले। उनका गुस्सा निर्वाचन आयोग के जरिये राहुल को जारी नोटिस से निकला। बहरहाल, तेलंगाना को छोड़कर, जहां प्रचार मंगलवार को थम जायेगा, सभी जगहों पर (उपरोक्त के अलावा मिजोरम भी) मतदान हो गया है। इसके मद्देनज़र मोदी के पास एक और डबल इंजिन वाले राज्य उत्तराखंड की सुरंग में फंसी 41 ज़िंदगियों के लिये चिंता करने का समय नहीं है। उन्हें आकाश में उड़ान भरकर पहले अपनी छवि को गगनचुंबी बनाना है।

# ये विधानसभा फैसला करेंगी कि 2024 किसका होगा

अब कांग्रेस के वापस इंडिया में समाहित होने का समय है। चार राज्यों के चुनाव हो गए हैं। पांचवे तेलंगाना के 30 नवंबर को हो जाएंगे। पांचों राज्यों में कांग्रेस मुख्य रोल में थी। भाजपा केवल तीन राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में थी। बाकी मिजोरम में भाजपा जो अभी सरकार में है वह खत्म हो गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो सब जगह चुनाव में जाते हैं, स्थानीय निकायों तक के, वे मिजोरम गए ही नहीं। साढ़े 9 साल में यह पहला मौका है जब प्रधानमंत्री किसी राज्य के चुनाव में नहीं गए।

कारण बहुत स्पष्ट मणिपुर था जो करीब 7 महीने से गृह युद्ध की आग में जल रहा है। 200 के करीब लोग मारे जा चुके हैं। जिनमें सेना और सुरक्षा बल के लोग भी शामिल हैं। विपक्ष के नेता राहुल वहां हो आए हैं। मगर प्रधानमंत्री वहां गए ही नहीं। नाराजगी और गुस्सा सिर्फ वहां के लोगों में ही नहीं है मणिपुर के आसपास के इलाकों में भी है।

उसी मणिपुर से मिजोरम की सीमा लगी हुई है। भारी हिंसा के बाद लोग मणिपुर से पलायन करके मिजोरम पहुंचे थे। अभी भी हजारों लोग वहां शरणार्थी की तरह रह रहे हैं। प्रधानमंत्री के मणिपुर न जाने और हिंसा रोकने के कोई गंभीर प्रयास नहीं करने, राज्य सरकार जो पूरी तरह फेल हो गई है उसे बर्खास्त करके राष्ट्रपति शासन तक न लगाने से पड़ोसी मिजोरम में इतना आक्रोश है कि वहां के मुख्यमंत्री जोरमथांगा जो वहां भाजपा के साथ मिलकर सरकार चला रहे हैं, को यहां तक कहना पड़ा कि अगर प्रधानमंत्री मोदी आए तो वे उनके साथ मंच शेयर नहीं करेंगे। आज तक किसी प्रधानमंत्री के लिए यह नहीं कहा गया है।

मगर गोदी मीडिया यह नहीं चलाएगा। वह पूरी ताकत से हाई लाइट करेगा कि मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं जो फाइटर प्लेन में उड़े। कुछ टीवी चैनलों ने तो यहां तक चलाया कि मोदी ने फाइटर प्लेन उड़ाया!

जनता को बिल्कुल ही बेवकूफ समझ रखा है। बिना सीखे तो कोई साइकल नहीं चला सकता। मगर मोदी जी ने फाइटर प्लेन उड़ाया! और दूसरी बात इनसे पहले कोई प्रधानमंत्री इसमें नहीं उड़ा! मतलब कोई और अगर उड़ना चाहता तो एयर फोर्स मना कर देती!

हद है! प्रधानमंत्री जैसे सर्वोच्च पद पर बैठे किसी व्यक्ति की क्या यह ख्वाहिश हो सकती है कि वह फाइटर प्लेन में घूमे? प्रधानमंत्री के लिए करने को बहुत काम होते हैं। केवल नेहरू पर दोष मढ़ने और जहाजों में घूमने का ही काम नहीं होता है। बल्कि यह भी देखने का होता है कि हमारे 41 मजदूर दो हफ्ते से ज्यादा समय से सुरंग में किस तरह फंसे हुए हैं।

जिस समय प्रधानमंत्री तेजस, जिसे बनाया भी कांग्रेस के समय ही गया था, में बैठने से पहले फोटो खिंचवा रहे थे उस समय उत्तराखंड से सबसे खराब खबर आ रही थी कि मजदूरों को निकालने वाली मशीन टूट गई है। जिस विदेशी मशीन से उम्मीद बंधी थी वह अब काम नहीं कर सकेगी।



शकील अख्तर

**अगर इन विधानसभा चुनावों में भाजपा जीत गई तो राज्यों से भाजपा का नेतृत्व पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। जैसे पहले महाराष्ट्र में फड़नवीस और हरियाणा में खट्टर को लाकर बिठा दिया वैसे ही वे राज्यों में किसी को मुख्यमंत्री बना देंगे। पार्टी में अभी भी है मगर फिर पूरी तरह मोदी मोदी ही हो जाएगा। जो कभी मध्य प्रदेश में शिवराज या राजस्थान में वसुंधरा नाम सुनने को मिलता था वह खत्म हो जाएगा।**

मगर इन सबसे बेपरवाह प्रधानमंत्री अलग- अलग मुद्राओं में तेजस के साथ फोटो बनवा रहे थे और टीवी में इस तरह बता रहा था कि जैसे सिर्फ तेजस ही नहीं उसे बनाने वाली हिन्दुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड (एचएएल) भी 2014 के बाद ही बनी है। कांग्रेस के समय में बनाए गए एचएएल का कोई जिक्र नहीं।

लगता है जैसे प्रधानमंत्री इन सब चीजों से बहुत ऊपर उठ गए हैं। मणिपुर की हिंसा पर कोई बयान नहीं। दिल्ली और एनसीआर में इतना जबर्दस्त वायु प्रदूषण फैल रहा है उस पर एक मीटिंग नहीं। यह दिल्ली और एनसीआर से आगे जाकर कई राज्यों में अपना असर दिखा रहा है क्या बिना केन्द्र सरकार के हस्तक्षेप के इस समस्या का कोई समाधान संभव है? मगर प्रधानमंत्री मौन! वैसे ही जैसे चीन की घुसपैठ पर हैं। वह तो अच्छा है मामला केन्द्र सरकार पर नहीं आ रहा। मीडिया पूरा दोष दिल्ली सरकार पर रख रहा है कि उसी की गलती है नहीं तो प्रधानमंत्री जी को चीन के मामले की तरह यहां भी यह कहना पड़ता कि कोई प्रदूषण नहीं है। न कोई जहरीली हवा आई है, न है।

और सबसे गजब तो जनता की तंद्रा है। वह साढ़े 9 साल से ऐसे सोई हुई है कि उसे किसी चीज से कोई फर्क ही नहीं पड़ रहा। नौकरी नहीं है, महंगाई दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। प्रधानमंत्री राजस्थान में जाकर कह रहे हैं कि 450 का सिलेंडर देंगे। अरे भाई जब वहां दे सकते हो तो पूरे देश में एक हजार से ऊपर का क्यों? सब जगह साढ़े चार सौ का दीजिए ना! मगर कोई पूछने वाला नहीं। प्रधानमंत्री के जो मन में आता है बोलते हैं और जो नहीं बोलना होता, जनता के मतलब की बात होती है वह नहीं बोलते। मंगलयान से मंगल ग्रह पर अपना फोटो पहुंचा देते हैं। और देश में ही मणिपुर, मिजोरम नहीं जाते।

यह पांच राज्यों के चुनाव इस बात का भी फैसला करेंगे कि क्या मोदी का यह मेरी मर्जी का एटिट्यूट जारी रहेगा या उन्हें जवाबदेह बनना होगा। जवाबदेह जनता के प्रति, मगर साथ में अपनी पार्टी के प्रति भी। अभी मोदी जी किसी के प्रति उत्तरदायी नहीं हैं। संसद के प्रति भी नहीं। वहां सदन में बैठते ही नहीं हैं। विपक्ष का तो रोज, नए-नए नाम झूठों का सरदार, घमंडिया और भी बहुत सारे रखकर, मजाक उड़ाते रहते हैं उसे जवाब देने का तो सवाल ही नहीं। जनता को हिन्दू-मुसलमान के नशे में ऐसा बेसुध कर रखा है कि वह अपने बच्चों का भविष्य तक भूल गई है और अपनी पार्टी भाजपा के नेताओं को तो उन्होंने इन विधानसभा चुनावों में बता ही दिया कि वे राज्यों के चुनाव भी बिना राज्यों के नेताओं को साथ लिए लड़ सकने का दम दिखा सकते हैं। अब परिणाम जो भी हो उन्होंने राजस्थान में वसुंधरा राजे को किनारे धकेल कर और मध्य प्रदेश में तो मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का नाम तक न लेकर यह चुनाव लड़ लिया।

अब अगर इन विधानसभा चुनावों में भाजपा जीत गई तो राज्यों से भाजपा का नेतृत्व पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। जैसे पहले महाराष्ट्र में फड़नवीस और हरियाणा में खट्टर को लाकर बिठा दिया वैसे ही वे राज्यों में किसी को मुख्यमंत्री बना देंगे। पार्टी में अभी भी है मगर फिर पूरी तरह मोदी मोदी ही हो जाएगा। जो कभी मध्य प्रदेश में शिवराज या राजस्थान में वसुंधरा नाम सुनने को मिलता था वह खत्म हो जाएगा। लेकिन अगर मोदी जी हार गए तो फिर 2024 उनके लिए बहुत मुश्किल हो जाएगा। अभी यह पांच राज्यों में कांग्रेस लड़ रही है। और अगर जीत गई तो वह इंडिया हो जाएगी। मतलब फिर 2024 के लिए वह विपक्षी एकता को वापस मजबूत करने में लग जाएगी।

2024 में मोदी से कोई विपक्षी पार्टी अकेले नहीं लड़ सकती। चाहे इन विधानसभाओं में मोदी जो हर राज्य में खुद ही लड़ रहे हैं हार भी जाएं। वह हार कर भी इतने मजबूत रहेंगे कि अकेले कांग्रेस या यूपी में सपा या बंगाल में तृणमूल या दिल्ली में केजरीवाल कोई सोचे कि वह हरा देगा तो आसान नहीं है। लेकिन अगर सब मिलकर इंडिया बन कर लड़े तो फिर मोदी जी के लिए 2024 आसान नहीं होगा।

**( लेखक वरिष्ठ पत्रकार है )**

# तेलंगाना में कांग्रेस आगे बढ़ी है, लेकिन बीआरएस के मुकाबले और मेहनत जरूरी

■ **सुशील कुट्टी**

बीआरएस को हराने के लिए लोग तैयार' जैसी सुर्खियां पूरी सच्चाई सामने नहीं लातीं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव के खिलाफ मीडिया में एक कहानी चल रही है। यदि मीडिया की भविष्यवाणियों पर भरोसा किया जाये तो लगता है कि बीआरएस बुरी स्थिति में है। तेलंगाना के अंदर और बाहर से हर कोई भविष्यवाणी कर रहा है कि केसीआर जल्द ही पूर्व मुख्यमंत्री हो जायेंगे क्योंकि बीआरएस की सेहत ठीक नहीं है।

उदाहरण के लिए, तमिलनाडु भाजपा प्रमुख के अन्नामलाई को तमिलनाडु में भाजपा को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, लेकिन, काफी अस्वाभाविक रूप से, वह तेलंगाना के लिए कह रहे हैं कि 'आइए बीआरएस को हरायें' क्योंकि केसीआर और उनकी पार्टी बीआरएस चुनाव लड़ने और जीतने के लिए 'ड्रग संस्कृति' और 'शराब संस्कृति' पर भरोसा कर रही है, जो न केवल एक मूर्खतापूर्ण दावा है बल्कि गलत साबित होने के लिए भी अभिशप्त है।

केसीआर की तेलंगाना सरकार की तुलना एमके स्टालिन की तमिलनाडु सरकार से करना एक और अन्नामलाई का अपमान था। पुलिस से नेता बने नेता ने कहा कि केसीआर और स्टालिन एक तरह के दो लोग हैं, जो अपने राज्यों को चलाने के लिए उत्पाद शुल्क आय पर निर्भर हैं। अन्नामलाई ने दावा किया कि तेलंगाना और तमिलनाडु में 80प्रतिशत से अधिक वयस्क पुरुष शराबी हैं।

**यह भाजपा के हितों की भी पूर्ति करता है जब लोगों को बताया जाता है कि बीआरएस और कांग्रेस दोनों भाजपा को हराने की साजिश में हैं, भले ही जमीनी हकीकत बिल्कुल विपरीत हो। केसीआर की यह टिप्पणी कि 2024 के आम चुनाव के बाद गठबंधन सरकार होगी, भाजपा को रास नहीं आई है। जी किशन रेड्डी का कहना है कि तब तक तो भाजपा तेलंगाना में सत्ता में होगी।**

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन अन्नामलाई के ऐसे बयानों के आदी हैं, लेकिन केसीआर के लिए यह अप्रत्याशित घटना थी। हां, चुनाव पुराने दुश्मनों को मजबूत करने के साथ-साथ नये दुश्मन भी बना देते हैं। केसीआर के पास इतने पुराने दुश्मन हैं कि उन्हें नये दुश्मन जोड़ने की चिंता नहीं है। केसीआर के पुराने दुश्मनों में कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी हैं।

कांग्रेस नेता और वायनाड से सांसद राहुल गांधी जन्मजात केसीआर-दुश्मन हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कभी भी केसीआर-मित्र नहीं रहे हैं। केसीआर का दुबला-पतला शरीर इन दो सज्जनों के फ्रेम में फिट नहीं बैठता है। केसीआर की राहुल-विरुद्धता के बारे में सभी जानते हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निर्देशित केसीआर की टिप्पणियों ने शीर्ष सुर्खियाँ बटोरी हैं।

ध्यान दें कि तेलंगाना और तमिलनाडु दोनों में वंशवाद है और अन्नामलाई तेलंगाना सरकार के कामकाज पर सवाल उठाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वंशवाद-तख्ते को लागू कर रहे हैं। भाजपा के लिए तेलंगाना में परिवारवाद चुनावी मुद्दा है। तेलंगाना को लक्ष्य करने वाले जनमत सर्वेक्षण लगातार भाजपा को खराब रेटिंग दे रहे हैं, लेकिन भाजपा की बात सुन रहे हैं और पार्टी इस कहावत पर जी रही है कि हर कुत्ते का दिन फिरता है।

'लोग बीआरएस सरकार को हराने के लिए तैयार हैं' अन्नामलाई बोल रहे थे। हर भाजपा नेता की तरह, अन्नामलाई भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करने के आदी हैं। और तेलंगाना में भाजपा के लिए भ्रष्टाचार एक और चुनावी मुद्दा है। लेकिन लोगों ने यह पूछना बंद कर दिया है कि केसीआर की बेटी के कविता को आप नेताओं के लिए ईडी-इलाज क्यों नहीं मिल रहा है? इसलिए जब अन्नामलाई कहते हैं, 'यदि आप भाजपा को आशीर्वाद दें, तो हम भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच करेंगे', तो इस पर हंसना मुश्किल है।

फिर, अन्नामलाई के तेलंगाना समकक्ष, जी किशन रेड्डी हैं। बीआरएस के खिलाफ 'मूक क्रांति' का उनका दावा मीडिया की कहानी पर फिट बैठता है। लेकिन जब वह 'भाजपा सत्ता में आयेगी' कहकर भ्रमित हो जाते हैं, तो उनका मूड खराब हो जाता है। मीडिया सर्वेक्षण और जनमत सर्वेक्षणों में भाजपा को केवल एक अंक का आंकड़ा दिया गया है, जो कि कांग्रेस और बीआरएस दोनों से काफी पीछे है। असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम को पांच से छह सीटें मिलेंगी और भाजपा को भी इतनी ही सीटें मिलेंगी- उनमें से एक है 'टाइगर' राजा सिंह की गोशामहल सीट।

दरअसल, सारी सकारात्मक भावनाएं कांग्रेस के लिए हैं। मीडिया सर्वेक्षणों और जनमत सर्वेक्षणों ने कांग्रेस की कमर कस ली है। जहां एक ओर भाजपा यह बताने में तत्पर है कि लोग बीआरएस प्रचार वाहनों को अपने गांवों में प्रवेश करने से रोक रहे हैं, लेकिन कांग्रेस के प्रचार वाहनों पर ऐसी कोई रोक नहीं है। भाजपा की आपत्ति यह है कि कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने अपने नागरिकों पर 'तेलंगाना चुनाव टैक्स' लगाया है। फिर चुनाव वाले सभी राज्यों की तरह, भाजपा का चुनावी वादा है-'डबल इंजन की सरकार'।

यह भाजपा के हितों की भी पूर्ति करता है जब लोगों को बताया जाता है कि बीआरएस और कांग्रेस दोनों भाजपा को हराने की साजिश में हैं, भले ही जमीनी हकीकत बिल्कुल विपरीत हो। केसीआर की यह टिप्पणी कि 2024 के आम चुनाव के बाद गठबंधन सरकार होगी, भाजपा को रास नहीं आई है। जी किशन रेड्डी का कहना है कि तब तक तो भाजपा तेलंगाना में सत्ता में होगी।

हालांकि, वास्तविकता यह है कि कांग्रेस लहर पर सवार है और सुनामी जैसी आशावाद में डूब रही है। बेशक, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान की तरह, कांग्रेस 24 घंटे मुफ्त बिजली से लेकर किसानों के कर्ज माफ करने और महिलाओं के लिए मासिक वित्तीय भुगतान तक की गारंटी के बारे में बात करना बंद नहीं कर सकती। बीआरएस का कहना है कि कांग्रेस का घोषणापत्र 'बेकार और झूठ से भराञ्ज है। लब्बोलुआब यह है कि सभी तीन पार्टियां शीर्ष पर होने का दावा कर रही हैं, परन्तु मतदाताओं ने अपना मन बना लिया है कि उन्हें क्या करना है, जिसका खुलासा 3 दिसम्बर को परिणाम आने पर होगा।

## प्रकाश पर्व

# समाज सुधारक गुरु नानक देव

गुरुनानक जी का जन्म 1469 को महिता के गृहग्राम तलवंडी ननकाना साहिब (अब पाकिस्तान) में हुआ। पिता का नाम कालूचंद एवं माता का नाम तृप्ता था। उनके प्रकाश दिवस पर उनके जीवन पर दृष्टि डाली जाए। उस समय पूर्व देश में चारों तरफ धर्म की उपेक्षा हो रही थी। धर्म के मुखियाओं ने धर्म को खिलौना बना दिया था। राजा सिंह की भांति जनता को नोच नोंच कर परेशान कर रहे थे। गीता में कहा गया है- जब जब होता नाश धरम का और पाप बढ़ जाता है तब लेते अवतार प्रभु यह विश्व शांति पाता है।

मानवगण पुकार पुकार कर प्रभु परमात्मा से प्रार्थना कर रहे थे तब प्रभु परमात्मा ने पुकार सुनकर गुरु नानक को शांति स्थापित करने हेतु धरा पर भेजा-

सुणी पुकार दातार प्रभु गुरु नानक जग माहे पठाइआ।<br>
सतगुरु नानक प्रगटिया मिही धुंध जग चाणन होआ।।

आपको पढ़ने भेजा तब आपने उस बांधे को ही सारे अक्षरों का अर्थ कर बता दिया। जब आप गाय, भैंस चराने गए तो एक पेड़ के नीचे बैठ कर विश्राम करने लगे तब सिर पर धूप पड़ने लगी तब एक सर्प ने आकर आपके मुख पर छाया कर दी। जब उन्हें उनके पिता ने 20 रुपए दे कर सौदा लाने के लिए भेजा तो आप ने रास्ते में बैठे भूखे साधू को महात्मा को भोजन का सामान दिला दिया सोचा कि इससे अच्छा सौदा और कुछ हो ही नहीं सकता।

तब आपके पिता ने आपको अपनी बहन नानकी के गांव सुलतानपुर लोधी के यहां भेज दिया। वहां उनका बहनोई इन्हें किसी काम पर लगवा देंगे तब जीजा जयराम ने आप को नवाब दौलत खां लोधी के मोदी खाने में काम पर लगा दिया वहां आप जब रसद वगैरह तौलकर देते तब सब तेरह तेरह करके उनको कई दफा ज्यादा रसद दे देते। इनकी शिकायत नवाब से की गई तब उनका हिसाब किया गया तो गुरु नानक देवजी को ही और रकम नवाब से मिली तब आप ने नवाब की नौकरी से इस्तीफा दे दिया। एक दिन आप सुलतानपुर में बेड़े नदी स्नान करने गए और ऐसी डुबकी लगाई कि तीन दिन तक निकले ही नहीं। वहीं से आप सचखंज गए प्रभु परमात्मा से मिलकर फिर वहीं नदी से बाहर आए। 'बाबा पैंधा सचखंण नवनिधि नाम गरीबी पाई' नदी से बाहर आने पर आपने ध्यान लगाया तो देखा हाहाकार मची हुई है। बाबा देखे ध्यान धर जलती सब पृथवी दिसआई। बस फिर आपने भाई बाला और मरदाना के साथ लोगों को प्रभु सिमरन कराने के लिए लम्बी यात्राएं कीं जिनको आप चार उदासियां कहा जाता है। आपके प्रचार करने का अंदाज ही निराला था। आपने जगह-जगह प्रचार किया और लोगों को प्रभु सिमरन भक्ति से जोड़ा और आमनाबाद में जब आप भाई लालो के घर में रुके तब मलक भागो ने भोज कराया और सारे गांव को प्रसाद गहण कराया और गुरुदेव को भी न्यौता दिया। तब आप नहीं गए। गुरुदेव को जबदस्ती बुलाया गया और तब गुरुदेव ने उनकी पूड़ी-कचौड़ी को एक हाथ में और दूसरे हाथ में भाई लालो की कोदरे की रोटी को पकड़ा और दोनों को निचोड़ा तो कोदरे की रोटी से दूध और पूड़ी-कचौड़ी से खून की धार निकली। तब उन्होंने मलक भागो से कहा-आपने गरीबों का खून चूस चूस कर यह भोजन बनाया है इसलिए यह खाने योग्य नहीं है। ईमानदारी से मेहनत करके रोटी बनाई है इसलिए इसमें से दूध की धार निकली। एक बार जब आप जगन्नाथपुरी में आरती की तो -गगन में थाल रविचंद दीपक तार का मंडला जनक मोती। धूप मलयानले पवन चवरो करे सगल बनराय फुलंत जोती।।

**इंदरसिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### उत्तरकाशी में टनल में फंसे 41 मजदूरों के रेस्क्यू ऑपरेशन में परेशानी बरकरार

बड़े-बड़े पुल, भवन और इमारतों के निर्माण में मजदूरों का योगदान सराहनीय रहता है। जीवन को दांव पर लगाने में भी पीछे नहीं हटते है। उत्तरकाशी का दर्दनाक हादसा आंखों से ओझल भी नहीं हो रहा है। टनल में फंसे 41 मजदूरों के लिए देश-विदेश से दुहाई की जा रही है लेकिन 15 दिन बाद भी टनल के रेस्क्यू में अड़चन खड़ी हो रही है। मजदूरों के फंसे रहने से उनके परिवारजनों की दिलोदिमाग की हालत खराब होती जा रही है। उत्तराखण्ड की सरकार हर संभव उपाय कर रही है। अमेरिका को ऑर्गर मशीन टूटने के बाद विदेशी विशेषज्ञों के सभी उपाय नाकाम साबित होते दिख रहे है। वर्टीकल ड्रिलिंग शुरू की गई है जिससे पहाड़ से खुदाई कर लोगों को सही सलामत बाहर निकालने में सफलता मिल सके। 41 मजदूरों को बाहर निकालने के लिए सरकार ने पानी की तरह पैसा बहाया है लेकिन राजस्थान विधानसभा चुनाव में उत्तरकाशी के मजदूरों पर कांग्रेस सियासत करना नहीं भूली। कांग्रेस के दिग्गज नेताओं ने राहुल के विवादित बयान का जवाब देने की जगह टनल में फंसे मजदूरों पर सियासत गर्म की गई। टनल में फंसे सभी मजदूरों को बाहर निकालने में बहुत सारी कम्पनियों ने कमर कस ली है। सरकार ने लैंडलाइन टनल में डालकर मजदूरों के परिवार से टेलीफोन से बात कराने की व्यवस्था की गई है। पहाड़ काटकर टनल की चोटी से खुदाई शुरू की है। समय लग सकता है लेकिन सरकार के उपाय कारगर साबित होने की पूरी संभावना है। मैन्युअल ड्रिलिंग के लिए सेना को बुलाया गया है। अचानक हुए हादसे में 41 मजदूरों के फंसने के बाद उनके परिवारजनों के हालात खराब हैं लेकिन सरकार की पूरी कोशिश रही है कि सभी मजदूरों को किसी भी हालत में सही सलामत उनके परिवार को सौंपना है। अनेक दिक्कतों के बाद नई समस्या आ खड़ी हुई है। खुदाई में मलबा गिरने की संभावना है। बहरहाल, सभी उपाय किए जा रहे हैं।

### अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में भारतवंशीय निक्की हेली का वर्चस्व

अमेरिकी नागरिकों का भारत के प्रति बढ़ता स्नेह और तेजगति से हिन्दू धर्म की तरफ आकर्षित होते अमेरिकियों का कोई सानी नहीं है। वैसे तो कट्टरपंथी देशों में राधेश्याम, हरे कृष्णा और सीताराम के जयकारे लगने लगते रहे हैं। सऊदी अरब में मन्दिर का निर्माण एक कौतूहल पैदा कर रहा है। भारत और भारतवासियों की विदेशों में भी बोलबाला है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक भारतवंशी है और अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस कैलिफोर्निया की पहली महिला उपराष्ट्रपति हैं। भारतवंशी अनेक पदों को सुशोभित कर भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। ऋषि सुनक 2022 में कंजर्वेटिव पार्टी के नेता यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्री बने। इसी क्रम में निक्की हेली का जनाधार अमेरिका में बढ़ता जा रहा है। वे राष्ट्रपति चुनाव में अमेरिका में युवा चेहरा है। जो डोनाल्ड ट्रंप के बाद दूसरी जनाधार पार्टी के रूप में आगे बढ़ रही है। निक्की हेली की लोकप्रियता बरकरार है। अमेरिकावासियों के दिल मे भारतवंशियों का नाम सबसे आगे है। अमेरिका में भारत के लोगों का विश्वास भरपूर है। निक्की हेली की दानदाताओं ने भरपूर मदद की है। इस बार हेली की जीत पर कोई ग्रहण नहीं लगता है तो 2024 में अमेरिका में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में बाजी मार सकती हैं। अमेरिका और ब्रिटेन दुनिया में महासत्ता के नाम से जाने जाते हैं। इन पर भारतवंशिय का बोलबाला है तो इससे बढ़कर भारत का गौरव और क्या हो सकता है। निक्की की बढ़ती लोकप्रियता में अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में अहम भूमिका हो सकती है। विदेश नीति में सुधार, गर्भपात के अधिकार पर हेली का रुख कहीं न कहीं सफलता की ओर अग्रसर हो रहा है। जटिल मुद्दे उठाकर निक्की ने लीडरों को अपने पाले में कर लिए हैं जिससे उम्मीद बढ़ गई है। हेली को मिलने वाले करोड़ों के फंड से यह तय है कि हेली चुनाव में परचम लहरा सकती हैं। यह भारत के लिए सुखद समाचार है। दुनियाभर में भारत का नाम रोशन करने वाले भारतवंशियों की साख में उतरोत्तर बढ़ोतरी हो रही है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

## सार-संक्षेप

### कलेक्ट्रेट में अधिकारी-कर्मचारियों ने पढ़ी संविधान की प्रस्तावना



कोरबा, 26 नवंबर (देशबन्धु)। भारतीय संविधान को अंगीकृत करने के दिन 26 नवम्बर को हर साल संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने भारतीय संविधान को अंगीकृत किया था। कलेक्टोरेट परिसर में भी आज संविधान दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर अवध सिंह राणा सहित अधिकारी-कर्मचारियों ने संविधान निर्माता बाबासाहब डॉ.भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस मौके कलेक्टर कार्यालय के उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने संविधान की उद्देशिका का पाठन किया। सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने संविधान की मूल भावना के अनुरूप जनहित में काम करने का संकल्प भी लिया। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर राणा ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में संविधान निर्माताओं ने सभी वर्गों की भावनाओं और जन अपेक्षाओं को भारतीय संविधान में समाहित किया है। उन्होंने नागरिकों से संविधान की मूल भावना को जीवन में आत्मसात करने की अपील की। इस अवसर पर जिला जनसंपर्क अधिकारी कमल ज्योति, अधीक्षक कलेक्ट्रेट केएस कंवर, अशोक कुमार कैवर्त्य, मंजू शर्मा, रामजी कंवर, तेजराम चंद्रा, सनत राठौर, रमन छेदाम, कृष्णा यादव, बसंत कुमार भी उपस्थित थे।

### सतनामी समाज और अजाक्स ने मनाया संविधान दिवस

**कोरबा,** 26 नवंबर (देशबन्धु)। कोरबा सतनामी कल्याण समिति और अजाक्स के द्वारा रविवार की सुबह 11 बजे संविधान दिवस पर सतनाम प्रांगण टीपी नगर में संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। समाज के लोगों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के तैल्यचित्र पर दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का आरंभ किया।

ट्रांसपोर्ट नगर स्थित सतनाम प्रांगण में कोरबा सतनामी कल्याण समिति के द्वारा डॉ.भीमराव अंबेडकर द्वारा लिखी गई भारतीय संविधान की प्रस्तावना का वाचन समाज के लोगों के द्वारा किया। भारत के संविधान की प्रस्तावना में हम भारत के लोग और सभी समाज एक धर्मनिरपेक्ष देश में निवास करते हैं, जहां कानून और देश को चलाने के लिए नियमावली बनाई गई जिसे हम भारत का संविधान कहते हैं। डॉ.भीमराव अंबेडकर ने अनेक देशों के संविधान का वाचन करने के बाद भारत के संविधान को उन्होंने लिखा, जिसमें सभी लोगों के सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक व स्वतंत्रता को प्राप्त करने के लिए एकता और अखण्डता को बढ़ाने के लिए संविधान को 26 नवंबर को ही देश को समर्पित किया था। केआर डहरिया ने कहा कि भारत का संविधान सबसे बड़ा और लिखित संविधान है। सभी लोगों को ध्यान में रखकर संविधान की रचना की गई है। कोरबा सतनामी कल्याण समिति के पदाधिकारियों ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर अपने-अपने व्यक्तव्य व्यक्त किए। इस दौरान समाज के अध्यक्ष यूआर महिलांगे, आरपी खाण्डे, आरडी भारद्वाज, अजाक्स जिलाध्यक्ष केडी पात्रे, नारायण लाल कुर्रे, केआर डहरिया, राजमहंत संत दिवाकर, डॉ. जेके लहरे, खेल अधिकारी एफआर टंडन, नरेन्द्र कुमार रात्रे, विजय दिवाकर, लक्ष्य चतुर्वेदी, रिंकू आदिले, अनिकेत पाटले, ओमप्रकाश बघेल, धर्मेन्द्र कोसले, विनोद डहरिया, सत्येन्द्र डहरिया उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंच संचालन सचिव जीएल बंजारे और आभार प्रदर्शन केडी पात्रे ने किया।

### सिंधी पंचायत ने निकाली प्रभात फेरी

**कोरबा**, 26 नवंबर (देशबन्धु)। श्री गुरुनानक देव जी के 554वें प्रकाश पर्व के अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत कोरबा द्वारा आज प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी सुबह स्वामीभाई बाजाराम दरबार से आरती,अरदास के साथ श्री निशान साहब एवं पंज प्यारो की अगुवाई में आरंभ होकर ईतवारी बाजार, पंजाबी गुरूद्वारा,अनंत इमेजिंग पुराना बस स्टैंड, मेन रोड, पटेल पारा, मिशन रोड, रामसागर पारा, संत कंवरराम उद्यान मेन रोड से होकर वापस स्वामी भाई बाजाराम दरबार रानी रोड में अरदास एवं प्रसाद वितरण के उपरांत विश्राम हुई। प्रभात फेरी का समाज के सदस्यों एवं समितियों ने जगह-जगह स्वागत कर प्रसाद वितरण किया एवं सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की कामना हेतु श्री भाई साहब से अरदास कराई। अंत में अध्यक्ष कंवर राम मनवानी ने सभी से सोमवार को आयोजित श्री भोग साहेब, आम लंगर व जन्मोत्सव में सपरिवार शामिल होकर गुरु का आशीर्वाद प्राप्त करने का आग्रह किया।

### पकरिया में भागवत कथा 18 से

कोरबा, 26 नवंबर (देशबन्धु)। गोस्वामी परिवार पकरिया सरईडीह के द्वारा श्रीमती गंगा बाई एवं श्रीमती सुनीता गोस्वामी की याद में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 18 दिसंबर से 25 दिसंबर तक किया जा रहा है। घासीगिरी ने भक्तजनों से भागवत कथा का रसपान करने भक्तजनों से अपील की है। कार्यक्रम के आयोजक घासीगिरी गोस्वामी ने बताया कि 18 दिसंबर को कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया जाएगा। प्रत्येक दिवस कथा वाचिका किरण शास्त्री (निधि) के द्वारा भागवत कथा का श्रवण कराया जाएगा। द्वितीय दिवस 19 दिसंबर को प्रथम स्कंद परीक्षित जन्म, कपिलोपाख्यान शिव विवाह, वामन अवतार श्री कृष्ण जन्म, बाल कृष्ण लीला गोवर्धन पूजा, कंस वध, महारास लीला रुकमणी विवाह और सुदामा चरित्र के साथ अंतिम दिवस 25 दिसंबर को पूर्णाहूति, ब्राम्हण भोज के साथ कथा का समापन किया जाएगा। इस कथा का आयोजन स्व. श्रीमती गंगा बाई गोस्वामी और स्व. श्रीमती सुनीता गोस्वामी की वार्षिक श्राद्ध के मौके पर किया जा रहा है।

### धोखाधड़ी करने वाला बैंक कैशियर जेल दाखिल

कोरबा-चैतमा, 26 नवंबर (देशबन्धु)। चैतमा पुलिस ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के कैशियर को धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार किया है। कैशियर ने प्रार्थी के 35 हजार रुपए को गबन कर दिया था।

पुलिस अधीक्षक महोदय कोरबा जितेन्द्र शुक्ला के द्वारा अवैध गतिविधियों पर प्रभावी कार्यवाही करने एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश पर लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम में प्रार्थीया श्रीमति सुशीला बाई पति गणेश राम कवर 36 वर्ष निवासी भोडकच्छार पटपरा पुलिस सहायता केन्द्र चैतमा के द्वारा 1 जुलाई 2023 को चैतमा चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई की 30 नवंबर 2022 को प्रार्थिया अपने यूनियन बैंक शाखा चैतमा के बचत खाता क्रमांक 421002120011014 में 35000 रूपये बैंक जमा पर्ची भरकर कैशियर आरोपी पंचू राम कुर्रे के समक्ष पेश किया। कैशियार पंचु राम कुर्रे द्वारा प्रार्थियां को 35000 रूपये जमा करने का पावती देकर भेज दिया था। प्राथी 3 महीने बाद अपने खाता से पैसा निकालने हेतु बैंक पहुंचा तब उसे ठगी होने का अहसास हुआ क्योंकि कैशियर ने उसके खाते में पैसा जमा ही नहीं किया था। प्रार्थियां केशियर पंचू राम कुर्रे से संपर्क करने पर गोलमाल जवाब देकर गुमराह करने के रिपोर्ट पर हालत को पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला को अवगत कराने पर तत्काल कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया।

# ढेंगुरनाला मार्ग पर हादसा, लोगों ने किया चक्काजाम






**ऑटो सवार महिलाएं घायल, गुस्साएं लोगों ने कार में की तोड़-फोड़**

**कोरबा,** 26 नवंबर (देशबन्धु)। सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत रामपुर में पदस्थ एक आरक्षक अपने निजी वाहन कीया कैरेंस में बालको से कोरबा की ओर आ रहा था। इसी दौरान चेकपोस्ट के पास एक ऑटो से कार की भिड़ंत हो गई। हादसे में ऑटो में सवार महिलाओं को चोटें आई है जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना अंतर्गत ढेंगुरनाला पुल के पास रामपुर में पदस्थ एक आरक्षक अपने निजी वाहन कीया कैरेंस क्रमांक सीजी-12बीजे-5207 में सवार होकर बालको से कोरबा की ओर आ रहा था। इसी दौरान चेकपोस्ट के पास ऑटो क्रमांक सीजी-12एएक्स-1292 से कार की भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में ऑटो में सवार महिलाओं को चोटें आई है जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गौरा-गौरी पूजा के कारण मार्ग में भीड़-भाड़ थी। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने मार्ग में चक्काजाम कर दिया और कार में तोड़-फोड़ करते हुए सभी कांच को तोडक़र क्षतिग्रस्त कर दिया। बताया जा रहा है कि आरक्षक शराब के नशे में वाहन चला रहा था और इस दौरान यह हादसा हो गया। सिविल लाइन थाना प्रभारी ने मौके पर पहुंचकर आक्रोशित लोगों को समझाइश दी और चक्काजाम को समाप्त कराने का प्रयास किया।

## हाथियों का उत्पात जारी, मकान व फसल तहस-नहस



**कोरबा-कटघोरा,** 26 नवंबर (देशबन्धु)। वन मंडल कटघोरा के केंदई रेंज में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। मकानों को ढहाने के साथ ही हाथी किसानों की फसलों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। जंगल में घूम रहे 59 हाथियों के दल ने अनेक किसानों की फसलों को बुरी तरह रौंद दिया है।

कटघोरा वन मंडल के केंदई रेंज में हाथी उत्पात की समस्या बनी हुई है। यहां के जंगल में घूम रहे लगभग 59 हाथियों के दल ने पुनः उत्पात मचाते हुए झिनपुरी तथा खुरूपारा में अनेक ग्रामीणों की फसल को बुरी तरह रौंद दिया जबकि बीजाडांड क्षेत्र में अकेले घूम रहे दंतैल ने आधी रात को पोड़ीखुर्द बस्ती में घुसकर एक ग्रामीण के घर को ढहा दिया। दंतैल द्वारा घर ढहाए जाने से ग्रामीण के परिवार में अफरा-तफरी मच गई गहरी नींद में सो रहे ग्रामीण परिवार ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचायी। यहां उत्पात मचाने के बाद दंतैल ने जंगल का रूख किया। पीड़ित ग्रामीण द्वारा इसकी सूचना वन विभाग को दी गइ। सूचना पर वन अमला मौके पर पहुंचा और नुकसानी का आंकलन करने के साथ रिपोर्ट तैयार की जिसे वरिष्ठ अधिकारियों को मुआवजा प्रकरण बनाने के लिए सौंपा जाएगा।

### तेंदुए ने बछड़े का किया शिकार

कटघोरा वनमंडल के केंदई रेंज में हाथियों के साथ-साथ तेंदुए ने भी आतंक मचाना शुरू कर दिया है। जंगल से अचानक आ धमके तेंदुए ने रेंज के हड़मोर गांव में एक ग्रामीण के घर बंधे बछड़े का शिकार कर लिया। बताया जाता है कि यहां निवासरत जयपाल सिंह पिता मनराज अपने आंगन में बछड़े को बांध रखा था। शनिवार रात क्षेत्र में मौजूद तेंदुआ अचानक उसके आंगन में प्रवेश कर वहां बंधे बछड़े का शिकार करते हुए उसे घसीटते हुए जंगल ले गया और वहां उसका भक्षण कर लिया। मवेशी मालिक द्वारा सूचना दिए जाने पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी आज सुबह मौके पर पहुंचे और कागजी कार्यवाही के साथ ही जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है।

## वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से मरीज की स्थिति जान करेंगे सत्यापन

**कोरबा,** 26 नवंबर (देशबन्धु)। कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में संचालित कोल इंडिया के इंपैनल निजी अस्पताल में भर्ती मरीज के रेफरल की स्थिति में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए एसईसीएल के विभागीय डॉक्टर मरीज की स्थिति जान उसका सत्यापन भी कर सकेंगे। इस सुविधा से मरीज के रेफरल की स्थिति में सत्यापन में देरी नहीं होगी।

अभी तक रेफरल की स्थिति में एसईसीएल के विभागीय डॉक्टर के इंपैनल हॉस्पिटल में आने का इंतजार करना पड़ता था। इसके बाद ही सत्यापन हो पाता था। लेकिन अब इसमें देरी नहीं होगी। इससे मरीज के परिजनों को भी सुविधा मिलेगी। एसईसीएल सहित कोल इंडिया की सहायक कोयला कंपनियों के कर्मचारियों व उसके परिवार के आश्रित सदस्यों को मुफ्त इलाज की सुविधा दी जाती है। बेहतर इलाज के लिए कोल इंडिया ने छत्तीसगढ़ समेत राज्य के बाहर प्रदेशों के कई बड़े निजी अस्पतालों को भी इंपैनल हॉस्पिटल की सूची में शामिल किया है जहां पर मरीज की स्थिति के आधार पर बेहतर इलाज के लिए रेफर किया जाता है। दिक्कत यह होती थी कि अगर इंपैनल हॉस्पिटल में भर्ती मरीज को दूसरे अस्पताल में रेफर किया जाना है तो एसईसीएल के डॉक्टर को सत्यापन के लिए इंपैनल हॉस्पिटल जाना पड़ता था। सत्यापन में भी देरी होती थी। एसईसीएल बिलासपुर चिकित्सा विभाग के मेडिकल सेवा प्रमुख ने इंपैनल हॉस्पिटलों के डायरेक्टर को पत्र लिखकर आपातकालीन परिस्थिति में भर्ती मरीजों की जांच व सत्यापन के लिए वीडियो कान्फ्रेसिंग से करने कहा गया है। प्रबंधन ने बताया कि इसके लिए एसईसीएल जरूरी व्यवस्था कर रही है। देश भर के 371 अस्पतालों को कोल इंडिया ने इंपैनल हॉस्पिटल की सूची में शामिल किया है जिसमें अनेक सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल भी हैं। जहां पर मरीज की स्थिति के आधार पर रेफर का निर्णय लिया जाता है। एसईसीएल के विभागीय डॉक्टरों की ओर से की जाने वाली सत्यापन वीसी के जरिए हो पायेगा। कंपनी की ओर से कर्मी व जुड़े सदस्यों को राहत देने जरूरी व्यवस्था कर रही है।

### हसदेव महाआरती आज, शाम 3 बजे से सर्वमंगला मार्ग रहेगा प्रतिबंधित

कोरबा, 26 नवंबर (देशबन्धु)। यातायात पुलिस विभाग के द्वारा हसदेव महाआरती को लेकर लोगों को परेशानी न हो इसके लिए रूट चार्ट जारी किया है। 27 नवंबर को दोपहर 3 बजे से सर्वमंगला मार्ग को पूर्णतः प्रतिबंधित करने आदेश जारी कर दिया है। हसदेव महाआरती के दौरान आम जनता को आवागमन में परेशानी न हो इसके मद्देनजर यातायात पुलिस ने रूट चार्ट जारी किया है। सर्वमंगला मंदिर मार्ग में बिलासपुर-तरदा की ओर से आने वाले वाहन उरगा से सीतामणी होकर आयेगें। कोरबा रेलवे क्रासिंग की ओर से आने वाले वाहन सुनालिया चौक स्थित निगम मल्टीस्टोरी पार्किंग में पार्क करेगें। कुसमुण्डा की ओर से आने वाले वाहन बरमपुर हाईस्कूल मैदान में पार्किंग करेगें।

### कर्म भारती विद्यालय में बाल मेले का आयोजन

**कोरबा,** 26 नवंबर (देशबन्धु)। सर्वमंगला नगर वार्ड क्रमांक 54 में संचालित कर्म भारती विद्यालय में बाल मेला का आयोजन किया गया। मेले में नन्हे-मुन्हे बच्चों ने विभिन्न तरह के लजीज व्यंजनों का स्टॉल लगाया। स्टॉल में ग्राहक बनकर पहुंचे शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं अभिभावकों ने लजीज व्यंजनों का जमकर लुत्फ उठाया।

बच्चों ने स्टॉल को पानीपुरी, टिकिया चाट, समोसा, भजिया, बड़ा, मंचुरियन, मोमोज, इडली, फ्राइड राइस, अप्पे ढोकला, भेलपुरी जैसे विभिन्न तरह के पकवानों से सजाया था। इस बीच बच्चों ने अपने व्यंजनों की बिक्री कर पैसे भी कमाए। स्कूल के प्राचार्य कमलेश पटेल ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह बाल मेला का आयोजन विद्यालय में किया गया है। इसमें सभी कक्षाओं के बच्चों ने बढ़चढक़र हिस्सा लिया है। बच्चों ने ही विभिन्न तरह के स्टॉल लगाए हैं। बाल मेला के प्रति बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। विद्यालय में पढने वाले बच्चों के माता-पिता भी इस बाल मेला में शामिल हुए।

### संविधान दिवस पर समिति ने बांटा खिचड़ी

**कोरबा,** 26 नवंबर (देशबन्धु)। नागरिक जन सेवा समिति के द्वारा घंटाघर चौक ओपन थिएटर द्वार पर संविधान निर्माण दिवस में डॉ. बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर सुबह माल्यार्पण किया गया व संविधान दिवस पर चर्चा-परिचर्चा समेत संविधान की प्रस्तावना पढक़र संविधान के नियमों के पालन करने की शपथ ली। 26/11 मुंबई हमले जिसमें 18 सुरक्षाकर्मियों सहित 168 निर्दोष लोगों की मौत हो गई थी। 15वीं बरसी में शहीदों को श्रद्धांजलि स्वरूप स्मरण करते हुए सियान सदन समेत घंटाघर चौक पर आम नागरिकों को खिचड़ी बांटने का कार्य नागरिक जन सेवा समिति की तरफ से किया गया। इस दौरान नागरिक जन सेवा समिति के अध्यक्ष मो. न्याज नूर आरबी, राजकुमार दुबे, अजय शर्मा, संजीत सिन्हा, श्रीमती लता बौद्ध, दिलीप अग्रवाल, उमेश बोधानी, मंसूर शेख, राजीव शर्मा समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### भूमिगत खदान का ऊपरी हिस्सा धंसा, दहशत में ग्रामीण

**कोरबा-चोटिया,** 26 नवंबर (देशबन्धु)। कोरबा जिले के दूरस्थ वनांचल एवं पोड़ी-उपरोड़ा ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत पुटी पखना, (विजय वेस्ट) में चिरमिरी क्षेत्र द्वारा संचालित एसईसीएल भूमिगत खदान का ऊपरी हिस्सा फिर से धंस गया। शनिवार की रात्रि में लगभग 5 से 7 फीट जमीन धंस गई। हालांकि इससे अभी तक किसी प्रकार की अप्रिय घटना की जानकारी नहीं मिली है। इससे पूर्व में भी रानी अटारी भूमिगत खदान के ऊपरी हिस्से एवं विजय वेस्ट के खदान क्षेत्र के ऊपरी तल पर दरार आने की घटना घट चुकी है। ग्राम विजय वेस्ट के इंद्रपाल सिंह मरावी ने हमारे संवाददाता को बताया कि इस घटना से पेड़-पौधे एवं जीव-जंतु के प्रभावित होने की आशंका है। उक्त घटना घटित होने वाला क्षेत्र खदान के पीछे पंडो आदिवासियों की बस्ती केंदाई व घाघरा मोहल्ले के आदिवासी रहवासी दहशत में हैं।



## बालको चिमनी हादसे की पहली गवाही 2 दिसम्बर को



**कोरबा,** 26 नवंबर (देशबन्धु)। 23 सितंबर 2009 को बालको के निर्माणाधीन 1200 मेगावाट पावर प्लांट की निर्माणाधीन चिमनी ताश के पत्तों की तरह ढह गई थी। दुखद हादसे में 40 मजदूरों की मौत हो गई वहीं दर्जनों घायल हुए।

बालको में 14 साल पहले हुए चिमनी दुर्घटना में कोरबा एडीजे कोर्ट द्वारा सेपको कंपनी के तीन चीनी अधिकारियों द्वारा आरोप तय करने के विरुद्ध हाईकोर्ट में प्रस्तुत क्रिमिनल रिवीजन को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने 15 सितंबर को निरस्त कर दिया था। आयोग ने अपनी रिपोर्ट में माना था इस कि इस चूक के लिए बालको, सेपको, जीडीसीएल उत्तरदायी है। इसके अलावा नगर पालिक निगम, नगर एवं ग्राम निवेश विभाग व श्रम विभाग के तत्कालीन संबंधित अधिकारियों की लापरवाही व उदासीनता को लेकर भी उल्लेख किया गया था।

सूत्रों के अनुसार इस प्रकरण में 2 दिसंबर को प्रथम साक्ष्य कथन पीडब्ल्यूडी के तत्कालीन इंजीनियर एस.आर.चंद्रा का होगा। फास्ट ट्रैक कोर्ट में इस प्रकरण की सुनवाई होगी, जिसमें शासन की ओर से रामकुमार मौर्य पक्ष रखेंगे। सेपको के जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध जिला न्यायालय में प्रकरण चलाने का आदेश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने दिया था। धारा 304 और 201 के तहत न्यायालय ने आरोप निर्धारित किए हैं, जिसमें आरोपियों पर जानबूझकर जान जोखिम वाले काम करने और साक्ष्य छिपाने के आरोप तय किए गए हैं।

### जर्जर सडक़ की मरम्मत का कार्य प्रारंभ

**कोरबा,** 26 नवंबर (हाईवे चैनल)। कुसमुंडा कॉलोनी की सडक़ों की हालत अत्यंत जर्जर होने के कारण मंगलवार को एसईसीएल के अधिकारियों ने ठेकेदार को सडक़ मरम्मत का कार्य सौपा है। सडक़ों पर डामरीकरण का काम तेजी से कराया जा रहा है। जल्द ही सडक़ों के डामरीकरण का कार्य पूरा हो जाएगा।

कॉलोनी की सडक़ों की समस्या को लेकर बीएमएस के जेसीसी सदस्य अमिया मिश्रा एसईसीएल के अधिकारियों व क्षेत्रीय पार्षद से इसकी शिकायत लगातार कर रहे थे।

# अनुशासन, नेतृत्व और अटूट देशभक्ति का युवा संगठन है एनसीसी

### कमला नेहरू कॉलेज में मनाया गया एनसीसी स्थापना दिवस

कोरबा, 26 नवंबर (देशबन्धु)। कमला नेहरू कॉलेज में शनिवार को एनसीसी स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर ने कहा कि राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) 15 जुलाई वर्ष 1948 में स्थापित दुनिया का सबसे बड़ा वर्दीधारी युवा संगठन है। एनसीसी इस वर्ष अपनी 75वीं वर्षगांठ मना रहा है। अनुशासन, नेतृत्व और अटूट देशभक्ति जैसे मूल सिद्धांतों के साथ युवाओं को प्रशिक्षित करने में यह संगठन देश में एक प्रतीक स्वरूप प्रदर्शित हो रहा है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्था के प्राचार्य डा. बोपापुरकर ने कहा कि देश की स्वतंत्रता के एक वर्ष पश्चात 15 जुलाई 1948 को इसका गठन भारतीय रक्षण एक्ट 1917 के अंतर्गत किया गया था। इसका मुख्य कारण छात्रों को सेना में करियर के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित करना है। एनसीसी का आदर्श वाक्य एकता और अनुशासन है, जिसे जीवन में धारण कर हमारे युवा एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बन सकते हैं। एनसीसी का लक्ष्य युवाओं में अनुशासन, चरित्र, भाईचारा जैसे गुणों को बढ़ाना है। एनसीसी का अधिकारिक गीत का शीर्षक हम सब भारतीय हैं, यह गीत सुदर्शन फकीर ने लिखा था। एनसीसी ध्वज को वर्ष 1954 में पेश किया गया, जिसमें तीन रंग हैं। लाल, गहरा नील और हल्का नीला है, जो सेना, नौसेना और वायू सेना का प्रतिनिधित्व करते हैं। इस दौरान प्राचार्य डा प्रशांत बोपापुरकर व एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट अनिता यादव ने एनसीसी कैडेट्स को रैंक पहनाकर सम्मानित किया गया। कैडेट्स ने नृत्य और गीतों की आकर्षक प्रस्तुति दी।



### युवाओं के बीच एकता व अनुशासन का प्रतीक- अनिता

कॉलेज की एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट अनिता यादव ने इस अवसर पर राष्ट्र निर्माण में एनसीसी के उल्लेखनीय योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एनसीसी आज एक असाधारण मंजिल पर पहुंच गई है। इन 75 वर्षों में, यह प्रतिष्ठित संगठन अपने लोकाचार पर दृढ़ रहा और युवाओं के बीच एकता और अनुशासन का प्रतीक बनकर उभरा है। उन्होंने एनसीसी कैडेट्स को उपलब्धियों के लिए शुभकामना दी और उन्हें उनके भविष्य के प्रयासों में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

# सार-संक्षेप

## अनुराग का असमय चले जाना शहर को रूला गया



**सूरजपुर** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। पेशे से सरकारी स्कूल के शिक्षक मगर समाजसेवक के रूप में अलग पहचान स्थापित कर चुके अनुरागवेंद्र सिंह बघेल का अचानक चले जाना पूरे शहर को रूला गया। हृदयाघात से उनका निधन हो गया।शहर के साथ-साथ पूरा शिक्षा विभाग शोक में डूबा हुआ है।

जिला मुख्यालय स्थित नवापारा स्कूल में संकुल प्रभारी 46 वर्षीय अनुरागवेंद्र सिंह बघेल की चुनाव ड्यूटी प्रतापपुर विधानसभा में लगी थी,वहां से मतपेटी लेकर सूरजपुर लौटने के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई। किसी तरह सहयोगियों के साथ वे मतपेटी जमा कर घर लौटे। कुछ आराम महसूस करने के बाद अगले दिन स्कूल के कार्य से ऑफिस पहुंचे। वहां फिर असहज महसूस होने पर उन्हें चिकित्सालय लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद अंबिकापुर और फिर बिलासपुर के अपोलो हॉस्पिटल में रिफर कर दिया गया। इलाज के दौरान ही उन्होंने शुक्रवार को अपोलो हॉस्पिटल में हीअंतिम सांस ली। श्री बघेल अपने कार्य व्यवहार से न केवल शिक्षा विभाग में बल्कि प्रशासनिक अन्य विभागों में भी अलग पहचान रखते थे। सरल सहज स्वभाव के साथ सामाजिक कार्यों में सदैव तत्परता के साथ खड़े रहने वाले अनुराग सिंह बघेल का इस तरह जाना हर किसी को रुला गया। उनके चाहने वाले अंतिम विदाई देने उनके सूरजपुर निवास से लेकर गृह ग्राम मध्य प्रदेश के सिंगोड़ी तक पहुंचे थे।परिवारजनों को लोग ढाढ़स बंधाते रहे। अनुराग अपने पीछे पत्नी व दो छोटे बच्चों सहित भरा-पूरा परिवार रोता-बिलखता छोड़ गए।

## ब्रिलियंट सामान्य ज्ञान स्पर्धा आज

**रायगढ़** 26 नवंबर (देशबन्धु)। जिले में शैक्षणिक जगत में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाले संस्कार पब्लिक स्कूल द्वारा ब्रिलियंटसामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रहा है। संस्था के मार्गदर्शक रामचंद शर्मा ने बताया कि इस वर्ष भी संस्कार पब्लिक स्कूल के द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता करवाई जा रही है। जिसमें 50 हजार के करीब का इनाम संस्थान द्वारा रखा गया है। कार्यक्रम के संयोजक रामचंद्र शर्मा, श्रीमती रश्मि शर्मा व सोपी देवांगन ने बताया कि इस बार प्रतियोगिता 17 दिसंबर को प्रातरू 10 से 12 बजे दोपहर में आयोजित होगी। जिसके लिए परीक्षा राशि 20 रुपए रखी है। इसका आयोजन संस्कार पब्लिक स्कूल के कैंपस में ही किया जाएगा।

मार्गदर्शक रामचंद्र शर्मा ने बताया कि दोनों ही वर्गों में जिला स्तर पर प्रथम पुरस्कार 5 हजार रूपए, द्वितीय पुरस्कार 3 हजार रूपए, तृतीय पुरस्कार 2 हजार रूपए दिए जाने के साथ-साथ भाग लेने वाले सभी स्कूल के प्रथम, द्वितीय, तृतीय को विशेष पुरस्कार तथा जिला स्तर पर चैथे से दसवें स्थान प्राप्त करने वाले को सांत्वना पुरस्कार दिया जायेगा। रसीद प्रत्येक स्कूल में भेजी गई है उसके बावजूद यदि कोई चाहे तो सिंधु बुक डीपो, दरोगापारा दिशा ऑनलाईन, जिला क्रिकेट संघ के कोष्टापारा रोड स्थित कार्यालय, लॉ कालेज के उपर एजुकेशन प्वाइंट से प्राप्त कर सकते हैं। रसीद में अपना मोबाईल नंबर अवश्य लिखे।

## 100 मीटर की परिधि में ध्वनि प्रदूषण प्रतिबंध

**कोरिया** 26 नवंबर (देशबन्धु)। कोरिया कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री विनय कुमार लंगेह ने कोलाहल अधिनियम के तहत एक आदेश जारी किया है, जिसके तहत समस्त शासकीय, अशासकीय अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान, जिला एवं सत्र न्यायालय तथा अन्य न्यायालय व समस्त शासकीय कार्यालय के 100 मीटर की परिधि में आने वाले उक्त सभी संस्थाओं के पास किसी भी तरह की ध्वनि प्रदूषण नहीं किया जाएगा। आदेश के अनुसार सक्षम प्राधिकारी को कड़ाई से पालन कराते हुए ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम, 2000 के अंतर्गत कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। बता दें शैक्षणिक गतिविधियां, वृद्धजनों, नि:शक्तजनों, बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य तथा लोक शांति को ध्यान में रखते हुए कोलाहल अधिनियम-1985 की धारा 18 तथा ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम, 2000 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला कोरिया की सीमा के अंतर्गत उल्लेखित क्षेत्र के 100 मीटर की परिधि को कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र (स्द्धद्यद्गठ्ठष्द्ग ँशठ्ठद्ग) घोषित किया गया है। उक्त आदेश को तत्काल प्रभावशील से लागू किया गया है। जिस तरह से वाहनों, डीजे, स्पीकर व अन्य ध्वनि विस्तारक की तेजी हुई है, उससे मनुष्य के साथ जीव-जंतु में इन तरंगों से प्रभावित हो रहे हैं। ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए बहुत कड़ाई की जरूरत है। ऐसे में यह आदेश निश्चय ही कारगर साबित होगा।

## छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए सीबीएसई ने शिक्षकों को किया प्रशिक्षित

**सूरजपुर** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा छात्रों में विभिन्न कौशलों के विकास हेतु शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। ताकि शिक्षक आधुनिक संसाधनों का प्रयोग करते हुए अपने अध्यापन कार्य को प्रभावशाली बना सकें । इसी क्रम में सूरजपुर में भी साधु राम विद्या मंदिर सूरजपुर में भी एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की शुरुआत सीबीएसई रिसोर्स पर्सन टूना विश्वल, प्राचार्य प्रभाकर उपाध्याय एवं उप प्राचार्य डीडी तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलन की गई । सीबीएसई के रिसोर्स पर्सन टूना विश्वल द्वारा ब्लूम टैक्सनॉमी आधारित लेसन प्लान तैयार करने तथा उसमें विभिन्न तत्वों को सम्मिलित करने के लिए प्रशिक्षित किया गया । राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत स्कूलों में छात्रों में विभिन्न कौशल विकसित करने एवं उनके सर्वांगीण विकास के लिए एक्टिविटी बेस्ड लर्निंग महत्वपूर्ण है। परंपरागत शिक्षण पद्धति के स्थान पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम शिक्षण को रोचक और आसान बनाया जा रहा है।कार्यशाला में जिले के अलावा रायगढ़,अंबिकापुर, कोरबा जिलों के सीबीएसई स्कूल के शिक्षकों ने ट्रेनिंग प्राप्त किया। ट्रेनिंग के दौरान विद्यालय के प्राचार्य प्रभाकर उपाध्याय एवं उप प्राचार्य डीडी तिवारी भी मौजूद रहे।

## जंगली हाथियों के झुंड ने बांधा पाली में मचाया उत्पात

**रायगढ़** 26 नवंबर (देशबन्धु)। धरमजयगढ़ वनमण्डल के जंगलों में हाथियों का दल विचरण कर रहा है बीती रात इन गजराजों ने छाल क्षेत्र के बांधापाली में जमकर उत्पात मचाया और खेत मे उपजे धान की फसल को नुकसान पहुंचाया है।

मिली जानकारी के अनुसार झुंड में 57 हाथियों का दल है। गांव में हाथियों के आने से ग्रामीण काफी दहशत में हैं।ग्रामीण अपनी फसल की रखवाली कर रहे है रात को जंगल से निकल कर पके धान की फसल की ओर रुख करते हैं और फसल चट कर जाते है। फसल की बचाव के लिए किसान रात को टार्च और मशाल से हाथियों को खदेड़ रहे हैं।

वर्तमान में 57 हाथियों का झुंड भेल पुसलदा जंगल मे विचरण कर रहा है। इसकी जानकारी वनकर्मियों द्वारा ग्रामीणों को दी जा रही है ताकि जंगल रास्ते से कोई आवाजाही न करे।

# कलेक्टोरेट व शासकीय कार्यालयों में मनाया गया संविधान दिवस



**अम्बिकापुर** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। 26 नवंबर 2023 को संविधान दिवस के अवसर पर जिला कलेक्ट्रेट परिसर में भारतीय संविधान की प्रस्तावना (उद्देशिका) का पालन किया गया। कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में अपर कलेक्टर श्री एएल ध्रुव ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता और अखण्डता को सुरक्षित रखने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिले के विभिन्न शासकीय कार्यालयों में भी भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पालन कर शपथ ली गई। गौरतलब है कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 125वीं जयंती के अवसर पर भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। डॉ. अम्बेडकर भारतीय संविधान के प्रारूप निर्माण समिति के अध्यक्ष थे और भारतीय संविधान को 26 नवम्बर 1949 को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मर्पित किया गया है।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर ने संविधान में प्रदत्त अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहने का संदेश देते हुए कहा कि भारतीय संविधान में सामाजिक, आर्थिक न्याय, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म एवं समता आदि के अधिकार प्रदान किए गए हैं। हमें राष्ट्र की एकता एवं अखंडता सुनिश्चित करने के लिए कटिबद्ध रहना चाहिए।

संविधान दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर श्री जे.आर शतरंज, वरिष्ठ जिला कोषालय अधिकारी श्री अनिल सिन्हा, सहित जिला कलेक्टोरेट कार्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।


## विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

**कोरिया।** संविधान दिवस के अवसर पट जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री आनंद कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन में आज जिले के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री वीरेन्द्र सिंह ने भारतीय संविधान की विशेषता एवं महत्व के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए कहा कि संविधान के निर्माण की आवश्यकता तथा किस तरह भारतीय संविधान हमें हमारे अधिकार प्रदान करते हैं तथा हमारे उपर कर्तव्य भी अधिरोपित करता है। श्री वीरेन्द्र सिंह ने इस अवसर पर डॉ बाबा साहेब अंबेडकर, डॉ राजेन्द्र प्रसाद समेत उन सभी महापुरुषों को याद किए जिनके अथक प्रयास और अनुभव से हमें हमारा संविधान प्राप्त हुआ।

# ग्राउंड लेबल पर बन रहा कन्या प्राशा के निर्माण को लेकर विवाद गहराया

■ सामाजिक सरोकार की राशि के दुरूपयोग का लग रहा आरोप



रायगढ़ 26 नवंबर (देशबन्धु)। वर्षो पुराने जर्जर पुत्री शाला के नाम से जाने जाने वाली शाला भवन को तोड़कर नवनिर्माण किया जा रहा है जिसके लिए सेठ जयदयाल सिंघानिया के चार्टड़ एकाउंटेंट सुपुत्र ओमप्रकाश सिंघानिया द्वारा जयदयाल फाउंडेशन से शाला भवन के लिए दान स्वरूप लगभग 50 लाख की राशि शासन को दी गयी है। लेकिन नगर पंचायत लैलूंगा में पदस्थ इंजीनियर ने नवनिर्माणाधिन भवन का नक्शा डिजाइन पर विवाद खड़ा हो गया है। शाला भवन का ग्राउंड लेबल सड़क लेबल के बराबर बनाये जाने से जल भराव की संभावना से नकारा नही जा सकता।

**निजी अनुदान से मिली राशि से निर्मित हो रहा शाला भवन**

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के द्वारा प्राकलन के अनुसार वर्तमान में नगर में अनेक शाला भवन का निर्माण किया जा रहा है जिसमे शाला भवन का ग्राउंड लेबल 2-3 फीट ऊंचा रखा गया है। लेकिन नगर में निजी अनुदान से निर्मित होने वाली पुत्री शाला भवन का ग्राउंड लेबल सड़क के लेबल के बराबर करा दिया गया है।

विगत दिवस निरीक्षण में रायपुर से आये श्री सिंघानिया ने बताया कि सेठ जयदयाल फाउंडेशन के द्वारा स्कूल निर्माण के लिए नगर पंचायत लैलूंगा को लगभग 40 लाख की राशि दी जा चुकी है। कन्या स्कूल का निर्माण बेहद स्तरहीन कराया जा रहा है ग्राउंड लेबल को सड़क लेबल के बराबर रखने का कारण समझ से बाहर है। नगर पंचायत लैलूंगा के इंजीनियर से जब जानकारी ली गयी तो चूक होना स्वीकार किया गया है। कम से कम डेढ़ फीट ऊपर होना चाहिए था। मेरे द्वारा नगर में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा निर्माणाधीन स्कूलों का भी निरीक्षण किया गया तो वहां स्कूल का लेबल 2 फीट तक ऊंचा बनाया गया है जबकि नगरीय निकाय होते हुए भी नगर में बिना सोच समझ के कार्य कराया गया है। सामाजिक कल्याण के लिए बने ट्रस्ट की राशि से ऐसा निर्माण आहत करने वाला है जिसमे हवा चलने पर स्कूल में धूल भरेगी एवं बारिश होने पर जल भराव होगा। साथ ही जंतु जानवर भी सड़क लेबल होने से स्कूल में घुसेंगे।

### घोर लापरवाही, हो कार्रवाई स्थानीय पार्षद

**हमारे संवाददाता को स्थानीय पार्षद आदित्य बाजपेयी ने बताया कि शाला भवन के निर्माण में घोर लापरवाही की गयी है। सड़क लेबल के नीचे बनने से स्कूल में जल भराव होगा। दानदाता के द्वारा परोपकार के लिए दी गयी राशि का दुरुपयोग करने वाले जिम्मेदार अधिकारीयो पर कड़ी कार्यवाही करते हुए वसूली की कार्यवाही होनी चाहिए।**

# 100 मीटर की परिधि में ध्वनि प्रदूषण प्रतिबंध

■ बीमार, बुजुर्ग, दिव्यांग, बच्चों को नहीं होनी चाहिए परेशानी

**कोरिया** 26 नवंबर (देशबन्धु)। कोरिया कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री विनय कुमार लंगेह ने कोलाहल अधिनियम के तहत एक आदेश जारी किया है, जिसके तहत समस्त शासकीय, अशासकीय अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान, जिला एवं सत्र न्यायालय तथा अन्य न्यायालय व समस्त शासकीय कार्यालय के 100 मीटर की परिधि में आने वाले उक्त सभी संस्थाओं के पास किसी भी तरह की ध्वनि प्रदूषण नहीं किया जाएगा।



आदेश के अनुसार सक्षम प्राधिकारी को कड़ाई से पालन कराते हुए ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम, 2000 के अंतर्गत कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

बता दें शैक्षणिक गतिविधियां, वृद्धजनों, नि:शक्तजनों, बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य तथा लोक शांति को ध्यान में रखते हुए कोलाहल अधिनियम-1985 की धारा 18 तथा ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण) नियम, 2000 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला कोरिया की सीमा के अंतर्गत उल्लेखित क्षेत्र के 100 मीटर की परिधि को कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र (स्द्धद्यद्गठ्ठष्द्ग ँशठ्ठद्ग) घोषित किया गया है। उक्त आदेश को तत्काल प्रभावशील से लागू किया गया है। जिस तरह से वाहनों, डीजे, स्पीकर व अन्य ध्वनि विस्तारक की तेजी हुई है, उससे मनुष्य के साथ जीव-जंतु में इन तरंगों से प्रभावित हो रहे हैं। ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए बहुत कड़ाई की जरूरत है। ऐसे में यह आदेश निश्चय ही कारगर साबित होगा।

## विवाहिता से अनाचार, पीड़िता थाना चक्रधरनगर में दर्ज करायी दुष्कर्म की रिपोर्ट

रायगढ़ 26 नवंबर (देशबन्धु)। कल चक्रधरनगर क्षेत्र अंतर्गत स्थानीय कालोनी में किराये मकान लेकर अपने पति के साथ वाली महिला (19 साल) द्वारा कुशल प्रसाद वर्मा के विरूद्ध डरा धमकाकर दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। पीड़िता बताई कि बीते सितंबर माह में जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ से उसके पति के साथ रायगढ़ आयी थी। उसके पति के परिचित एवं रिस्तेदार कुशल प्रसाद वर्मा (38 साल) जिस कॉलोनी में रहते थे, वहीं कॉलोनी में किराया मकान रहने के लिए रूम दिलवाये जिसमें रह रहे थे। सितम्बर के अंतिम सप्ताह में एक दिन जब पति काम पर गये थे, घर में अकेली थी। उसी दिन दोपहर को कुशल प्रसाद वर्मा दरवाजा को खोलकर कमरे में आकर डरा धमकाकर शारीरिक संबंध बनाया। परिवार में बदनामी के डर से किसी को घटना नहीं बताई। कुशल प्रसाद वर्मा 4 दिन बाद फिर पति के अनुपस्थिति में घर घुसकर गलत काम किया। तब पति को घर बदलने के लिए कहने पर बोले कि कुछ दिनों बाद घर बदलेंगे पर बीते 18 नवंबर के दोपहर कुशल वर्मा घर आकर जबरजस्ती किया तो रहा नहीं गया और पति को सब बताई और थाने में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया।

# ट्रेडिंग कम्पनी से मिलीभगत कर प्लांट के कर्मचारियों ने ली कम ग्रेड वाली मैंगनीज

## लाखों का नुकसान धोखाधड़ी का मामला दर्ज




**रायगढ़** 26 नवंबर (देशबन्धु)। थाना पूंजीपथरा अंतर्गत ग्राम चिराईपानी स्थित सुनील इस्पात एण्ड पावर प्रा. लि. कंपनी में एच0आर0 मैनेजर के पद पर कार्यरत प्रफुल राय (45 साल) द्वारा कल थाना पूंजीपथरा में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर बताये कि कंपनी के कर्मचारी राकेश कुमार जांगडे और धनेश्वर प्रसाद रात्रे द्वारा ट्रेडिंग कंपनी के कर्मचारियों और ट्रांसपोटर्स से सांठ-गांठ कर आर्थिक लाभ कमाने के उद्देशय से खराब माल की टेस्टिंग को सही बताकर माल को खाली कराया जा रहा था। खराब माल होने की शंका पर माल के सैम्पल लैब से चेक कराने पर माल का ग्रेड कम पाया गया जिससे कंपनी को 26,27,111 रूपये का आर्थिक नुकसान हुआ है।

रिपोर्टकर्ता ने बताया कि कंपनी द्वारा लैब रिपोर्ट प्राप्त होने पर कल रिपोर्ट दर्ज कराया गया। उन्होंने लिखित आवेदन के जरिए बताया कि मैंगनीज ओर फेरो स्लेग जो न्यू इरा ट्रेडिंग कम्पनी नागपुर एवं आर.आर. इंटरप्राईजेज रायपुर से उच्च क्वालिटी का पर्चेस आर्डर के अनुसार मांग करते है जिस पर कंपनी द्वारा ट्रकों में लगभग 10-15 ग्रेड कम करके अर्थात (48-50 की जगह 35-40) भेजे जाने की आशंका हुई थी। इसी के तहत 09 अक्टूबर की रात ट्रक से मैगनीज ओर आया था, जिसे कंपनी के राकेश कुमार जांगडे और धनेश्वर प्रसाद रात्रे द्वारा गलत ट्रेस्टिंग कर माल के ग्रेड को सही बताकर, गाड़ी खाली कराया जा रहा था। ग्रेड चोरी का अंदेशा होने पर गाड़ी का माल चेक करवाया गया, जिसमें ग्रेड कम होना पाया गया। ग्रेड की चोरी से संस्थान को आर्थिक नुकसान हुआ है।

कंपनी के एच0आर0 मैनेजर के लिखित आवेदन से आरोपी राकेश कुमार एवं धनेश्वर प्रसाद रात्रे के विरूद्ध धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपियान दोनों रिस्ते में जीजा-साला हैं, दोनों फरार है जिनकी पतासाजी, गिफ्तारी के लिए पूंजीपथरा पुलिस द्वारा छापेमारी कार्रवाई की जा रही है।

# जर्जर सड़क के चलते खड़ी फसल पर पलटा कोयला लोड टेलर

## चालक ने कूदकर बचाई जान, किसान को हुई क्षति



**रायगढ़** 26 नवंबर (देशबन्धु)। खरसिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले राबर्टसन रेलवे साईडिंग से ऐडु की ओर जाने वाली सड़क की जर्जर स्थिति के कारण इस मार्ग पर लगातार सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। इसी क्रम में बीती रात डूमरपाली के पास एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर खेत में पलट गई जिसके कारण किसान को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार टेऊलर क्रमांक सीजी 13 एडब्ल्यू 1543 अडानी के गारे पेलमा खदान से कोयला लोड कर राबर्टसन कोल साईडिंग जा रही थी। बताया जा रहा है कि रात करीब 11 बजे ग्राम बडे डूमरपाली के पास सड़क की जर्जर स्थिति के कारण मोड पर वाहन का चालक अपने वाहन पर नियंत्रण नही रख सका ओर कोयला लोड टेऊलर लहराते हुए एक खेत में जा घुसी। खेत में घुसे टेऊलर के डाले से कोयला भरभराकर खेत में उगे धान में गिर गया और इस घटना के कारण एक तरफ जहां टेऊलर चालक की जान बाल-बाल बची तो वहीं इस घटना में खेत के मालिक किसान को भी धान के नुकसान के रूप में काफी क्षति का सामना करना पड़ा है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि राबर्टसन से ऐडु मार्ग पर सड़क की जर्जर स्थिति के कारण आये दिन यहां दुर्घटनाएं हो रही है। क्षेत्र के लोगों के द्वारा इस सड़क में सुधार अथवा या दोबारा सड़क का कायाकल्प करने की मांग उठाई जाती रही है। मगर अब तक सड़क निर्माण नही हो पाने के कारण स्थिति बद से बदतर होनें लगी है।

# दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में मनाई गुरु नानक देव की 554 वीं जयंती



**मनेंद्रगढ़** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, मनेंद्रगढ़ ने सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी की 55 4वीं जयंती को बड़े उत्साह और हर्ष पूर्वक मनाया।आर नानक पार नानक, सब थान एक ओंकार नानक के संदेश ने समूचे वातावरण को शांति की भावना से भर दिया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉ. बसंत तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि

गुरु नानक जी हमें न केवल अपना जीवन कैसे जीना है यह सिखाते हैं,बल्कि यह भी सिखाते हैं कि हमारे पास जो है उसे दूसरों के साथ कैसे साझा करना है।

चाहे वह लोगों की मदद करने के लिए अपनी प्रतिभा का उपयोग करना हो या जरूरतमंद लोगों के लिए आश्रय बनाने के लिए अपने हाथों का उपयोग करना हो या वंचितों को पैसा उधार देना हो या वित्तीय ज्ञान साझा करना हो,हमें किसी तरह से मदद करने का प्रयास करना चाहिए। सभा के समापन के बाद विद्यार्थियों द्वारा जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल के सुन्दर जयकारा का उद्घोष किया गया।

जो ईश्वर के शाश्वत सत्य और सच्चा जीवन जीने के महत्व की याद दिलाता है।वहीं गुरुनानक देव जी के सम्मान मे विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने सफ़ेद कुर्ता-पायजामा के साथ नारंगी (केसरी)और नेवी ब्लू पगड़ी पहनी हुई थी।नारंगी (केसरी) और नेवी ब्लू पगड़ी (नीला) पारंपरिक सिख खालसा रंग है जिसमें नारंगी (केसरी) बुद्धि का प्रतीक है।गहरा नीला रंग योद्धाओं का प्रतिनिधित्व करता है और सफेद शांति का प्रतीक है।सभा मे मूल मंत्र एक ओंकार का पाठ करने के साथ ही शबद, कविता पाठ, पारंपरिक नृत्य और गतका की भी प्रस्तुति दी गई।छात्रों के बीच गुरु नानक देव जी के उपदेशों पर चर्चा की गई ताकि वो उन्हें भाईचारे और सद्भाव के मार्ग पर ले जाएं।भक्ति मंत्रों के आध्यात्मिक माहौल में सभी शिक्षकों और छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. बसंत तिवारी ने गुरुनानक देव जी के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए अपना धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने संस्था में उपस्थित समस्त को गुरु नानक जयंती की बधाई देते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी आप सभी को अपने सभी लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करें, आपको शांति का आशीर्वाद दें और आपको शाश्वत आनंद और खुशी प्रदान करें।

# एसपी ने ली राजपत्रित अधिकारियों की क्राइम मिटिंग



**जांजगीर,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक जांजगीर द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं थाना चौकी प्रभारियों का पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभाकक्ष में क्राइम मीटिंग लिया गया जिसमे थाना/चौकी प्रभारियों को बिंदूवार निर्देश दिया गया।

मीटिंग में जिले के समस्त थाना चौकी प्रभारियों को लम्बित अपराधो का त्वरित निराकरण करने हेतु निर्देशित किया गया। लंबित मर्ग/ शिकायतो की जांच कर 15 दिवस के भीतर निकाल करने हेतु प्रभारियों को निर्देश दिया गया। कहा गया कि धारा 363 भादवि के प्रकरण में आपरेशन मुस्कान के तहत अभियान चलाकर बालक/बालिका की दस्त्याबी हेतु हरसंभव प्रयास करें अपहृता का कोई सुराग अथवा लोकेशन मिल रहा हो त्वरित कार्रवाई किया जाय। एसपी ने क्षेत्र में जुआ/सट्टा की सूचना मिलने पर त्वरित रेड कार्यवाही करने सख्त निर्देश दिया। लघु एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही अधिक से अधिक करने हेतु भी निर्देशित किया गया तथा रात्रि गस्त में लगातार गस्त कर संदेहियों से पूछताछ कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। एसपी विजय अग्रवाल ने कहा कि धान खरीदी का समय है, उठाई गिरी/लूट की घटनाएं होने की संभावना रहती है, लगातार बैंको के आस पास पेट्रोलिंग करते रहें साथ ही किसानों को जागरूक करने हेतु विशेष अभियान चलाकर उठाईगिरी/लूट की घटना से बचाव/सावधानी के संबंध में जानकारी देवे।

# शादी की बात को लेकर हुए विवाद से गुस्सा युवक ने की हत्या




**पुलिस ने आरोपी युवक 24 घंटे में किया गिरफ्तार**

**जांजगीर,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। कल बाराद्वार थाना क्षेत्र के ग्राम पररसदा कला में मिली युवती की संदिग्ध लाश के संबंध में बाराद्वार पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी युवक युवती से प्यार करता था और इसी सिलसिले में वह उसके घर गया हुआ था जहां शादी की बात को लेकर दोनों के बीच हुए विवाद से गुस्साये युवक ने युवती के घर में रखें धारदार परशुल से उसकी हत्या कर भागने में सफल रहा था, जिसे पुलिस ने कुछ घंटे के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया।

मामले में बाराद्वार पुलिस ने बताया कि मृतिका प्रियंका साहू निवासी परसदाकला एवं आरोपी हरिओम राठौर निवासी खूंटादहरा द्वारा धारदार हाथियार से हत्या कर दी गई। 25 नवम्बर के सुबह करीब 11 बजे से 12 बजे के बीच प्रियंका साहू पिता बुधराम साहू उम्र 20 वर्ष निवासी परसदाकला थाना बाराद्वार की अपने घर पर अकेली थी। परिजन सभी बाहर गये थे कि हरिओम राठौर प्रियंका साहू के घर आया था। आरोपी हरिओम राठौर द्वारा बताया गया कि उसके और प्रियंका साहू दोनो के मध्य विवाह की बात को लेकर लड़ाई झगड़ा हो गया था। जिससे आरोपी हरिओम राठौर आवेशित होकर मृतिका के घर रसोई में रखे सब्जी काटनें के परसुल से मृतिका प्रियंका साहू जब अपने कमरे में बिस्तर पर बैठी थी तभी पास जाकर उसके गले में परसुल से प्राणघातक वार कर दिया, जिससे प्रियंका साहू की मौके पर ही मृत्यु हो गई। आरोपी घटना कारित कर घटना में प्रयुक्त परसुल को मृतिका के घर के पीछे फेंक कर मौके से फरार हो गया। जिसे जाते हुये गांव की तेरसबाई व पास में खेल रहे लड़के लोग देखे थे कि 112 इवेंट की सूचना थाना बाराद्वार को प्राप्त होने तथा आरोपियो की त्वरित गिरफ्तारी के निर्देश मिलने पर मौके पर सदलबल घटना स्थल परसदाकला पहूंचकर देहाती नालसी में आरोपी के विरूद्ध धारा 302 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध कर घटना स्थल से आरोपी के पतासाजी हेतु टीम लेकर सूचना के आधार पर दीगर जिला भाग रहे आरोपी हरिओम राठौर को त्वरित गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया गया। आरोपी हरिओम राठौर से कड़ाई से पूछताछ करने पर मृतिका प्रियंका साहू से विवाह की बात पर लड़ाई झगड़ा होकर गुस्से में आकर घर में रखे परसुल से मृतिका के गले में वारकर हत्या करना एवं घटना में प्रयुक्त परसुल को छत के उपर से फेंकना अपने मेंमोरंण्डम कथन में स्वीकार करने पर आरोपी के विरूद्ध अपराध सबुत पाये जानें से गत 25 नवम्बर के 20.50 बजे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांण्ड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक गगन बाजपेयी थाना प्रभारी बाराद्वार, सउनि यशवंत राठौर, प्र.आर.सुरेन्द्र खांण्डेकर, आर. अलेकलियुस मिंज, फारूख खान, कुंजबिहारी चन्द्रा, दिलीप सिदार एवं म.आर. सरिता हरवंश का योगदान रहा।

## जुआ खेलने वाले 16 गिरफ्तार



**जांजगीर,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। अकलतरा थाना क्षेत्र में अलग-अलग जगहो से जुआ खेलने वाले 16 आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से नगदी 11,045 रू बरामद किया है। आरोपियों के विरूद्ध छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 (2) के तहत कार्यवाही की गई।

25 नवम्बर को अकलतरा पुलिस को सूचना मिली कि थाना अकलतरा क्षेत्र के ग्राम ग्राम खटोला, पड़रिया अकलतरा में अलग-अलग जगह पर तास पत्ती से काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे है, सूचना पर रेड कार्यवाही किया गया। पुलिस ने आरोपी रामभरोस बरेठ निवासी पड़रिया, हेमलाल सोनझरी निवासी पड़रिया,बिट्टू सक्सेना निवासी बुची हरदी थाना बडौदा ,शिवकुमार पाटले निवासी बची हल्दी थाना बलौदा,तेरस कुमार बरेठ निवासी पड़रिया,संजय बंजारे निवासी अकलतरा,आशीष कुमार राय निवासी अकलतरा,सुशील राय निवासी अकलतरा,अनिल कुमार पाटले निवासी अकलतरा,ईश्वर सोंडे निवासी अकलतरा,शिवा विश्वकर्मा निवासी खटोला ,अर्जुन विश्वकर्मा निवासी खटोला,वीरू विश्वकर्मा निवासी खटोला, चंद्रभूषण सिंह निवासी खटोला ,हेमंत कुमार मरावी निवासी खटोला,लकेश्वर कंवर निवासी खटोला को जुआ खेलते पाया। जिसके कब्जे से कुल जुमला नगदी 11045 रू एवं 52 पत्ती तास, बोरी फट्टी बरामद किया जाकर आरोपियों के विरूद्ध थाना अकलतरा में अगल-अलग तीन अपराध क्रमांक 603/2023 604/2023 एवं 605/23 धारा जुआ अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक टी.एस.पट्टावी, उप निरीक्षक लालन पटेल,सउनि बीपी खांडेकर,,प्र.आर. संतोष यादव आरक्षक शशीकांत कश्यप, गुलशन लकड़ा, राघवेन्द्र घृतलहरे, प्रदीप दुबे, शेषनारायण साहू, राजेन्द्र कहरा,राजेश कश्यप, संजू रत्नाकर थाना अकलतरा का योगदान रहा।

## कलेक्टोरेट में अधिकारी-कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना का किया पाठन



**जांजगीर,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। भारतीय संविधान को अंगीकृत करने के दिन 26 नवम्बर को हर साल संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने भारतीय संविधान को अंगीकृत किया था। संविधान दिवस के अवसर पर आज कलेक्टोरेट में भारतीय संविधान की प्रस्तावना (उद्देशिका) का पाठन किया गया। अपर कलेक्टर श्री एस पी वैद्य ने अधिकारी-कर्मचारियों को संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलायी। सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने संविधान की मूल भावना के अनुरूप जनहित में काम करने का संकल्प भी लिया।

# जेसीबी से खुदाई कर डाले जा रहे पाइप लाइन सड़को पर पटी मिट्टी में फंस रहे वाहन



**डभरा,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। ग्राम बासीन में जेसीबी मशीन से खुदाई कर पाइप लाइन डाला जा रहा है इस वजह से सड़क में जाम की स्थिति पैदा हो गई है। राहगीरो को ठेकेदार की मनमानी की सजा भुगतना पड़ रहा है जब ग्रामीणों ने ठेकेदार से सड़क मार्ग पर बिछे मिट्टी को साफ सफाई कर हटाने के लिए कहा तब भी कोई ध्यान नही दिया जा रहा है।

गौरतलब है कि मिरौनी बैराज से जिला मुख्यालय सक्ति के लिए जल आवर्धन योजना के तहत बैराज से पानी ले जाने के लिए संबंधित ठेकेदार द्वारा ग्राम बासीन में मुख्य सड़क मार्ग के किनारे जेसीबी मशीन से खुदाई किया जा रहा है। यहां ठेकेदार एवं इंजीनियर की मनमानी चरम सीमा पर है, पक्की सड़क किनारे जेसीबी मशीन से खुदाई कर पाइप लाइन डाला जा रहा है परंतु सड़को पर मिट्टी को छोड़ दिया गया है जिस कारण ट्रक, बस, चार पहिया वाहन चलने से आस पास घर वालों एवं राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। धुल से परेशान राहगीर ग्रामीणों की शिकायत कोई सुनने वाला कोई नहीं है, ठेकेदार द्वारा नियम विरुद्ध पाइप लाइन डाला जा रहा है। जब से ग्राम बासीन में जेसीबी मशीन से खुदाई कर पाइप लाइन डाला जा रहा है तब से सड़क जाम की स्थिति पैदा हो गयी है। राहगीरो को ठेकेदार की मनमानी की सजा भुगतना पड़ रहा है। जबकि सड़क पर ठेकेदार को पानी छिड़काव करना चाहिए मगर ऐसा नहीं किया जा रहा है, हर रोज सड़क मार्ग अवरूद्ध हो रहा है इसके बाद भी लोक निर्माण विभाग द्वारा भी सड़को की देखाभाल नही कर रहा है। हम आपको बता दें कि जल आवर्धन योजना ठेकेदार की मनमानी से सड़क किनारे खुदाई कर रहा है जिस कारण ग्राम बासीन के पारा टोला मोहल्लो के लिए जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पाइप लाइन जगह जगह क्षतिग्रस्त हो चुका है। इससे गांवो नल जल योजना से ग्रामीणों के घरों तक पानी नहीं पहुंचेगा क्योकि जगह जगह पाइप लाइन टूट गया है। जल जीवन मिशन द्वारा लगाए गए पाइप लाइन को ही खोद डाला गया है केंद्र सरकार की इस महत्व पूर्ण योजना को ग्रहण लग सकता है।

# नगर के मुख्य चौराहे पर रोज लगता है जाम

**जांजगीर,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय सक्ती के अग्रसेन चौक के पास का मुख्य चौराहा संकरा होने के कारण वाहनों के आवागमन में परेशानी हो रही है। भारी वाहनों ने जाम की समस्या बढ़ा दी है। सुबह हो या शाम इस चौराहे पर रोज जाम लगा रहता है। इसके लिए अतिक्रमणकारी भी कम जिम्मेदार नहीं हैं। दो पहिया, चार पहिया व बड़े वाहनों के ज्यादा आवागमन से आम लोगों को रोज घंटों जाम का सामना करना पड़ता है। वही स्कूली बच्चों को इस जगह से निकलने में काफी समय लग जाता है जिससे उनकों स्कूल पहुंचने में विलंब होता है। अग्रसेन चौक मुख्य चौराहा काफी संकरा होने से एक भी बड़े वाहन के गुजरने पर बड़े व छोटे वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। इसी मार्ग से होकर रेलवे स्टेशन जाना होता है। ऐसे में कई लोगों की गाड़ी समय पर नहीं मिलती साथ ही इस मार्ग पर बड़े वाहनों द्वारा सड़क पर वाहन को खड़ाकर लदे हुए सामान को उतारने व सड़क पर वाहनों को खड़ी कर देने से आए दिन जाम लगता है। लंबी दूरी तक लगे जाम को खाली करवाने में स्थानीय पुलिस को घंटों मशक्कत करनी पड़ती है। क्षेत्रवासियों ने जाम की समस्या से निजात पाने जिला प्रशासन को इस क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है।

### शोपीस बने चौराहा के ट्रैफिक सिग्नल

सक्ती शहर में ट्रैफिक सुधार के लिए लगातार प्रयास भले ही किए जा रहे हैं। कुछ साल पहले प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक कंट्रोल करने के लिए यातायात विभाग की ओर से लाखों रुपए खर्च करके ट्रैफिक सिग्नल तैयार कराया गया ताकि ट्रैफिक को नियंत्रित किया जा सके और शहरियों को जाम की समस्या से निजात मिल सके। शहरियों को यातायात नियम का पालन कराने लगातार कई महीनों तक प्रयास किया लेकिन पिछले कुछ समय से चौराहों पर बने ट्रैफिक सिग्नल सिर्फ शोपीस बने हुए हैं। जिला मुख्यालय की मुख्य चौराहा का ट्रैफिक सिग्नल बंद है। इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।

## यातायात पुलिस ने की 42 वाहनों पर कार्यवाही



**जांजगीर,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। मोटर अधिनियम के विभिन्न धाराओं के तहत 42 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए कुल 12,800 रु समन शुल्क लिया गया। यातायात नियमों का उलल्धन करने वालो के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिला पुलिस यातायात द्वारा जिले में सड़क दुर्घटना में कमी लाने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर पुलिस द्वारा लगातार मोटर अधिनियम के तहत कार्यवाही किया जा रहा है। इसी क्रम में आज विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही किया गया, जिसमें वाहनों में नम्बर प्लेट अस्पष्ट होना, नो पार्किंग में वाहन खड़ी करना, मोटर सायकल में तीन सवारी वाहन में रिफ्लेक्टर ग्लास नही होना, वाहन का हेड लाईट आधा काला नहीं होना, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाना, बिना हेलमेट वाहन चालाना, मौके पर वाहन का कागजात पेश नही करना, पार्किंग लाईट का नही होना अलग- अलग धाराओं के तहत कुल 42 वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत् कार्यवाही कर 12,800 रू का समन शुल्क लिया गया है। यातायात पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान भविष्य में यातायात नियमों का पालन करने अपने वाहन के आगे पीछे रिफ्लेक्टर लगाने एवं नो *पार्किंग में वाहन खड़ा नही करने एवं मो. सायकल में तीन सवारी नही चलाने एवं शराब पीकर वाहन नही चलाने हेतु समझाईस दी जा रही है।

# कलेक्ट्रेट कार्यालय सहित शासकीय दफ्तरों में मनाया गया संविधान दिवस




**सारंगढ** 26 नवंबर (देशबन्धु)। आज संविधान दिवस पर कलेक्ट्रेट ,स्वामी आत्मानंद विद्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इत्यादि में संविधान के पालन की शपथ लेकर संविधान दिवस मनाया गया इस दौरान भारत के संविधान की प्रशंसा करते हुए कहा गया कि भारत का संविधान दुनिया का सबसे बड़ा लिखित संविधान है, लेकिन इसे बनाना उतना ही मुश्किल काम था। यह ऐसा संविधान है, जिसमें देश के हर एक नागरिक के अधिकारों और उसकी आजादी का खयाल रखा गया है। यहां देशभर में आज संविधान दिवस मनाया जा रहा है। बता दें कि यह संविधान दिवस 26 नवंबर को मनाया जाता है। दरअसल, सन 1949 में 26 नवंबर के दिन ही भारत की संविधान सभा ने औपचारिक रूप से भारत के संविधान को अपनाया था। इसी दिन को हम हर साल संविधान दिवस के रूप में मनाते हैं। इसी तारतम्य में आज स्वामी आत्मानंद सारंगढ़ के छात्र ,छात्राओं ने नगर में रैली निकाल कर इस दिन हम संवैधानिक मूल्यों के प्रति नागरिकों में सम्मान की भावना को बढ़ावा देने के लिए यह दिवस मनाते है संदेश दिए। साल 2015 में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के 125वें जयंती वर्ष में संविधान दिवस की शुरुआत हुई। 26 नवंबर 2015 को समाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने संविधान दिवस के रूप में मनाने के केंद्र के फैसले को अधिसूचित किया था।

बहुत ही गर्व का दिन है। ये वह दिन है जब भारत में ऐसी किताब बनकर तैयार हुई जिसने हर भारतीय को समानता का अधिकार दिया, हर भारतीय को खुलकर जीने का अधिकार दिया, हर भारतीय को अपने फैसले खुद लेने का अधिकार दिया। इस संविधान को बनाने के लिए दिन-रात कड़ी मशक्कत करनी पड़ी, ताकि किसी भी व्यक्ति के अधिकार कहीं छूट ना जाएं। इसपर तमाम तरह से तर्क-वितर्क किए गए। लगभग तीन साल तक इसके हर पहलू पर विचार किया गया। भारत के संविधान को बनाना इतना आसान काम भी नहीं था। क्योंकि भारत विविधताओं का देश है। ऐसे में सभी धर्म, मत, जाति और अलग-अलग विचारों के लोगों को एक साथ लाना बहुत ही मुश्किल काम था जिसे डा भीमराव अंबेडकर ने अपनी टीम के साथ मूर्त रूप दिया था।

# सार-संक्षेप

## बरमकेला पुलिस ने 30 किलो गांजा सहित दो लोगों को किया गिरिफ्तार




**सारंगढ** 26 नवंबर (देशबन्धु)। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर जिले मे अवैध शराब गांजा जुआ सट्टा मे संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने निर्देशित किया जाता रहा है इसी तारतम्य में थाना प्रभारी बरमकेला स उ नि विजय गोपाल हमराह स्टॉफ दिनेश चौहान कन्हैया चौहान मिनकेतन पटेल विजय यादव बिहारी साहू के साथ पैकिन नाका बैरियर के पास वाहन चेकिंग के दौरान उड़ीसा तरफ से एक सफ़ेद रंग का जायलो कार बरमकेला की ओर आ रहा था जो पुलिस को देखकर वाहन को तेज रफ़्तार से चलाते हुए भागने लगा जिसे पीछा कर पकडे सफ़ेद जायलो वाहन मे दो व्यक्ति मिले नाम पता पूछने पर वाहन चालक अपना नाम राजकुमार दुबे पिता नरेश चंद्र दुबे उम्र 46 वर्ष 2मोतीलाल रमानी पिता भगवान रमानी उम्र 60 दोनों निवासी अख्तिअरपुर थाना उदवंतनगर जिला भोजपुर बिहार का रहने बतया वाहन की तलाशी लेने पर वाहन के निचे गुप्त चेम्बर बना हुआ था उसके बारे मे पूछने पर दोनों व्यक्ति द्वारा उड़ीसा बलागीर से 30 पैकेट 30 किलो गांजा जो बिहार का उपेंद्र पाण्डेय का होना बताये तथा उपेंद्र पाण्डेय द्वारा उड़ीसा से पायलेटिंग करते हुए बिहार जाने के लिए निकले थे जो रास्ते मे पुलिस वाले हम दोनों को पकडे तथा 30 पैकेट अवैध मादक प्रदार्थ गांजा कुल 30 किलो कीमती तीन लाख रूपया व एक सफ़ेद रंग का जायलो कार कीमती पाँच लाख रुपया को उक्त दोनों आरोपियों के कब्जे से जप्त कर दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 20 बीएन एनडीपीसी एक्ट के तहत दोनों को गिरिफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## रंगोली प्रतियोगिता में शामिल हुए पार्षद



**कोरबा-बालकोनगर,** 26 नवंबर (देशबन्धु)। बालको के आश्रित ग्राम बेलाकछार में ग्यारस के दिन रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नपानि के वार्ड 39 के पार्षद लुकेश्वर चौहान (लुक्की) रहे।

बालकोनगर बेलाकछार में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी तुलसी विवाह एवं एकादशी के अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें ग्रामीणों ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। वहीं छोटे-बड़े बच्चों के साथ बुजुर्गों ने भी अपनी कला को निखारा। बालको नगर में हर साल यह कार्यक्रम किया जाता है जिस पर लोगों द्वारा बढ़-चढक़र हिस्सा लिया जाता है। कार्यक्रम में लगभग 60 से 70 प्रतिभागियों ने अपनी कला को एवं अपना कला को प्रदर्शन किया। राकेश कुमार साहू, गोपाल दास, गोपाल महाराज, किस्मत यादव एवं समस्त युवा समिति का सहयोग रहा। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 1001 रुपए, दितीय पुरस्कार 701 रुपए, तृतीय पुरस्कार 501 रुपए दिया गया। प्रतियोगिता में सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया जिसमें प्रथम पुरस्कार उषा यादव, दितीय यशस्वी साहू एवं तृतीय पुरस्कार राहुल साहू को दिया गया।

## मोटर साइकल को आग लगाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। घर के बाहर खड़ी मोटर साइकल को आग लगाने वाले आरोपी को चांपा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरूद्ध धारा 435 भादवि के तहत कार्यवाही किया गया। मामले पर पुलिस ने बताया कि 30 सितंबर को प्रार्थी यूसुफ पेटीवाला साकिन मस्जिद रोड चांपा के द्वारा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि शाम को आरोपी राज कुमार उर्फ राजा साहिस सकिन सोनारीनघाट चांपा के द्वारा अज्ञात कारणों से प्रार्थी के घर के पास खड़ी मोटर साइकिल बजाज पल्सर क्रमांक सीजी -11-सीएफ- 1448 को आग लगा दिया। सूचना पर आरोपी के विरुद्ध चांपा थाना में अपराध पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दौरान आरोपी राजकुमार उर्फ राजा सहिस सकिन सोनारीघाट चांपा से घटना के संबंध में पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से गिरफ्तार कर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, प्रआर. अमृत सूर्या, थाना स्टाफ सराहनीय योगदान रहा।

## खरकेना प्राथमिल शाला में मनाया गया संविधान दिवस

डभरा 26 नवंबर (देशबन्धु)। ग्राम खरकेना के जनपद प्राथमिक विद्यालय में 125 वी संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत खरकेना के प्रमुख जनप्रतिनिधियों में रामायण दास महंत एवं मनीष महंत ,आकाश महंत उपस्थित थे सर्वप्रथम प्रधान पाठक इंद्र कुमार पटेल द्वारा विद्यालय में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर संविधान पाठ किया गया एवं छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाया गया वही विद्यालय के प्रधान पाठक इंद्र कुमार पटेल द्वारा संविधान दिवस की महत्व को समझाते हुए छात्र-छात्राओं को कहा कि आज बाबा डाक्टर भीमराव अंबेडकर के संविधान के कारण ही आज शिक्षा का अधिकार हर वर्ग को मिला है चाहे गरीब हो या अमीर सभी को समान शिक्षा का अधिकार मिला है देश में समान नागरिकता का अधिकार सहित लोगों को जीने का अधिकार भी संविधान से मिला है।

## सोलह पालह व चंडी पाठ का आयोजन

डभरा 26 नवंबर (देशबन्धु)। ब्लॉक डभरा क्षेत्र के ग्राम सपोस में 16 पालह एवं चंडी पाठ का आयोजन आगामी 1 दिसंबर से आयोजित किया जाएगा यह कार्यक्रम स्वर्गीय गणेश राम पटेल एवं स्वर्गीय जानकीबाई पटेल की पूर्ण स्मृति में किया जा रहा है प्रधान यजमान यज्ञ श्रीमती गीतांजलि पटेल राजकुमार पटेल श्रीमती तारा पटेल महेंद्र कुमार पटेल श्रीमती शांति पटेल भूपेंद्र पटेल द्वारा आयोजित किया जा रहा है कथा स्थल पटेल राइस मिल सपोस में होगा सभी श्रद्धालुओं से परिवार जनों में सर्वश्री श्रीमती तुलसी पटेल कृष्ण कुमार पटेल श्रीमती सुमन पटेल राजेश पटेल नीलिमा पटेल मुकेश कुमार पटेल श्रीमती सत्यभामा पटेल नेतराम पटेल गायत्री पटेल दिलेश्वर पटेल कुमारी नूपुर पटेल कुमारी रागनी पटेल कुमारी स्वीटी पटेल आशुतोष पटेल रेहस पटेल ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आग्रह किया है।

## श्रीलंका में छापेमारी, 40 से अधिक लोग गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका में पुलिस, स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) और सेना ने संयुक्त रूप से रविवार को कोलंबो के उपनगरीय इलाके में छापेमारी कर 40 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस मीडिया प्रवक्ता निहाल थल्दुवा ने कहा कि छापेमारी गिरोहबाजी की गतिविधियों के लिए कुख्यात सिंहपुरा, वेलम्पिटिया क्षेत्र में की गयी और गिरफ्तार किए गए लोगों के पास ड्रग्स और हथियार थे। श्री थल्दुवा के अनुसार छापेमारी में कुल 138 पुलिस और एसटीएफ कर्मी और सेना के 200 जवान शामिल थे।

# देश विदेश

# संघर्ष विराम के दौरान हमास नेताओं को कोई छूट नहीं : इजराइल

**तेल अवीव**, 26 नवम्बर (एजेंसियां)। हमास और इजराइल के बीच चार दिवसीय युद्धविराम

■ बंधकों के दो समूहों को को रिहा किया गया

जारी है। बंधकों के दो समूहों को शुक्रवार और शनिवार को रिहा किया गया है। इजराइली सरकार ने अपनी खुफिया एजेंसी मोसाद को हमास के वरिष्ठ नेताओं की हत्या करने का आदेश दिया है।

इजराइल सरकार के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि कतर और मिस्त्र के मध्यस्थों को कोई आश्वासन नहीं दिया गया कि



युद्धविराम के दौरान और उसके बाद भी हमास के नेताओं को कोई छूट मिलेगी। इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने मीडियाकर्मियों को स्पष्ट रूप से बताया कि हमास के वरिष्ठ नेता, इस्माइल हनीयेह, खालिद मशाल, याह्या सिनवार और मोहम्मद दीफ अंतिम दिन गिन रहे हैं और वे जल्द ही मारे जाएंगे, भले ही वे दुनिया के किसी भी कोने में छुपे हों।हालांकि, इज़राइल सरकार के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कतर को पुष्टि की है कि इन नेताओं को उसकी धरती पर नहीं मारा जाएगा, कतर मध्यस्थता वार्ता में प्रवेश के लिए एक आश्वासन चाहता है।उपलब्ध जानकारी के अनुसार, इज़राइल खलील अल-हया को भी निशाना बना रहा है, जो हमास के पोलित ब्यूरो का सदस्य है और याह्या सिनवार और मोहम्मद दीफ के बाद सैन्य अभियानों में दूसरे स्थान पर है। 7 अक्टूबर के नरसंहार और दक्षिणी इज़राइल में तबाही के लिए जिम्मेदार यही दो व्यक्ति हैं।

## हमास ने इजरायल को 13 बंधकों की सूची सौंपी

**यरुशलम**। हमास ने इजरायल को 13 बंधकों की एक सूची प्रदान की है, जिन्हें वह द्विपक्षीय संघर्ष विराम समझौते के तहत रविवार को रिहा करना चाहता है। इजरायली समाचार वेबसाइट वाईनेट ने इजरायली अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी। इससे पहले, हारेत्ज अखबार ने इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय का हवाला देते हुए रिपोर्ट दी थी कि इजरायली अधिकारियों को सटीक संख्या के बारे में बताए बिना बंधकों की सूची प्राप्त हुई थी। हमास ने शुक्रवार से 13 इजरायली बंधकों के दो समूहों को रिहा कर दिया। समझौते में चार दिनों में 50 लोगों की रिहाई की गई है, जिसके दौरान दोनों पक्षों ने संघर्ष विराम करने का वचन दिया।

# सिख श्रद्धालु गुरु नानक की जयंती मनाने पाकिस्तान पहुंचे

**लाहौर,** 26 नवम्बर (एजेंसियां)। सिख धर्म के संस्थापक बाबा गुरु नानक देव जी की 554वीं जयंती में भाग लेने के लिए भारत से लगभग 3,000 सिख यात्रियों का प्रतिनिधिमंडल यहां वाघा सीमा के रास्ते से पाकिस्तान पहुंचा।

इवेक्यू ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड (ईटीपीबी) के अतिरिक्त सचिव (धर्मस्थल) राणा शाहिद सलीम, पाकिस्तान सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (पीएसजीपीसी) के प्रधान सरदार अमीर सिंह, समिति के सदस्य सरदार सतवंत सिंह, सरदार रविंदर सिंह और अन्य ने तीर्थयात्रियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। शनिवार को ननकाना साहिब में गुरु नानक की 554वीं जयंती के अवसर पर धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में सिख यात्री पाकिस्तान पहुंचे।

राणा शाहिद सलीम ने मेहमानों का स्वागत करते हुए कहा कि तीर्थयात्रियों के लिए विशेष बसों की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा, हम दुनिया भर से आए सभी सिख तीर्थयात्रियों का खुले दिल से स्वागत करते



■ 3,000 सिख यात्रियों का प्रतिनिधिमंडल वाघा सीमा के रास्ते से पहुंचा

हैं। पीएसजीपीसी प्रधान सरदार अमीर सिंह ने कहा कि 25 नवंबर से चार दिसंबर तक पाकिस्तान में 10 दिवसीय प्रवास के दौरान, तीर्थयात्री गुरुद्वारा जन्मस्थान ननकाना साहिब, गुरुद्वारा पुंजा साहिब हसनअबदाल, गुरुद्वारा सच्चा सौदा, गुरुद्वारा डेरा साहिब लाहौर, गुरुद्वारा रोहरी साहिब ऐमनाबाद और गुरुद्वारा दरबार साहिब करतारपुर नारोवाल का दौरा करेंगे।

## सुडोकू 6388


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 9 | 8 | | 3 | |
| | | 7 | | | | 2 | | |
| | 8 | 3 | | | | | | 4 |
| | 7 | | 1 | 8 | 6 | | | |
| | | 1 | | 7 | | 3 | | |
| | | | 2 | 3 | 5 | | 6 | |
| 8 | | | | | | 6 | 9 | |
| | | 6 | | | | 7 | | |
| | 2 | | 6 | 1 | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6388




**बायें से दायें:-**

१. छै माह में होने वाला, छःमाही
४. असंगत, बेमेल, संबंधहीन
६. एक प्रकार का नेत्ररोग, जिसमें रोगी को रात में कुछ दिखाई नहीं देता
७. अपराध, दोष, कसूर (उर्दू)
८. श्रेष्ठ नर्तकत शिव
१०. बिचौलिया, बीच में स्थित
११. डरावना
१३. घृणा उत्पन्न करने वाला, घिनौना साहित्य में प्रयुक्त एक रस
१४. साधुओं का भोज
१५. मधुर ध्वनि, पक्षियों के चहचहाने की आवाज
१७. नवीन, नवल
१९. स्वर्ण, धतूरा
२१. वृद्धि होना
२२. चलते-चलते सहसा रुक जाना
२४. छः माह का समय जिसमें सूर्य, विणुवत रेखा से दक्षिण की ओर रहता है

**ऊपर से नीचे:-**

१. दोष, ऐब, बुराई
२. बायें हाथ से काम करने वाला
३. कमल जैसे सुंदर हाथ
४. मातहत
५. बधिर
९. किसी के जन्मदिन पर मनाने वाला समारोह
११. नाकाम
१२. कमल
१३. उजाड़, जनशून्य (उर्दू)
१४. भंग करना, तोड़ना, नाश, क्षय
१५. हाथ जोड़ कर या हाथ बांधे हुए
१६. यु द्ध में होने वाली आवाज
१८. मांगने वाला, प्रार्थी
१९. दया, अनुकंपा
२०. मुश्किल
२३. अनेक

## वर्ग पहेली-6387



युसुफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : सोमवार 27 नवम्बर , 2023 कार्तिक शुक्ल पक्ष

### राशिफल

मेष - आज आपके तन और मन का स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। खर्च की चिंता से मन अशांत रह सकता है। वाणी पर संयम रखना अति आवश्यक है। बाहर का खाना-पीना संभवत: टालें। कार्यालय में सहकर्मियों से आपको लाभ होगा।

वृषभ - शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा। उत्साह से किसी भी काम को बेहतर कर पाने में सक्षम रहेंगे। आप के लिए काम के प्रति एकाग्र होना सरल रहेगा।

मिथुन - आज का दिन कष्टदायी होने से हर काम में सावधानी बरतें। परिजनों एवं संतान से अनबन हो सकती है। उग्रता एवं आवेग को अंकुश में रखें, ताकि बात ना बिगड़ें।

कर्क - आप का दिन आनंद और उल्लास में गुजरेगा। व्यापार में लाभ होगा। आय के स्रोत में बढ़ोतरी हो सकती है। मित्रों से हुई मुलाकात से आनंद का अहसास होगा। विवाह योग्य जातकों के विवाह के योग हैं।

सिंह - आज कार्यक्षेत्र में आप प्रभावी होंगे। उच्च अधिकारियों पर आपके काम का सकारात्मक असर होगा, इससे वे आप पर प्रसन्न रहेंगे। आज आप दृढ़ मनोबल और पूर्ण आत्मविश्वास के साथ अपना काम पूरा करेंगे।

कन्या - आपका आज का दिन प्रतिकूलताओं से भरा रहेगा। चिंता के कारण मानसिक परेशान रहेंगे। शारीरिक रूप से स्फूर्ति का अभाव रहने से थकान और अशक्ति का अनुभव होगा, इससे काम में भी मन नहीं लगेगा।

तुला - आज किसी के साथ वाद-विवाद हो सकता है। क्रोध पर कंट्रोल करें। वाणी और व्यवहार पर संयम बरतना आपके लिए हितकारी होगा। हितशत्रुओं से भी सावधान रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

वृश्चिक - आज का दिन आपके लिए मनोरंजन का दिन है। मित्रों के साथ पार्टी या पिकनिक में दिन अच्छी तरह से गुजरेगा। वस्त्राभूषण, वाहन तथा भोजन का अच्छा सुख प्राप्त होगा। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

धनु - आज का दिन आपके लिए हर्षोल्लास का रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण छाया रहेगा, इससे आपका मन प्रफुल्लित रहेगा। आपका शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। व्यवसाय में लाभदायी दिन रहेगा।

मकर - आज आपका मन चिंताग्रस्त और दुविधायुक्त रहेगा। ऐसी मनोदशा में आप किसी भी कार्य में दृढ़ निश्चय नहीं रह पाएंगे। आज के दिन कोई भी महत्वपूर्ण कार्य न करें, क्योंकि आज भाग्य साथ नहीं देगा।

कुंभ - आज आप के स्वभाव में प्रेम छलकेगा। इस कारण मानसिक रूप से व्यग्रता का अनुभव होगा। धन कमाने की नई योजना बन सकती है। महिलाएं आभूषण, वस्त्र, सौंदर्य-प्रसाधन खरीदने में पैसा खर्च करेंगी।

मीन - आज आपका दिन शुभ फलदायी है। आपकी सृजनात्मक और कलात्मक शक्तियों में वृद्धि होगी। वैचारिक स्थिरता के कारण आपके काम आज अच्छी तरह से पूरे हो पाएंगे।


नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

## उत्तरी गाजा पहुंची 61 ट्रक सहायता सामग्री : संरा

**संयुक्त राष्ट्र,** 26 नवम्बर (एजेंसियां)। मानवीय मामलों के समन्वय के लिए संयुक्त राष्ट्र के कार्यालय (ओसीएचए) ने कहा है कि शनिवार को उत्तरी गाजा में 61 ट्रक सहायता सामग्री पहुंचाई गई, जो सात अक्टूबर को हमास और इजरायल के बीच शुरू हुए संघर्ष बाद से सबसे ज्यादा सहायता सामग्री है। संरा के मुताबिक सहायता सामग्री में भोजन, पानी और आपातकालीन चिकित्सा आपूर्ति शामिल है। इसके साथ ही घायल लोगों का उपचार करने में सहायता के लिए 11 एम्बुलेंस, तीन कोच और एक फ्लैटबेड उत्तरी गाजा के अल शिफा अस्पताल में पहुंचाया गया। संरा ने बताया कि अन्य 200 ट्रकों को इज़रायली सीमावर्ती शहर नित्ज़ाना से राफ़ा क्रॉसिंग के लिए भेजा गया। उनमें से 187 स्थानीय समयानुसार शनिवार रात तक गाजा में प्रवेश कर गए। संरा कार्यालय के अनुसार, इसके अलावा 1,29,000 लीटर ईंधन गाजा पहुंच गया है। संरा के अनुसार इनमें से कोई भी आपूर्ति फ़िलिस्तीनी और मिस्त्र की रेड क्रिसेंट सोसाइटीज़ की सहायता के बिना संभव नहीं होती। मानवीय संघर्ष विराम जितना लंबा रहेगा, मानवीय एजेंसियां गाजा में उतनी ही अधिक सहायता भेज सकेंगी। संरा ने कहा, हम आज और अधिक बंधकों की रिहाई का स्वागत करते हैं और सभी बंधकों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई के लिए अपना आह्वान दोहराते हैं।

# बाइडेन को और अमेरिकी बंधकों की रिहाई की उम्मीद

**वाशिंगटन,** 26 नवम्बर (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने गाजा में युद्धविराम के दूसरे दिन शनिवार को उम्मीद जताई कि हमास और इजराइल के बीच कैदियों और बंधकों की अदला-बदली के दूसरे चरण में कुछ और अमेरिकी बंधकों को रिहा किया जाएगा।



व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने घोषणा की कि बाइडेन ने लड़ाई में चार दिनों के विराम के लिए लगभग 50 बंधकों के बड़े समूह के हिस्से के रूप में दो अमेरिकी नागरिकों की रिहाई सुनिश्चित कर ली है। लेकिन मीडिया रिपोर्टों में कहा गया है कि पहली खेप में अधिक अमेरिकियों को रिहा करने के बाइडेन के आश?वासन को हमास ने झुठला दिया है।

**हमास ने इजरायल पर समझौते के उल्लंघन का आरोप लगाया**

अमेरिकी सरकार के एक अधिकारी ने नाम जाहिर न करने की शर्त पर कहा, हम इस प्रक्रिया के शुरुआती दौर में हैं कि समझौते के पहले चरण के दौरान कम से कम 50 महिलाओं और बच्चों को रिहा किया जाएगा। अधिकारी ने कहा, हमें उम्मीद है कि इसमें तीन दोहरी राष्ट्रीय महिलाएं और बच्चे शामिल होंगे, जो अमेरिकी नागरिक हैं। यह आने वाले दिनों में सामने आएगा। हम व्यक्तिगत मामलों पर टिप्पणी नहीं करेंगे क्योंकि प्रक्रिया चल रही है।

राष्ट्रपति बाइडेन ने राष्ट्रीय स्तर पर टेलीविज़न संबोधन में कहा कि हिंसा के इस चक्र को समाप्त करने में मदद करने के लिए एक स्वतंत्र फ़िलिस्तीनी राज्य की स्थापना की उनकी योजना युद्ध और इसकी भयावहता के अंत का एकमात्र व्यवहार्य समाधान थी।

उन्होंने इजरायली बंधकों की रिहाई का स्वागत करते हुए कहा, दो-राज्य समाधान को आगे बढ़ाने का हमारा संकल्प... अब पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। अत्यंत आवश्यक मानवीय सहायता के वितरण के रूप में।

## तीसरी वर्ल्ड हिन्दू कांग्रेस संपन्न

# विश्व कल्याण के लिए जुटेगी हिन्दू शक्ति

**बैंकॉक,** 26 नवम्बर (एजेंसियां)। दुनिया के हर हिन्दू को एकदूसरे से जोड़ने और हिन्दू धर्म के जीवन मूल्यों से विश्व कल्याण के लिए सामर्थ्य हासिल करने के संकल्प के साथ तीसरी वर्ल्ड हिन्दू कांग्रेस का रविवार को यहां समापन हो गया। तीन दिन तक चले इस सम्मेलन का समापन यजुर्वेद के 'शांति मंत्र' के साथ हुआ। सम्मेलन में 26 नवंबर 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले में मां भारती के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले बलिदानियों की याद में एक मिनट का मौन भी रखा गया। प्रख्यात संत माता अमृतानंदमयी अम्मा ने सभा में आशीर्वचन भी दिये। चौथी वर्ल्ड हिन्दू कांग्रेस का आयोजन वर्ष 2026 में तथा वर्ल्ड हिन्दू इकॉनोमिक फोरम का शिखर सम्मेलन अगले साल मुंबई में आयोजित करने की घोषणा की गई। इस मौके पर सम्मेलन के अध्यक्ष, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले ने विश्व के 61 देशों के करीब 2200 प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उनका आह्वान किया कि वे अपने संपर्क के हर हिन्दू से जुड़ें और इस तरह से हिन्दू शक्ति को संगठित करें। सरकार्यवाह ने कहा, स्वामी विवेकानन्द ने कहा था हिन्दुओं, अपनी




आध्यात्मिकता से दुनिया को जीतो, मुझे लगता है कि भौतिक प्रगति और आध्यात्मिक उन्नति हमें वर्ल्ड हिन्दू कांग्रेस के महान ध्येय जयस्य आयतनम धर्म का एहसास कराएगी। उन्होंने कहा, कल एक मीडियाकर्मी ने मुझसे यह सवाल पूछा, %प्रतिनिधि अपनी व्यक्तिगत क्षमता से इस कांग्रेस में अपनी भागीदारी के प्रभाव को कैसे अधिकतम कर सकते हैं% और मैंने उनसे कहा, प्रत्येक प्रतिनिधि को इस संदेश को अपने व्यक्तिगत आयाम और सामाजिक क्षेत्र में फैलाना होगा।

श्री होसबले ने कहा, हमें दूसरों को जोड़ना होगा। जो कुछ करने के इच्छुक हैं। जो कांग्रेस में भाग नहीं ले पाएंगे, जिनके पास कुछ विचार हैं और जो पहले से ही क्षेत्र में काम कर रहे हैं।

## ईरान में एक व्यक्ति की हत्या के आरोप में नाबालिग को फांसी

**तेहरान,** 26 नवम्बर (एजेंसियां)। ईरान में कथित तौर पर एक व्यक्ति की हत्या करने के आरोप के करीब दो साल बाद 17 वर्षीय एक नाबालिग दोषी को फांसी दे दी गई है। स्थानीय टीवी चैनल ने रविवार को यह जानकारी दी। इस मामले पर नॉर्वे स्थित हेंगॉ और ईरान मानवाधिकार (आईएचआर) समूहों ने नाबालिग की फांसी पर नाराजगी व्यक्त की है। अधिकार समूहों ने अलग-अलग बयानों में कहा कि हामिद्रेजा अजारी को शुक्रवार को रजावी खुरासान प्रांत के पूर्वी शहर सब्ज़ेवर की जेल में फांसी दे दी गई।

मीडिया के अनुसार, अजारी अपने परिवार में एकमात्र बच्चा था और कम उम्र होने के बावजूद कुछ साल पहले ही स्क्रैप वर्कर के रूप में काम करना शुरू कर दिया था। हेंगॉ और आईएचआर दोनों ने अपने द्वारा देखे गए दस्तावेजों का हवाला देते हुए कहा कि अपराध के समय वह 16 साल का था और फांसी के समय 17 साल का था। अधिकार समूहों ने कहा कि यह निष्पादन ईरान द्वारा बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन का एक और उल्लंघन है।

## सुडोकू 6388 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 9 | 7 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 6 |
| 1 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 9 | 7 | 4 |
| 3 | 7 | 2 | 1 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 |
| 6 | 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 2 | 3 | 5 | 1 | 6 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 7 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 2 |
| 7 | 2 | 9 | 6 | 1 | 3 | 8 | 4 | 5 |

## आज का इतिहास

1001 -गजनी के सुल्तान महमूद के साथ हुई लड़ाई में जयपाल की हार।
1795 -एक बांग्ला नाटक का कलकत्ता के एजरा स्ट्रीट में स्टेज पर पहली बार सार्वजनिक मंचन किया गया।
1815 -पोलैंड साम्राज्य ने संविधान अपनाया।
1895 -अल्फ्रेड नोबेल ने नोबेल पुरस्कार की स्थापना की।
1907 -प्रसिद्ध कवि और लेखक हरिवंश राय बच्चन का जन्म। आज की पीढ़ी उन्हें भले अमिताभ बच्चन के पिता के तौर पर जानती हो, लेकिन हिंदी साहित्य में उनका योगदान सदैव सराहा जाता रहेगा।
1912- अल्बानिया ने राष्ट्रीय ध्वज अपनाया।
1932 -पोलैंड और तत्कालीन सोवियत संघ ने अनाक्रमण समझौते पर हस्ताक्षर किया।
1940 -ब्रूस ली का जन्म। सान फ्रांसिस्को में जन्मे और हांगकांग में पले बढ़े ब्रूस को मार्शल आर्ट में महारत हासिल थी और उन्होंने 70 के दशक में मार्शल आर्ट पर आधारित बहुत सी फिल्मों में काम किया और इस कला का दुनियाभर में प्रसार किया।
1948 -राष्ट्रीय कैडेट कोर ऱ्एनसीसी-की स्थापना।
1966 -उरुग्वे ने संविधान अपनाया।
1975 -बीबीसी के कार्यक्रम प्रस्तुतकर्ता रोस मैक्वर्स्टर की गोली मारकर हत्या। उन्हें गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड के सह संस्थापक के तौर पर भी जाना जाता है।
1895 -स्वीडन के केमिस्ट, इंजीनियर और उद्योगपति अल्फ्रेड बर्नाड नोबेल ने अपनी वसीयत पर दस्तखत किए, जिसके आधार पर नोबेल पुरस्कारों की स्थापना की गई और 1901 में पहली बार नोबेल पुरस्कार प्रदान किए गए। अल्फ्रेड नोबेल ने डायनामाइट और कई अन्य शक्तिशाली विस्फोटकों की खोज की थी।
1986 -भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना का जन्म।

## आतंकवाद | अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक सम्मेलन अधर में लटका

# संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद से लड़ने में रहा नाकाम

**संयुक्त राष्ट्र,** 26 नवम्बर (एजेंसियां)। 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमले के 15वें वर्ष में दुनिया ने इज़राइल में बड़े पैमाने पर एक और आतंकवाणी हमला देखा, फिर भी विश्व संगठन इससे लड़ने में नाकाम है। 1996 में भारत द्वारा प्रस्तावित अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक सम्मेलन (सीसीआईटी) अधर में लटका हुआ है। कुछ देश चाहते हैं कि उनके पसंदीदा आतंकवादियों को स्वतंत्रता सेनानियों के रूप में महिमामंडित किया जाए। आतंकवादियों के खिलाफ प्रतिबंध जारी करने वाली सुरक्षा परिषद की समिति 26/11 के मास्टरमाइंड साजिद मीर को वैश्विक आतंकवादी घोषित नहीं कर सकती क्योंकि वह चीन के संरक्षण में है।

7 अक्टूबर को हुए हमास हमले के बाद गाजा संघर्ष पर महासभा द्वारा अपनाए गए एक प्रस्ताव में आतंकवादी समूह का नाम भी नहीं लिया गया। भारत ने प्रस्ताव पर मतदान में भाग नहीं लिया क्योंकि उसने स्पष्ट रूप से आतंकवाद की निंदा नहीं की। मतदान के बाद भारत की उप स्थायी प्रतिनिधि योजना पटेल ने नई दिल्ली की स्थिति को दृढ़ता से रखा- आतंकवादी कृत्यों को कतई उचित नहीं ठहराया जा सकता। आइए हम मतभेदों को दूर रखें, एकजुट हों और आतंकवाद के प्रति शून्य-सहिष्णुता का दृष्टिकोण अपनाएं। आतंकवाद के औचित्य ने सीसीआईटी को अपनाने से रोक



■ 1996 में भारत ने किया था प्रस्तावित सीसीआईटी

दिया है और पाकिस्तान इस विचारधारा का प्रमुख उदाहरण प्रस्तुत करता है। सीसीआईटी का विरोध करते हुए, इसके स्थायी प्रतिनिधि मुनीर अकरम ने कहा कि आतंकवादी कृत्यों और विदेशी और औपनिवेशिक कब्जे के तहत लोगों के आत्मनिर्णय के लिए वैध संघर्ष के बीच अंतर स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि यह मुस्लिम देशों के समूह इस्लामिक सहयोग संगठन का रुख है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने आतंकवाद और आतंकवादियों के कृत्यों के बीच अंतर करने के प्रयासों को खारिज कर दिया है। पिछले साल मुंबई की यात्रा के दौरान, उन्होंने 26/11 पीड़ितों के स्मारक का दौरा किया और कहा कि कोई भी कारण, कोई बहाना, कोई शिकायत इसे उचित नहीं ठहरा सकती। 26/11 का हमला शुरू होने के एक दिन बाद, सुरक्षा परिषद ने सर्वसम्मति का एक प्रदर्शन करते हुए अपने सदस्यों के संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के तहत अपनी जिम्मेदारियों के अनुसार, सभी प्रकार के आतंकवाद से लड़ने के दृढ़ संकल्प की घोषणा की। इसने यह भी घोषित किया कि आतंकवाद का कोई भी कृत्य आपराधिक और अनुचित है, चाहे उनकी प्रेरणा कुछ भी हो, कहीं भी, कभी भी और किसी ने भी किया हो।

## दुनिया को जानें

# चीन में सांस संबंधी बीमारियों से निपटने के लिए खुलेंगे और क्लीनिक

**बीजिंग,** 26 नवम्बर (एजेंसियां)। चीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को स्थानीय अधिकारियों से फीवर क्लीनिकों की संख्या बढ़ाने का आग्रह किया क्योंकि देश कोविड-19 प्रतिबंधों में ढील के बाद श्वसन संबंधी बीमारियों में वृद्धि से जूझ रहा है। सांस की बीमारी में इजाफा पिछले हफ्ते एक वैश्विक मुद्दा बन गया जब विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने उभरते रोगों की निगरानी कार्यक्रम द्वारा बच्चों में अज्ञात निमोनिया के समूहों पर एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए चीन से अधिक जानकारी मांगी। चीन और डब्ल्यूएचओ को 2019 के अंत में मध्य चीनी शहर वुहान में उभरी महामारी की शुरुआत में रिपोर्टिंग की पारदर्शिता के बारे में सवालों का सामना करना पड़ा है। डब्ल्यूएचओ ने शुक्रवार को कहा कि हाल की बीमारियों में कोई नया या असामान्य रोगजनक नहीं पाया गया है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग के प्रवक्ता मी फेंग ने रविवार को कहा कि तीव्र श्वसन संबंधी बीमारियों का उद्भव कई प्रकार के रोगजनकों सबसे प्रमुख रूप से इन्फ्लूएंजा या निमोनिया के एक साथ प्रसार से जुड़ा हुआ है।

# खेल जगत

## सिनर ने जोकोविच डेविस कप जीत का सिलसिला तोड़ा


**मलागा, स्पेन** 26 नवंबर (वार्ता) इटली के जानिक सिनर ने तीन मैच प्वाइंट बचाकर नोवाक जोकोविच को 6-2, 2-6, 7-5 से हरा दिया। शनिवार को यहां खेले गये डेविस कप सेमीफाइनल में सिनर ने जोकोविच को हराते हुए इटली को सर्बिया के साथ 1-1 की बराबरी पर ला दिया। अब इस मुकाबले का विजेता सिनर आज होने वाले फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के टेनिस खिलाड़ी से मुकाबला करेगा। जोकोविच और सिनर अंतिम युगल मुकाबले में वापसी करेंगे। 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता जोकोविच पर 6-2, 2-6, 7-5 से जीत के बाद सिनर ने कहा, यह एक अविश्वसनीय मैच था, हम इस प्रतियोगिता से बाहर होने से एक अंक दूर थे और हम अभी भी यहां हैं।



# भारत की निगाहें अब ऑस्ट्रेलिया हकराकर टी-20 सीरीज में निर्णायक बढ़त लेने पर







**तिरुवनंतपुरम** 26 नवंबर (एजेंसियां)। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 53 रन, ऋतुराज गायकवाड़ 58 रन और उसके बाद इशान किशन 52 रनों के अर्धशतकों तथा रिंकू के नौ गेंदों में 31 रनों की बेहतरीन पारी की बदौलत भारत ने पांच टी-20 मैचों की श्रृंखला में दूसरे मुकाबले में रविवार को ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 236 रनों का लक्ष्य दिया है।

आज यहां ग्रीनफील्ड अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 5.5 ओवरों में 77 रन जोड़ कर टीम को जोरदार शुरुआत दी। एलिस ने जम्पा के हाथों कैच कराकर यशस्वी जायसवाल 53 रन को पवेलियन भेज कर भारत को पहला झटका दिया। जायसवाल ने 25 गेंदों में नौ चौके और दो छक्कों की मदद से 53रन बनाये। उसके बाद बल्लेबाजी करने आये इशान किशन ने आक्रामक रूख अख्तियार करते हुए 32 गेंदों में तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से 52 रन ठोक डाले। उन्हें स्टॉयनिस ने एलिस के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान सूर्यकुमार यादव ने दो छक्कों की मदद से 10 गेंदों में 19 रन बनाये। उन्हें एलिस की गेंद पर स्टॉयनिस ने कैच आउट किया। 20 ओवर की दूसरी गेंद पर ऋतुराज गायकवाड़ 58 रन पर चौथे विकेट के रूप में आउट हुये। उन्होंने अपनी पारी में तीन चौके और दो छक्के लगाये। रिंकू सिंह नौ गेदों में 31 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अपनी आतिशी पारी में चार चौके और दो छक्के लगाये। तिलक वर्मा सात रन बनाकर नाबाद रहे।

भारत ने टी-20 मुकाबले के निर्धारित 20 रनों में 235 रनों का ऐतिहासिक स्कोर खड़ा किया है।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से नेथन एलिस ने तीन विकेट लिये। वहीं मार्कस स्टॉयनिस ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

## यशस्वी को फ्री होकर खेलने की भूमिका दी गई है : अभिषेक नायर

**तिरुवनंतपुरम।** भारत के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी अभिषेक नायर का मानना है कि यशस्वी जयसवाल को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा टी20 सीरीज में सहजता से खेलना जारी रखना चाहिए क्योंकि उन्हें लगता है कि बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज को स्वतंत्रता के साथ खेलने की भूमिका दी गई है। विशाखापत्तनम में शुरुआती टी20 में मैट शॉर्ट का शिकार बनने से पहले यशस्वी जयसवाल ने 262.5 के स्ट्राइक रेट से सिर्फ आठ गेंदों में दो चौकों और इतने ही छक्कों की मदद से 21 रन बनाए। इस साल अगस्त में अपने डेब्यू के बाद से नौ मैचों के टी20 करियर में जयसवाल ने 166.44 की स्ट्राइक-रेट से 253 रन बनाए हैं। यशस्वी के बारे में बात करते हुए अभिषेक नायर ने जियो सिनेमा पर कहा, यही उसकी ताकत है। वह ऐसा खिलाड़ी नहीं है जिसे जमने में बहुत अधिक समय नहीं लगता है। मुझे लगता है कि उसे स्वतंत्रता के साथ खेलने के लिए भूमिका दी गई है। वह घरेलू क्रिकेट में मुंबई और आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए भी इसी तरह खेलता है। यदि आप एक ऐसे खिलाड़ी हैं जो सहज रूप से आक्रामक है, तो आपको वैसा ही रहना चाहिए। उसी मैच में स्टैंड-इन कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 42 गेंदों में 80 रनों की तेज पारी खेली। जबकि, विकेटकीपर-बल्लेबाज ईशान किशन ने 39 गेंदों में 58 रन बनाए और रिंकू सिंह ने 14 गेंदों में नाबाद 22 रन बनाकर भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया। 209 का लक्ष्य, इस प्रारूप में उनका अब तक का सबसे बड़ा सफल चेज भी था। भारत के पूर्व लेग स्पिनर अमित मिश्रा ने सूर्या के बारे में कहा, उन्होंने पहले टी20 मैच में कप्तानी पारी खेली। उन्होंने अपनी ताकत के अनुसार खेला और अपने दृष्टिकोण में कोई बदलाव नहीं किया। जब भारत गेंदबाजी कर रहा था तो कप्तानी का दबाव दिख रहा था। लेकिन, जब वह बल्लेबाजी करने आए तो वह वास्तव में शांत थे।

# राजस्थान और पंजाब का मौजूदा स्क्वॉड घोषित



**नई दिल्ली,** 26 नवंबर (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज के जेसन होल्डर और ओबेड मैककॉय की जोड़ी को राजस्थान रॉयल्स ने रिलीज कर दिया है। जबकि, श्रीलंका के बाएं हाथ के बल्लेबाज भानुका राजपक्षे और भारत के अनकैप्ड ऑलराउंडर शाहरुख खान को पंजाब किंग्स ने रिलीज कर दिया है। राजस्थान ने 12 भारतीयों और पांच विदेशी खिलाड़ियों को बरकरार रखा है। इस सप्ताह की शुरुआत में घोषणा की थी कि शीर्ष क्रम के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल को लखनऊ सुपर जाइंट्स ने ट्रेड किया है, जिसके बदले में तेज गेंदबाज अवेश खान फ्रेंचाइजी में शामिल हुए थे। कप्तान संजू सैमसन, रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल की भारतीय स्पिन जोड़ी, इंग्लैंड के सफेद गेंद के कप्तान जोस बटलर, न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट, एडम ज़म्पा, वेस्टइंडीज के बल्लेबाज शिम्रोन हेटमेयर और कैप्ड भारतीय खिलाड़ी प्रसिद्ध कृष्णा, नवदीप सैनी, यशस्वी जयसवाल, संदीप शर्मा और कुलदीप सेन को फ्रेंचाइजी ने बरकरार रखा है। टीम ने युवा ऑलराउंडर रियान पराग के साथ-साथ दक्षिण अफ्रीका के डोनोवन फरेरा, उत्तर प्रदेश के ध्रुव जुरेल और राजस्थान के कुणाल सिंह राठौड़ की विकेटकीपर-बल्लेबाज तिकड़ी को भी जारी रखा है। होल्डर के अलावा, मैककॉय, जो रूट (पहले बाहर हो गए), अब्दुल बासिथ, आकाश वशिष्ठ, कुलदीप यादव, एम अश्विन, केसी करियप्पा और केएम आसिफ अन्य रिलीज किए गए खिलाड़ी हैं। राजस्थान के पास अब 14.5 करोड़ रुपये का पर्स है, जबकि पंजाब का शेष पर्स 24.1 करोड़ रुपये है।

आरआर के क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा ने कहा, हर साल, यह एक कठिन समय होता है क्योंकि आपको कुछ ऐसे खिलाड़ियों को छोड़ना पड़ता है जिन्होंने टीम और उसके माहौल में बहुत योगदान दिया है। हम इस अवसर पर उनकी हर चीज के लिए उन्हें धन्यवाद देना चाहते हैं। राजस्थान ने 10 खिलाड़ियों को रिलीज किया

जो रूट, अब्दुल बासिथ, जेसन होल्डर, आकाश वशीष्ठ, कुलदीप यादव, ओबेड मैकॉय, मुरुगन अश्विन, केसी करियप्पा, केएम आसिफ के नाम शामिल हैं। 10वें खिलाड़ी देवदत्त पडिक्कल हैं, जिन्हें लखनऊ को ट्रेड किया है। उनकी जगह आवेश खान को शामिल किया गया है।

**राजस्थान रॉयल्स का मौजूदा स्क्वॉड :** संजू सैमसन, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जायसवाल, कुणाल सिंह राठौड़, डोनावोन फरेरा, ध्रुव जुरेल, जोस बटलर, रियान पराग, रविचंद्रन अश्विन, युजवेंद्र चहल, कुलदीप सेन, प्रसिद्ध कृष्णा, नवदीप सैनी, ट्रेंट बोल्ट, एडम जाम्पा, आवेश खान।

पीबीकेएस के सीईओ सतीश मेनन ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, यह तय करना बहुत मुश्किल था कि किसे रिलीज किया जाए और किसे नहीं। आखिरकार, ऐसी स्थिति आ गई जहां हमें कुछ खिलाड़ियों को रिलीज करना पड़ा क्योंकि हमारे पास रिलीज करने के लिए कुछ स्लॉट थे।

पंजाब किंग्स का मौजूदा स्क्वॉड : शिखर धवन (कप्तान), जॉनी बेयरस्टो, प्रभसिमरन सिंह, हरप्रीत भाटिया, जितेश शर्मा, शिवम सिंह, अथर्व ताइदे, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, हरप्रीत बराड़, लियम लिविंगस्टोन, सैम करन, कगिसो रबाडा, राहुल चाहर, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, विद्धवत कवेरप्पा।

# राहुल का आउट होना भारत के लिए सबसे बड़ा झटका था : इरफान पठान



> यह कठिन था क्योंकि भारतीय टीम पीछे की ओर देख रही थी। वो जडेजा और सूर्यकुमार यादव से अंतिम ओवरों में उम्मीद लगा रही थी। जब केएल राहुल आउट हुए तो मुझे लगता है कि यही वह समय था जब भारत स्कोर में ज्यादा आगे नहीं बढ़ सकता था: इशान किशन

**नई दिल्ली,** 26 नवंबर (एजेंसियां)। भारत के बाएं हाथ के पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप फाइनल में विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल के आउट होने का मतलब था कि मेजबान टीम आगे नहीं बढ़ पाएगी। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में 92,453 की भीड़ के सामने राहुल ने सर्वाधिक 66 रन बनाए। लेकिन, उन्होंने 107 गेंदें खेलीं और केवल एक बार बाउंड्री लगाने में सफल रहे क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने उन पर और विराट कोहली पर कड़ी पकड़ बनाए रखी।

इसका नतीजा रहा कि यह जोड़ी कभी भी गति नहीं पकड़ पाई और भारत ने मात्र 240 रन बनाए। जिसे ऑस्ट्रेलिया ने ट्रैविस हेड के 137 और मार्नस लाबुशेन के नाबाद 58 रनों की बदौलत 43 ओवर में हासिल कर लिया। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने अपना छठा विश्व कप खिताब जीता।

इरफान पठान ने कहा, यह कठिन था क्योंकि भारतीय टीम पीछे की ओर देख रही थी। वो जडेजा और सूर्यकुमार यादव से अंतिम ओवरों में उम्मीद लगा रही थी। जब केएल राहुल आउट हुए तो मुझे लगता है कि यही वह समय था जब भारत स्कोर में ज्यादा आगे नहीं बढ़ सकता था। पठान ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, जब उन्हें पता चला कि कोई कवर नहीं है, कोई मिड-ऑफ नहीं है। वे अपने पैरों का थोड़ा और इस्तेमाल कर सकते थे और स्ट्राइक रोटेट करने की कोशिश कर सकते थे। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को मौका दिया। यहां तक कि ट्रेविस हेड और मार्श ने भी गेंदबाजी की और भारतीय बल्लेबाजों पर दबाव बनाया। ऑस्ट्रेलिया ने ऐसी पिच और स्थान पर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था जहां शाम को ओस आएगी, जिससे लक्ष्य का पीछा करना आसान हो जाएगा। उनके पास बेहतरीन फील्डर हैं जिन्होंने शानदार प्रदर्शन किया। कमिंस भारतीय बल्लेबाजों को नियंत्रण में रखने के लिए कई विविधताएं ला रहे थे, जिससे पठान को विश्वास हो गया कि उनकी अच्छी तरह से बनाई गई योजनाओं के कारण ऑस्ट्रेलिया मैच में हमेशा आगे रहा।

पठान ने कहा, मुझे लगता है कि भारत एक बेहतर योजनाबद्ध खेल में हार गया। ऑस्ट्रेलिया एक बेहतर योजनाबद्ध टीम थी। टॉस से लेकर जिस तरह से उन्होंने योजना बनाई, मुझे नहीं लगता कि कोई अन्य टीम उस तरह की योजना के करीब पहुंच सकती है।

# पंत, वार्नर, शॉ और अक्षर को दिल्ली ने किया रिटेन



**नई दिल्ली,** 26 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली कैपिटल्स ने रविवार को आईपीएल 2024 रिटेंशन डे पर ऋषभ पंत, डेविड वार्नर, पृथ्वी शॉ, अक्षर पटेल और मिचेल मार्श को रिटेन किया है। जबकि, फ्रेंचाइजी ने रोवमैन पॉवेल, सरफराज खान और मुस्तफिजुर रहमान समेत 11 खिलाड़ियों को रिलीज कर दिया है।

आईपीएल 2023 में बल्ले से खराब प्रदर्शन के बाद पृथ्वी शॉ को दिल्ली कैपिटल्स रिटेन करेगी या नहीं, इस पर कुछ अटकलें थीं। लेकिन फ्रेंचाइजी ने उन्हें बरकरार रखा है। जबकि मनीष पांडे, सरफराज खान, चेतन सकारिया, रिपल पटेल, कमलेश नागरकोटी और अमन खान को रिलीज कर दिया गया है। डीसी द्वारा जारी किए गए हाई-प्रोफाइल खिलाड़ियों में पॉवेल का नाम रहमान और रिले रोसौव के साथ सबसे ऊपर है। अगले महीने दुबई में होने वाली आईपीएल नीलामी से पहले, डीसी के पास अब 28.95 करोड़ रुपये का पर्स है। उनके पास टीम में नौ स्थान शेष हैं, जिनमें से पांच विदेशी हैं।

**रिटेन किए गए खिलाड़ी :** ऋषभ पंत, प्रवीण दुबे, डेविड वार्नर, विक्की ओस्टवाल, पृथ्वी शॉ, एनरिक नॉर्टजे, अभिषेक पोरेल, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल, लुंगी एनगिडी, ललित यादव, खलील अहमद, मिचेल मार्श, ईशांत शर्मा, यश ढुल और मुकेश कुमार।

**रिलीज किए गए खिलाड़ी :** रोवमैन पॉवेल, रिले रोसौव, मनीष पांडे, सरफराज खान, फिल साल्ट, मुस्तफिजुर रहमान, कमलेश नागरकोटी, रिपल पटेल, अमन खान, प्रियम गर्ग और चेतन सकारिया।

## मुंबई इंडियंस में जाने की अटकलों के बीच गुजरात टाइटंस ने हार्दिक को किया रिटेन



नई दिल्ली, 26 नवंबर (एजेंसियां)। गुजरात टाइटंस ने अपने कप्तान हार्दिक पांड्या को बरकरार रखा है। जिससे उनके मुंबई इंडियंस में वापस जाने की अटकलों पर विराम लग गया है। हार्दिक सहित 18 खिलाड़ियों को रिटेन करने के अलावा। जीटी ने आठ खिलाड़ियों को रिलीज़ किया है। जिनमें शिवम मावी और अल्जारी जोसेफ का नाम भी शामिल है।

पिछले कुछ दिनों से हार्दिक के मुंबई वापस जाने की अटकलें तेज हो गई थीं। हार्दिक और मुंबई इंडियंस के बीच एक खास रिस्ता है। ये वही टीम है जहां उन्होंने 2015 में अपने आईपीएल करियर की शुरुआत की थी। हार्दिक एक अनकैप्ड खिलाड़ी से एक तेज गेंदबाज के रूप में मुंबई के महत्वपूर्ण सदस्य बन गए। इतना ही नहीं, वह 2015, 2017, 2019 और 2020 में टीम के लिए आईपीएल खिताब जीतने वाले खिलाड़ी हैं। हालांकि, आईपीएल 2022 की मेगा नीलामी से पहले मुंबई ने उन्हें रिलीज़ कर दिया।

फिर, गुजरात टाइटंस ने उनका हाथ थामा और उन्हें टीम की कप्तानी भी सौंपी। हार्दिक ने भी इस मौके का पूरा फायदा उठाते हुए दमदार प्रदर्शन किया और ट्रॉफी परकब्जा जमाया। पहले ही सीजन में ट्रॉफी जीतने के बाद हार्दिक अगले सीजन में उप-विजेता रहे। हार्दिक अभी गुजरात के साथ हैं। लेकिन, आईपीएल ट्रेड विंडो अभी भी 12 दिसंबर तक खुली है।

**जीटी रिटेन खिलाड़ी :** डेविड मिलर, शुभमन गिल, मैथ्यू वेड, ऋद्धिमान साहा, केन विलियमसन, हार्दिक पांड्या, अभिनव मनोहर, बी. साई सुदर्शन, दर्शन नालकांडे, विजय शंकर, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, मोहम्मद शमी, नूर अहमद, आर साई किशोर, राशिद खान, जोश लिटिल और मोहित शर्मा।

**जीटी रिलीज खिलाड़ी :** यश दयाल, केएस भरत, शिवम मावी, उर्विल पटेल, प्रदीप सांगवान, ओडियन स्मिथ, अल्ज़ारी जोसेफ और दासुन शनाका।

## सार संक्षेप

### फिर शुरू हुआ इजरायल फुटबॉल प्रीमियर लीग

**जेरूसलम।** हमास और इजरायल के बीच छिड़ी जंग के बाद इजरायल फुटबॉल प्रीमियर लीग 7 अक्टूबर को निलंबित होने के बाद फिर से शुरू हो गया है। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, लीग पहले दौर के मैच के साथ लौटा जिसमें मौजूदा चैंपियन मकाबी हाइफा ने उत्तरी शहर हाइफा के सैमी ओफर स्टेडियम में हापोएल पेटाह टिकवा को 2-1 से हराया। सुरक्षा कारणों से दर्शकों की एंट्री मैच में बैन है, जो मूल रूप से 26 अगस्त के लिए निर्धारित था। यूईएफए चैंपियंस लीग में हाइफ़ा के क्वालीफाइंग मैचों के कारण इसे स्थगित कर दिया गया और युद्ध के कारण फिर से पुनर्निर्धारित किया गया। पांचवें दौर के बाद संघर्ष ने लीग को रोक दिया और छठे दौर के मैचों को 2 और 3 दिसंबर के लिए पुनर्निर्धारित किया गया है। इज़राइल बास्केटबॉल सुपर लीग, जिसे पहले दौर के केवल एक गेम के बाद निलंबित कर दिया गया था, 28 नवंबर को फिर से शुरू होने वाला है।

### रश्मिका ने जीता अपना पहला आईटीएफ खिताब

**बेंगलुरू।** राष्ट्रीय चैम्पियन रश्मिका भामीदिपति ने रविवार को महिला विश्व टेनिस टूर के फाइनल में जील देसाई को हराकर अपना पहला आईटीएफ खिताब जीता। आज यहां बॉरिंग इंस्टीट्यूट कोर्ट में भारतीय खिलाड़ियों के बीच हुए फाइनल मुकाबले में रश्मिका ने 6-, 4-6, 6-3 की जीत दर्ज करते हुए 3935 डॉलर की पुरस्कार राशि और 5 डब्ल्यूटीए अंक अपने नाम किये। देसाई को 217 अमेरिकी डॉलर और 3 डब्ल्यूटीए अंक प्राप्त हुए। रश्मिका ने देसाई पहला सेट आसानी से 6- से जीत लिया। लेकिन सेट में देसाई ने वापसी करते हुए प्रतिद्वंद्वी की सर्विस तोड़ दी। इसके बाद रश्मिका ने चौथे और पांचवें गेम में सर्विस रखते हुए 3-2 से बढ़त बना ली। देसाई ने फिर वापसी करते हुए लगातार तीन गेम जीतकर सेट 6-4 से हासिल किया। निर्णायक मुकाबले में देसाई रश्मिका से -3 से पिछड़ रही।

### सात्विकसाईराज और चिराग खिताब से चूके

**नई दिल्ली।** भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी रविवार को शेनझेन में चीन मास्टर्स 223 में घरेलू पसंदीदा लियांग वेई केंग और वांग चांग के खिलाफ हारकर उपविजेता रहे। रोमांचक मुकाबले में यह जोड़ी 19-21, 21-18, 19-21 से हार गई। इससे पहले, सात्विकसाईराज और चिराग ने सेमीफाइनल में घरेलू पसंदीदा हे जी टिंग/रेन जियांग यू को 21-16, 22-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया था।

# वेस्टइंडिज के आलराउंडर डैरेन ब्रावो ने इंटरनेशनल क्रिकेट को कहा अलविदा



**पोर्ट ऑफ स्पेन,** 26 नवंबर (एजेंसियां)। इंग्लैंड के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज से पहले वेस्टइंडीज टीम में नजरअंदाज किए जाने के बाद बल्लेबाज डैरेन ब्रावो ने घोषणा की है कि वह कैरेबियाई क्रिकेट से दूर हो जाएंगे।

ब्रावो 2023 सुपर50 कप में अग्रणी रन-स्कोरर थे, जहां उन्होंने त्रिनिदाद और टोबैगो की कप्तानी करते हुए खिताब जीता था।

नंबर तीन पर बल्लेबाजी करते हुए ब्रावो ने टूर्नामेंट में 83.20 की औसत और 92.03 की स्ट्राइक रेट से 416 रन बनाए।

ब्रावो ने इंस्टाग्राम पर अपने बयान में लिखा, मैंने इस पर विचार करने के लिए काफी समय लिया है कि एक क्रिकेटर के रूप में आगे बढ़ने के लिए मेरा अगला कदम क्या होगा। मेरे करियर के इस मोड़ पर यह आसान नहीं है या मुझे कहना चाहिए कि ऊर्जा, जुनून, प्रतिबद्धता और तलाश जारी रखने के लिए बहुत कुछ करना पड़ता है।

उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखते हुए साफ बताया कि उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट से किनारा कर लिया है ताकि युवा खिलाड़ियों के लिए टीम में जगह बन सके, उन्हें मौके मिल सके। डैरेन ब्रावो ने ये भी लिखा की उन्हें बिना किसी बातचीत के अंधकार में रखा गया।

2012 पुरुष टी20 विश्व कप जीतने वाली वेस्टइंडीज टीम के सदस्य ब्रावो, सुपर50 कप के पिछले सीज़न में त्रिनिदाद और टोबैगो के लिए अग्रणी रन-गेटर भी थे। लेकिन अच्छा प्रदर्शन वेस्टइंडीज टीम में जगह पाने के लिए पर्याप्त नहीं था। अगले महीने से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले वनडे मैचों में उन्हें जगह नहीं मिली।

डैरेन ब्रावो ने कहा, अभी के समय में तीनों फॉर्मेट्स में अलग अलग खिलाड़ी देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। करीब 40-45 खिलाड़ी हैं। रन बनाने के बावजूद मैं किसी टीम में नहीं हूं। मैंने हार नहीं मानी है। बस मैंने इससे हटने का फैसला किया है। सभी को भविष्य के लिए शुभकामनाएं।

डैरेन ने 2009 से 2022 तक वेस्टइंडीज के लिए 122 वनडे, 56 टेस्ट और 26 टी20 मैच खेले हैं। उनके बाहर होने के कारण उनके भाई, महान तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो ने भी सेलेक्टर्स पर हमला बोला है।

खासकर मुख्य चयनकर्ता डेसमंड हेन्स के खिलाफ, क्योंकि घरेलू सर्किट में लगातार अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद डैरेन ब्रावो को नजरअंदाज किया जा रहा है।

## रोहित के लिए बुरा लग रहा है, वह वर्ल्ड कप का हकदार था : मिचेल मैक्लेघन

**देहरादून,** 26 नवंबर (एजेंसियां)। चार बार के आईपीएल विजेता और मुंबई इंडियंस के पूर्व गेंदबाज मिचेल मैक्लेघन ने कहा है कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा बड़े मैच या टूर्नामेंट से पहले काफी तैयारी करते हैं और वह वनडे विश्व कप ट्रॉफी के हकदार हैं।

ऑस्ट्रेलिया ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खचाखच भरी भीड़ के सामने भारत को हराकर छठा पुरुष क्रिकेट विश्व कप जीता। रोहित शर्मा, जो हाल ही में संपन्न मार्की इवेंट के दौरान शानदार फॉर्म में थे, वो फाइनल में मिली हार के बाद भावुक नजर आए। मैक्लेनाघन छह साल तक मुंबई इंडियंस के गेंदबाजी चक्र के प्रमुख सदस्य रहे। उन्हें भारत के विश्व कप हारने के बाद रोहित शर्मा लिए बहुत बुरा लग रहा है। हालांकि, कीवी पेसर ने यह भी बताया कि ऑस्ट्रेलिया ने फाइनल मुकाबला कैसे जीता। लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) में मणिपाल टाइगर्स के लिए खेल रहे हैं मैकक्लेनाघन ने मीडिया से कहा, आपको ऑस्ट्रेलिया को श्रेय देना होगा, क्योंकि टूर्नामेंट में उनकी शुरुआत बहुत खराब रही और कई लोगों ने उनकी आलोचना की। लेकिन, उन्होंने भारत में काफी खेला है और पिछले साल भी वे अच्छा प्रदर्शन करने में सफल रहे थे, जिसका फायदा उन्हें फाइनल में मिला। फाइनल या कोई भी बड़ा मैच टीम को उसके गेंदबाज जिताते हैं, क्योंकि बल्लेबाजों पर काफी प्रेशर होता है। आईपीएल 2024 रिटेंशन डे से पहले, न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ने मुंबई इंडियंस के सेट-अप में फिर से शामिल होने की इच्छा व्यक्त की, लेकिन एक अलग भूमिका में। उन्होंने कोचिंग पहलू की अपनी समझ को बढ़ाने के लिए कोचिंग पाठ्यक्रमों से गुजरने का उल्लेख किया। मौजूदा लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) 2023 में मैक्लेनाघन दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज जैक्स कैलिस के खिलाफ खेलने का अपना सपना भी पूरा कर रहे हैं।

# [ अर्थ जगत ]

## सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| भारती एयरटेल | 1.48 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 1.18 प्रतिशत |
| विप्रो | 1.16 प्रतिशत |
| टेक महिन्द्र | 0.61 प्रतिशत |
| टीसीएस | 0.48 प्रतिशत |

## सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 2.11 प्रतिशत |
| एम एंड एम | 1.91 प्रतिशत |
| अल्ट्रा टेक | 1.37 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 1.05 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.02 प्रतिशत |

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौंड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली**, 26 नवम्बर (एजेंसियां) अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में जारी गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# धन जुटाने के लिए एनपीओ के लिए बड़ा बाजार



**इंडियन कॉरपोरेशंस पहले ही सीएसआर पर 25,000-30,000 करोड़ रुपए, खर्च कर चुका हैं**

**नई दिल्ली,** 26 नवम्बर (एजेंसियां)। भारतीय बाजार में एनपीओ के काम करने के तरीके में भारी परिवर्तन हो रहा है। एमएमजेसी एंड एसोसिएट्स के संस्थापक मकरंद एम जोशी ने कहा है कि यह केवल यह सत्यापित करने के बारे में नहीं है कि इसका उपयोग क्या इस उद्देश्य के लिए किया गया था, बल्कि इससे भी अधिक महत्वपूर्ण बात ये है कि क्या इससे गैर-लाभकारी संगठनों (एनपीओ) द्वारा किए गए हस्तक्षेप के बाद वंचितों या लाभार्थियों पर कोई प्रभाव पड़ा? सेबी बोर्ड की बैठक में हाल ही में 'सामाजिक लेखा परीक्षक' को 'सामाजिक प्रभाव मूल्यांकनकर्ता' में बदलने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सेबी बोर्ड द्वारा सोशल स्टॉक एक्सचेंज पर न्यूनतम आवेदन आकार और न्यूनतम इश्यू आकार में कमी को मंजूरी देने पर जोशी ने कहा कि इंडियन कॉरपोरेशंस पहले ही सीएसआर पर 25,000-30,000 करोड़ रुप, खर्च कर चुके हैं। इसलिए एनपीओ के लिए धन जुटाने का एक बड़ा बाजार है। तो यह उन लोगों के लिए एक अवसर है जो सामाजिक कार्य करना चाहते हैं और प्रभाव डालना चाहते हैं। अच्छे कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है। सेबी बोर्ड ने सोशल स्टॉक एक्सचेंज पर एनपीओ द्वारा धन जुटाने को प्रोत्साहन देने के उपायों को मंजूरी दे दी।

इसमें एसएसई पर एनपीओ द्वारा जीरो कूपन जीरो प्रिंसिपल इंस्ट्रूमेंट्स (जेडसीजेडपी) के पब्लिक इशू के मामले में न्यूनतम इश्यू आकार को 1 करोड़ रुपए से घटाकर 50 लाख रुपए करना शामिल है। एसएसई पर एनपीओ द्वारा जेडसीजेडपी के पब्लिक इशू के मामले में न्यूनतम आवेदन आकार को 2 लाख रुपए से घटाकर 10,000 रुपए कर दिया गया है, जिससे खुदरा समेत ग्राहकों की व्यापक भागीदारी संभव हो सकेगी। इसने एनपीओ को सुविधा प्रदान करने और सामाजिक क्षेत्र के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण व्यक्त करने के लिए 'सामाजिक प्रभाव मूल्यांकनकर्ता' के साथ 'सामाजिक लेखा परीक्षक' के नामकरण को बदलने को भी मंजूरी दे दी।

# शादी के मौसम की शुरुआत के साथ आभूषण, परिधान, होटल, विमानन जैसे क्षेत्रों में दिखेगी तेजी



**नई दिल्ली,** 26 नवम्बर (एजेंसियां)। शादी के मौसम की शुरुआत के साथ, आभूषण, परिधान, होटल, विमानन और अन्य संबंधित उद्योगों जैसे क्षेत्रों में तेजी आने की संभावना है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के रिटेल रिसर्च प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, 'अगले सप्ताह हमें बाजार में कुछ तेजी लौटने की उम्मीद है क्योंकि निवेशक अमेरिका, चीन और भारत के जीडीपी आंकड़ों सहित विभिन्न आर्थिक आंकड़ों पर नजर रखे हुए हैं।' जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू सूचकांक पूरे सप्ताह सकारात्मक रुख के साथ एक सीमित दायरे में रहे। फेड रिजर्व ने सतर्क रुख अपनाया और यूरोपीय और जर्मन बाजारों में नरम रुख का असर घरेलू बाजारों पर भी पड़ा। मुद्रास्फीति में गिरावट और अमेरिका में नौकरी के हालिया कमजोर आंकड़ों के साथ-साथ अमेरिकी बांड पर ब्याज में कमी ने विदेशी फंडों को उभरते बाजार की ओर आकर्षित किया है।

व्यापक भारतीय बाजार में कुछ मुनाफावसूली हुई है। निवेशकों का ध्यान प्राथमिक बाजार की ओर स्थानांतरित हो गया, जो सप्ताह के लिए निर्धारित आईपीओ के एक सेट द्वारा चिह्नित है। त्योहारी मांग में जोरदार उछाल के कारण टिकाऊ उपभोक्ता सामान और रियल्टी जैसे क्षेत्रों ने बढ़त हासिल की। हालाँकि, कमजोर वैश्विक आंकड़ों के जवाब में आईटी क्षेत्र ने कमजोर प्रदर्शन दिखाया। उन्होंने कहा कि एनबीएफसी द्वारा असुरक्षित ऋण देने की आरबीआई की जांच के बावजूद, बैंकिंग सूचकांक ने इस सप्ताह लचीलापन दिखाया।

# बिक्री बढ़ाने के लिए टेस्ला ने 6 महीने तक मुफ्त सुपरचार्जिंग की पेशकश की




**सैन फ्रांसिस्को,** 26 नवम्बर (एजेंसियां)। एलन मस्क द्वारा संचालित टेस्ला साल के अंत तक उत्तरी अमेरिका में नए मॉडल 3 और मॉडल वाई ऑर्डर के लिए छह महीने की मुफ्त सुपरचार्जिंग की पेशकश कर रही है। कंपनी ने पहले ही नई वाहन सूची पर 3,000 डॉलर तक की छूट दे दी है, और अब नए खरीददारों के लिए मुफ्त सुपरचार्जिंग की पेशकश कर रही है। यह खबर सबसे पहले इलेक्ट्रेक द्वारा रिपोर्ट की गई। कंपनी की वेबसाइट के अनुसार, अगर उपभोक्ता 31 दिसंबर, 2023 तक मॉडल 3 या मॉडल वाई खरीदते हैं और डिलीवरी लेते हैं तो उन्हें छह महीने की मुफ्त सुपरचार्जिंग मिल सकती है। ऑफर में लिखा है, 'एक नया मॉडल 3 ऑर्डर करें और 31 दिसम्बर, 2023 तक डिलीवरी लें, ताकि आप 6 महीने की मुफ्त सुपरचार्जिंग के लिए पात्र हो सकें।' हालांकि, यह ऑफर कुछ शर्तों के साथ है, जिसमें एक है कि ज्यादा चार्जिंग करने पर टेस्ला आपका ये ऑफर वापस ले सकता है।

'अत्यधिक चार्जिंग की स्थिति में टेस्ला अपने विवेक से आपके वाहन से मुफ्त सुपरचार्जिंग को हटाने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इस बीच, एक नई रिपोर्ट से पता चला है कि टेस्ला वाहनों ने इस साल के पहले नौ महीनों में अमेरिकी इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) पंजीकरण में महत्वपूर्ण अंतर से बढ़त हासिल की है। एक्सपेरियन के वाहन पंजीकरण डेटा के अनुसार, टेस्ला मॉडल वाई और मॉडल 3 जनवरी और सितंबर के बीच अमेरिका में दो सबसे अधिक पंजीकृत ईवी थे, जो अपने प्रतिस्पर्धियों से कहीं अधिक थे। टेस्ला के पास ब्रांड के आधार पर एक कमांडिंग लीड थी, इस अवधि में अमेरिका में 489,454 ईवी पंजीकृत हुए, जो साल दर साल 41 प्रतिशत

## मस्क के ब्रेन इम्प्लांट स्टार्टअप ने जुटाए अतिरिक्त 43 मिलियन डॉलर




सैन फ्रांसिस्को। अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) के साथ एक फाइलिंग के अनुसार, एलन मस्क के स्वामित्व वाली ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफ़ेस कंपनी न्यूरालिंक ने अतिरिक्त 43 मिलियन डॉलर जुटाए हैं। टेकक्रंच की रिपोर्ट के अनुसार, फाइलिंग से पता चला है कि कंपनी ने अगस्त की शुरुआत में पीटर थिएल के फाउंडर्स फंड के नेतृत्व में अपनी पिछली किश्त को 280 मिलियन डॉलर से बढ़ाकर 323 मिलियन डॉलर कर दिया था। फाइलिंग के अनुसार, 32 निवेशकों ने इस राउंड में भाग लिया। न्यूरालिंक ने अपने मूल्यांकन का खुलासा नहीं किया है। लेकिन, जून में रिपोर्ट में कहा गया था कि निजी तौर पर निष्पादित स्टॉक ट्रेडों के बाद कंपनी का मूल्य लगभग 5 बिलियन डॉलर था। न्यूरालिंक, जिसे 2016 में स्थापित किया गया था, ने एक सिलाई मशीन जैसा रोबोट बनाया। यह मस्तिष्क के अंदर अति पतले धागे को प्रत्यारोपित करने में सक्षम है। धागे इलेक्ट्रोड के साथ एक कस्टम-डिजाइन किए गए चिप से जुड़ते हैं जो न्यूरॉन्स ग्रुप्स से डेटा पढ़ सकते हैं। सितम्बर में, न्यूरालिंक ने कहा कि वह पैरालिसिस कंट्रोल डिवाइस वाले लोगों की मदद के लिए मानव परीक्षणों के लिए अपने पहले परीक्षण विषयों की भर्ती कर रहा है। कंपनी ने एक बयान में कहा, 'पीआरआईएमई स्टडी (शॉर्ट फॉर प्रीसाइस रोबॉर्टिकल इम्प्लांट ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस) का उद्देश्य हमारे इम्प्लांट (एन1) और सर्जिकल रोबोट (आ1) की सुरक्षा का मूल्यांकन करना और पक्षाघात से पीड़ित लोगों को अपने विचारों से बाहरी उपकरणों को नियंत्रित करने में सक्षम बनाने के लिए हमारे वायरलेस ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस की प्रारंभिक कार्यक्षमता का आकलन करना है।

# वैश्विक रुख का बाजार पर रहेगा असर




**मुंबई,** 26 नवम्बर (एजेंसियां)। विश्व बाजार के कमजोर रुझान के बावजूद स्थानीय स्तर पर हुई लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह बढ़त पर रहे घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के निवेश प्रवाह, डॉलर सूचकांक और कच्चे तेल की कीमतों का असर रहेगा। बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 175.31 अर्थात 0.3 प्रतिशत की तेजी के साथ सप्ताहांत पर 65970.04 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 62.9 अंक यानी 0.32 प्रतिशत की बढ़त लेकर 19794.70 अंक पर रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली हुई। इससे सप्ताहांत पर मिडकैप 229.81 अंक 0.7 प्रतिशत उछलकर 33610.39 अंक और स्मॉलकैप 208.66 अंक यानी 0.53 प्रतिशत चढ़कर 39807.29 अंक पर रहा।

विश्लेषकों के अनुसार, पूरे सप्ताह घरेलू सूचकांक सकारात्मक रुझान के साथ एक दायरे में कारोबार करते रहे। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने सतर्क रुख अपनाया तथा यूरोपीय और जर्मन बाजारों के नरम रुख का असर घरेलू बाजार पर भी पड़ा। महंगाई कम होने और अमेरिका में हाल में जारी रोजगार आंकड़ों के साथ-साथ अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में कमी ने विदेशी निवेशकों को उभरते बाजार की ओर आकर्षित किया है। घरेलू बाजार में मुनाफावसूली का दबाव रहा। त्योहारी मांग में जोरदार उछाल के कारण टिकाऊ उपभोक्ता सामान और रियल्टी जैसे क्षेत्रों ने बढ़त हासिल की। हालांकि कमजोर वैश्विक रुख के दबाव में आईटी क्षेत्र का प्रदर्शन कमजोर रहा। साथ ही गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) द्वारा असुरक्षित ऋण देने की आरबीआई की जांच के बावजूद बीते सप्ताह बैंकिंग सूचकांक का प्रदर्शन लचीला रहा।

इन वैश्विक और स्थानीय परिदृश्य के बीच अगले सप्ताह बाजार पर एफआईआई निवेश प्रवाह, डॉलर सूचकांक और कच्चे तेल की कीमतों का बाजार पर असर रहेगा।

वैश्विक स्तर के कमजोर संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर ऑटो, रियलटी, यूटिलिटी और कमोडिटी जैसे समूहों में हुयी बिकवाली के कारण सोमवार को सेंसेक्स 139.58 अंक टूटकर 65665.15 अंक पर और निफ्टी 37.80 अंक फिसलकर 19694 अंक पर रहा। वहीं, विदेशी बाजारों की गिरावट के बावजूद स्थानीय स्तर पर कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, रियल्टी, कमोडिटीज और हेल्थकेयर समेत बारह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत मंगलवार को सेंसेक्स 275.62 अंक उछलकर 65930.77 अंक और निफ्टी 89.40 अंक चढ़कर 19783.40 अंक पर पहुंच गया।

इसी तरह विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर पावर, ऑटो, आईटी और हेल्थकेयर समेत बारह समूहों में हुई लिवाली की बदौलत बुधवार को सेंसेक्स 92.47 अंक चढ़कर 66 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 66023.24 अंक और निफ्टी 29.40 अंक बढ़कर 19812.80 अंक हो गया।

विश्व बाजार के सकारात्मक रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, दूरसंचार, धातु, तेल एवं गैस और रियल्टी समेत बारह समूहों में 1.22 प्रतिशत तक की तेजी वहीं आईटी, टेक और हेल्थकेयर समेत आठ समूहों में 1.13 प्रतिशत तक की बिकवाली के दबाव में गुरुवार को सेंसेक्स 5.43 अंक फिसलकर 66017.81 अंक और निफ्टी 9.85 अंक की मामूली गिरावट लेकर 19802 अंक पर रहा। इसी तरह विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर एफएमसीजी, आईटी, तेल एवं गैस और टेक समेत नौ समूहों में हुई बिकवाली से शुक्रवार को सेंसेक्स 47.77 अंक टूटकर 65970.04 अंक और निफ्टी 7.30 अंक फिसलकर 19794.70 अंक रह गया।

## ब्लैक फ्राइडे पर अमेरिकी ऑनलाइन बिक्री में रिकॉर्ड 9.8 बिलियन डॉलर की कमाई




सैन फ्रांसिस्को, 26 नवम्बर (एजेंसियां)। ब्लैक फ्राइडे ने अमेरिकी ऑनलाइन बिक्री में रिकॉर्ड 9.8 बिलियन डॉलर की कमाई की, जो एक साल पहले की तुलना में 7.5 प्रतिशत अधिक है। एडोब एनालिटिक्स के अनुसार, ऑनलाइन बिक्री में मोबाइल शॉपिंग का हिस्सा 5.3 बिलियन डॉलर का था। सीएनबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ब्लैक फ्राइडे पर सबसे ज्यादा बिकने वाली कैटेगिरीज में स्मार्टवॉच और टेलीविजन जैसे इलेक्ट्रॉनिक्स, साथ ही खिलौने और गेमिंग थे। एडोब डिजिटल इनसाइट्स के प्रमुख विश्लेषक विवेक पंड्या के हवाले से कहा गया, 'हमने पिछले साल रणनीतिक उपभोक्ता को उभरते देखा है, जहां वे वास्तव में इन महत्वपूर्ण दिनों का लाभ उठाने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि वे अधिकतम छूट प्राप्त कर सकें।' पंड्या ने कहा कि प्रभावशाली लोगों और सोशल मीडिया विज्ञापनों ने उपभोक्ताओं के लिए अपने मोबाइल उपकरणों पर पैसा खर्च करना आसान बना दिया है। हालांकि, खरीददार कीमत के प्रति सचेत हैं और पिछले साल की रिकॉर्ड मुद्रास्फीति और ब्याज दरों के चलते सख्त बजट का प्रबंधन कर रहे हैं। कुल 79 मिलियन डॉलर की बिक्री उन उपभोक्ताओं से हुई, जिन्होंने 'बाय नाऊ, पे लेटर' भुगतान पद्धति का उपयोग किया, जो पिछले साल से 47 प्रतिशत अधिक है। एडोब अमेरिका में खुदरा वेबसाइटों पर एक ट्रिलियन विजिट, 18 प्रोडक्ट कैटेगिरीज और 100 मिलियन यूनिक आइटम्स का विश्लेषण कर डेटा एकत्र करता है। ब्लैक फ्राइडे ने थैंक्सगिविंग डे से गति जारी रखी, जब ऑनलाइन बिक्री कुल 5.6 बिलियन डॉलर थी, जो पिछले वर्ष से 5.5 प्रतिशत की वृद्धि थी।

एडोब को उम्मीद है कि वीकेंड और साइबर मंडे तक खर्च मजबूत रहेगा, और सबसे अच्छे डील्स अभी भी आने बाकी हैं। रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि ऑनलाइन शॉपर्स शनिवार और रविवार को लगभग 10 बिलियन डॉलर और साइबर सोमवार को रिकॉर्ड 12 बिलियन डॉलर खर्च करेंगे।

## सार संक्षेप

### विदेशी मुद्रा भंडार 5.8 अरब डॉलर बढ़कर 595.4 अरब डॉलर पर

**मुंबई**। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से 17 नवंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.8 अरब डॉलर बढ़कर 595.4 अरब डॉलर हो गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 46.2 करोड़ डॉलर घटकर 59.3 अरब डॉलर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 17 नवंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.4 अरब डॉलर की बढ़त लेकर 526.4 अरब डॉलर हो गयी। इस अवधि में स्वर्ण भंडार 52.7 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी के साथ 46.4 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 12 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी हुई और यह बढ़कर 18.13 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 4.2 करोड़ डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 4.8 अरब डॉलर हो गई।

### चीन अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला संवर्धन मेला आर्थिक वैश्वीकरण बढ़ाएगा

**बीजिंग**। प्रथम चीन अंतरराष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला संवर्धन मेला 28 नवम्बर से 2 दिसंबर तक चीन की राजधानी पेइचिंग में स्थित चीन अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी केंद्र में होने वाला है। इस मेले की थीम 'दुनिया को जोड़ें और एक साथ भविष्य बनाएं' है, और इसमें स्मार्ट कार श्रृंखला, हरित कृषि श्रृंखला, स्वच्छ ऊर्जा श्रृंखला, डिजिटल प्रौद्योगिकी श्रृंखला, स्वस्थ जीवन श्रृंखला और आपूर्ति श्रृंखला को समर्पित प्रदर्शनी क्षेत्र शामिल होंगे। विश्व इस समय महत्वपूर्ण परिवर्तनों के दौर से गुजर रहा है। कोविड-19 महामारी के चल रहे प्रभाव ने वैश्विक आर्थिक सुधार को चुनौतीपूर्ण बना दिया है, जिससे वैश्विक औद्योगिक और आपूर्ति श्रृंखलाओं के पुनर्गठन में तेजी आई है। दुनिया भर के देश अपनी औद्योगिक और आपूर्ति श्रृंखलाओं की स्थिरता को प्राथमिकता दे रहे हैं, क्योंकि ये श्रृंखलाएं न केवल विभिन्न अर्थव्यवस्थाओं को जोड़ती हैं बल्कि वैश्विक उद्यमों के लिए पूंजी, प्रौद्योगिकी और औद्योगिक गतिविधियों के प्रवाह को भी सुविधाजनक बनाती हैं। एक स्थिर, सुरक्षित और कुशल वैश्विक औद्योगिक और आपूर्ति श्रृंखला प्रणाली स्थापित करना अंतरराष्ट्रीय व्यापार समुदाय की एक साझा अपेक्षा और अंतरराष्ट्रीय समुदाय की सामूहिक जिम्मेदारी है। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने जी2 शिखर सम्मेलन, एपेक नेताओं की अनौपचारिक बैठक और ब्रिक्स शिखर सम्मेलन जैसे विभिन्न अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों और विदेशी नेताओं के साथ बैठकों में वैश्विक औद्योगिक और आपूर्ति श्रृंखला प्रणाली की स्थिरता बनाए रखने के महत्व पर लगातार जोर दिया है।

# खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख दाल और मीठे में तेजी



नई दिल्ली, 26 नवम्बर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के प्रभाव से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा वहीं मांग निकलने से दाल-दलहन और मीठे के भाव चढ़ गए।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का दिसंबर वायदा सप्ताहांत पर 25 रिंगिट फिसलकर 3780 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं, दिसंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.79 सेंट की तेजी के साथ 52.77 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

सप्ताहांत पर खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान सरसों तेल 146 रुपए और पाम ऑयल 67 रुपए प्रति क्विंटल गिर गया जबकि सोया रिफाइंड में 73 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी रही। वहीं, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सप्ताहांत पर सरसों तेल 13187 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 19926 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 12234 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 11135 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 8133 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 10000 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा।

दाल-दलहन : बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में तेजी का रुख रहा। चना 150 रुपये, दाल चना 150 रुपए, मसूर दाल 150 रुपए, उड़द दाल 100 रुपए और अरहर दाल 1000 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई। वहीं, मूंग दाल के भाव में टिकाव रहा।

# 'ऑर्गेनिक' गांजा, चरस के प्रति छात्रों की दीवानगी से ड्रग के अवैध ऑनलाइन कारोबार को मिल रहा बढ़ावा



**नई दिल्ली,** 26 नवम्बर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश का नोएडा उत्तर भारत में नशीले पदार्थों की सबसे ज्यादा खपत के मामले में सबसे आगे है, जहां ड्रग तस्कर फर्जी ई-कॉमर्स कंपनी की मदद से शैक्षणिक संस्थानों और कंपनियों में डिलीवरी करते हैं। ग्रेटर नोएडा में विश्वविद्यालयों, कॉरपोरेट कंपनियों, शैक्षणिक संस्थानों और यहां तक कि पॉश इलाकों के निवासियों की मांग पर दवा के पैकेट पहुंचाए जा रहे हैं।

ग्रेटर नोएडा बीटा-2 पुलिस ने हाल ही में ई-कॉमर्स कंपनी की आड़ में शैक्षणिक संस्थानों और कंपनियों में डिलीवरी करने वाले मारिजुआना और चरस के अवैध व्यापार में लगे एक गिरोह का पर्दाफाश किया। पुलिस ने मंगलवार को बीबीए की पढ़ाई पूरी कर चुकी छात्रा वर्षा, उसके चचेरे भाई चिंटू ठाकुर को बुलंदशहर से और पिंटू और कालू को उनके सहयोगी जयप्रकाश के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से 20 किलो गांजा, 400 ग्राम चरस और फ्लिपकार्ट के 148 लिफाफे समेत 41 पैकिंग, पॉलिथीन, इलेक्ट्रॉनिक तराजू आदि सामान जब्त किया।

गिरोह विश्वविद्यालयों और कॉर्पोरेट कंपनियों तक दवाएं पहुंचाने के लिए फ्लिपकार्ट लिफाफे का इस्तेमाल करता था। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ऐप के रूप में इस्तेमाल किए गए लिफाफे संदेह से बच गए। पुलिस से बचने और अपने ग्राहकों तक आसानी से पहुंचने के लिए, ये गिरोह अलग-अलग कंपनियों के लिफाफों का इस्तेमाल करते हैं, जिससे मामला कम संदिग्ध हो जाता है।

पकड़े गए गिरोह की महिला सदस्य वर्षा ग्रेटर नोएडा के ओमीक्रॉन 2 सेक्टर में मिगसन अल्टीमो सोसायटी में रहती है और मूल रूप से बुलंदशहर की रहने वाली है। उसकी पृष्ठभूमि के कारण किसी को भी उस पर संदेह नहीं हुआ, और वह शिक्षा और रोजगार के बहाने कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और कंपनियों में प्रवेश कर गई। फ्लिपकार्ट की पैकेजिंग एक सुविधाजनक कवर के रूप में काम करती थी, क्योंकि लोग शायद ही कभी सामग्री का बारीकी से निरीक्षण करते थे। इन गिरोहों में युवा व्यक्तियों और छात्रों के शामिल होने का मुख्य कारण सिगरेट, शराब है। दोस्तों के साथ कॉलेज के माहौल में इन बुराइयों के प्रति रुचि विकसित करने के बाद, घर से सीमित धन छात्रों को इस अवैध व्यापार को उनकी लत और अन्य जरूरतों को पूरा करने के एक आसान साधन के रूप में देखने के लिए प्रेरित करता है।

# प्रदेश में अब तक 11.58 लाख टन धान बिका



**रायपुर,** 26 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में धान खरीदी एक नवंबर से धान खरीदी की शुरुआत हो चुकी है। धान खरीदी शुरू होने के साथ ही सहकारी समितियों में भी अव्यवस्था निर्मित हो गई है। कई जिलों में किसान परेशान है। धान की लगातार आवक जारी है, लेकिन उठाव कमजोर होने की वजह से नई खरीदी के लिए जगह नहीं बन पा रही है। 25 नवंबर तक की स्थिति में प्रदेश में 11.55 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है, लेकिन 10 से 15 प्रतिशत ही धान का उठाव हो पाया।

■ समितियों से बेहद धीमे हो रहा धान का उठाव

प्रदेश के कई जिलों में सहकारी समितियों में खरीदी के बाद धान का उठाव नहीं होने की वजह से किसानों को टोकन नहीं दिया जा रहा है। राजनांदगांव व धमतरी जिले में इस वर्ष सर्वाधिक धान खरीदी हुई है, वहीं दुर्ग जिले की कई समितियों में खरीदी अधिक होने की वजह से सहकारी समितियों में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

इस मामले में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारियों का कहना है कि दीवाली के बाद राइस मिलों में पर्याप्त श्रमिकों के नहीं पहुंचने की वजह से अभी उठाव प्रभावित हुआ है। कुछ चुनिंदा जिले में ही यह स्थिति देखने को मिल रही है। वहीं, बाकी केंद्रों पर स्थिति सामान्य है।

राइस मिलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों के अनुसार, सहकारी समितियों से कस्टम मिलिंग के लिए चार लाख टन धान के उठाव का आदेश जारी किया जा चुका है। दो दिन पहले ही यह आदेश जारी हुआ है। सोमवार से धान का उठाव शुरू कर दिया जाएगा। दीवाली के बाद मिलों में श्रमिकों के आने में देरी होने की वजह से भी कार्य प्रभावित हुआ।

धान बिक्री के लिए टोकन के लिए किसानों को एक सप्ताह का इंतजार करना पड़ रहा है। कई सहकारी समितियों में धान जाम होने की वजह से जिन्हें टोकन मिल चुका है, उनका धान भी नहीं बिक पा रहा है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि दीवाली के बाद धान कटाई में तेजी आई है। समितियों में भीड़ बढ़ गई है। धान खरीदी केंद्रों से लगातार रिपोर्ट लिया जा रहा है।

## 24 दिनों बाद भी 94 धान खरीदी केंद्रों में बोहनी नहीं

**जांजगीर,** 26 नवम्बर (देशबन्धु)। जांजगीर चांपा विधानसभा चुनाव, त्यौहार और राजनैतिक दलों के द्वारा की गई घोषणाओं का असर इस वर्ष धान खरीदी खरीदी पर स्पष्ट रूप से नजर आ रहा है। जिले के 94 खरीदी केन्द्रों ऐसे है जिनमें धान की बोहनी तक नहीं हुई है। जिले में 1 नवंबर से समर्थन मूल्य पर किसानों से खरीफ धान की खरीदी प्रारंभ हो गई है, लेकिन 24 दिनों बाद भी जिले के 94 खरीदी केन्द्रों में धान की बोहनी तक नहीं हुई है। खरीदी केन्द्रों में अब तक एक दाना धान भी बिकने के लिए नहीं पहुंचा है। 35 केंद्रों में ही 18 हजार 506 चिंटल धान खरीदी हुई है। ग्रामीण इलाकों में पत्रिका की टीम ने किसानों से चर्चा की तो इस वर्ष धान की कटाई और मिसाई के कई कारण नजर आए। इसमें विधानसभा चुनाव सबसे प्रमुख रहा है। विधानसभा चुनावों के दौरान राजनैतिक दलों के द्वारा जुलूस, जनसंपर्क कार्यालय कार्य, चुनावी कार्य जैसे पोस्टर चिपकाना, पांपलेट बांटना जैसे कार्यों के लिए 200 से 300 रुपया प्रतिदिन की दर पर लोगों को काम पर लिया गया था, जिसकी वजह से तात्कालीन रुपए ने लोगों को आकर्षित किया। जिसका असर रहा कि ग्रामीण इलाकों में धान की कटाई के लिए श्रमिकों का ही टोटा हो गया, जिसकी वजह से कटाई लेट हो गई। चुनावों के बाद रही सही कसर त्योहारों ने पूरी कर दी है। अब त्यौहार का सीजन खत्म होने के बाद धान की कटाई तथा मिसाई में तेजी आई है, जिसकी वजह से इस वर्ष अब तक धान की खरीदी कमजोर ही रही है।

### चुनाव परिणाम का इंतजार कर रहे है किसान

राजनैतिक दलों द्वारा कर्जमाफी, अपने अपने घोषणा पत्रों के अनुसार किसानों से धान खरीदी के वायदों ने भी किसानों को बुरी तरह से कन्फ्यूज कर दिया है। किसानों को लग रहा है कि यदि उन्होंने अभी धान को बेच दिया और बाद में दूसरी सरकार आ गई तो नई सरकार के समय हुई धान खरीदी के दाम का फायदा उन्हे नहीं मिल पाएगा। लिहाजा किसान 3 दिसंबर तक इंतजार करने को भी तैयार हैं। नई सरकार के बाद ही धान बेचने का प्लान बना रहे हैं।

# चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो शातिर चोर कड़ाया

**बिलासपुर,** 26 नवंबर (देशबन्धु)। शहर के औद्योगिक क्षेत्र सिरगिट्टी में अलग-अलग स्थानों पर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो शातिर चोर क्षेत्र की पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। सिरगिट्टी पुलिस ने नयापारा से दो संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो चोरी की कई वारदातों पर पड़ा परदा हट गया।



इस सम्बन्ध में सिरगिट्टी पुलिस से मिली जानकारी के लिहाज से पुलिस लगातार उन संदेहियों की तलाश में जुटी हुई थी जिन्होंने क्षेत्र में चोरी की घटना को अंजाम तक पहुँचाया है। पुलिस की माने तो राहुल साहू उर्फ बजरंगी (पिता दिलीप साहू उम्र 20 वर्ष) और महेश साहू उर्फ मोटा (पिता स्व. रामायण साहू उम्र 23 वर्ष) जो नयापारा में रहते हैं, उन्हें संदेह के आधार पर हिरासत में लिया गया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में आरोपियों ने क्षेत्र में अलग-अलग ठिकानों पर रेकी के बाद चोरी की बात कबूल की है। आरोपियों ने शारदा मंदिर के पास किराना दुकान से साबुन, सिगरेट, गुटखा पैकेट, गिफ्ट आईटम, शिव मंदिर नयापारा सिरगिट्टी घर अंदर से चांदी का पायल, बिछिया, सिलिंग फैन, नगदी रकम 8000 रुपये एवं रुचिका विहार में एक घर के अंदर से फ्रीज, टीव्ही, गैस सिलेण्डर एवं सोने चांदी के जेवर चोरी करने का अपराध कबूल किया है।

पुलिस ने आज मामले का खुलासा करते हुए बताया कि दोनों आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया गैस सिलेण्डर, फ्रीज, टीव्ही, चांदी के जेवर व अन्य सामान बरामद किया गया है। वहीं आरोपियों ने पुलिस को चोरी की हुई नगद रकम 8000 रु. को खर्च करना बताया है। पुलिस ने बताया कि करीब एक लाख 20 हजार रुपये कीमत से अधिक का सामान आरोपियों से बरामद कर लिया गया है।

## सार-संक्षेप



### सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया- सत्यनारायण

**बिलासपुर,** 26 नवंबर (देशबन्धु)। शुभमविहार मानस मंडली के प्रेणता सत्यनारायण पांडेय ने बताया कि जब उन्होंने सतत साप्ताहिक सुंदरकांड का संकल्प लिया था। तब उन्होंने भगवान श्रीराम से प्रार्थना की थी कि प्रभु कम से कम 52 श्रद्धालुओं के मन मे अपने अपने घरों में सुंदरकांड करवाने की प्रेरणा अवश्य ही जाग्रत करना, ताकि उनका संकल्प पूर्ण हो सके। प्रभुराम की ऐसी कृपा हुई कि आज कार्तिक शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को 67वां आयोजन को पुन: अपने निवास स्थल पर करवाने का सुअवसर। मिला है। आज के संगीतमय सुंदर कांड पाठ में उपस्थित शुभमविहार के वरिष्ठ नागरिकों सर्वश्री सत्यनारायण पांडेय, एम एल बरसैया, हरिशंकर प्यासी, आर पी मिश्रा, नरेंद्र गोपाल, बी के पांडेय, एस एन उपाध्याय, अनिल तिवारी, सुरेंद्र दुबे, त्रयोगिनाथ जायसवाल ने बताया कि सामान्यत: मैकाले की कुटिल शिक्षा पध्दति से शिक्षित जनसामान्य वास्तविक हिंदू संस्कृति व संस्कार दीप प्रज्व्लन, ईश आराधना, भजन गायन को भूल विदेशी संस्कृति का अंधानुकरण में भूल गए हैं। लेकिन आज पारंपरिक तरीके से सनातन संस्कृति व संस्कार से ओतप्रोत सुंदरकांड के 67वे मानस पाठ ने गदगद कर दिया। उन्होंने समस्त जागरूक, धर्मनिष्ठ, देशभक्तों विशेष कर माताओं-बहनों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को संस्कार देने हेतु कम से कम प्रतिदिन एकबार तथा सप्ताह में एकबार सामूहिक हनुमानचालीसा पढ़ने की आदतें अवश्य ही डाले। बच्चों को आदर्श के रूप में श्रीराम, श्री हनुमान व स्वतंत्रता संग्राम के वीरो को बनाये। तभी वे एक आदर्श नागरिक बनेंगे तथा हमारा राष्ट्र अखंड रहेगा। सतत सुंदरकांड का आध्यात्मिक पाठ होना इस बात का द्योतक हैं कि जब तक रामजी की कृपा नहीं हो तब तक जहां लोग सालों साल सुंदरकांड का पाठ नही करवा पाते है। पांडेय परिवार इतना भाग्यवान हैं कि आज सुबह श्री सत्यनारायण की कथा व शाम को सतत 67वां पाठ अपने निवास में करवा कर प्रभु कृपा के पात्र बने हैं। अवश्य ही यहां संतजनों का निवास हैं। 67 वे सुंदरकांड का पाठ में शुभमविहार कल्याण समिति के अध्यक्ष आखिलानन्द पांडेय, मनीष बरसैया, ललित अग्रवाल, राजेश शर्मा, ईश्वर तिवारी, राजेश शर्मा, राजमोहन मिश्रा, प्रमोद अवस्थी, राजेश शुक्ला, श्रद्धानन्द पांडेय, हृदयानन्द पांडेय, आर के पांडेय, इंदुबाला पांडेय, सरिता पांडेय, अर्चना पांडेय, लक्ष्मी साहू ,सत्या पाण्डेय,श्वेता पाण्डेय,विद्या डहरवाल, आकाश शर्मा, दीपिका उपाध्याय,अन्नू उपाध्याय,हरे राम गुप्ता,दीप्ति तिवारी,रिंकी बरसैंया ,मीना पाण्डेय,शीला श्रीवास,सुषमा शुक्ला,किरण वाजपेयी सहित सैकड़ो की सँख्या में श्रद्धालुओं मातृशक्तियों ने सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ किया।

# गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले से बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में चुनाव कराने गए कर्मचारियों अधिकारियों का मानदेय लफड़े में

■ मतदान दल के कर्मचारी एवं अधिकारियों का खाता नंबर आईएफएससी कोड और बैंक का नाम गलत

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 26 नवंबर (देशबन्धु)। गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले से बिलासपुर जिले के बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में चुनाव कराने गए अधिकारी कर्मचारियों का निर्वाचन संबंधी मंडे लफड़े में पड़ गया है। मानदेय लफड़े में पड़ने का कारण कर्मचारियों का खाता नंबर आईएफएससी कोड एवं बैंक का नाम गलत होना बताया जा रहा है जिसके कारण कर्मचारियों के खाते में राशि का स्थानांतरण नहीं किया जा सका है। निर्वाचन संपन्न करने के बाद मंडे का समय पर भुगतान नहीं होने के कारण अधिकारी कर्मचारियों में असंतोष पनपना स्वाभाविक है।

इस संबंध में छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फैडरेशन गौरेला पेंड्रा मरवाही के जिला महासचिव विश्वास गोवर्धन एवं आकाश राय ने बताया कि गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी बिलासपुर जिले के बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में 17 नवंबर को निर्वाचन कार्य संपन्न कराने में लगाई गई थी। बेल तेरा विधानसभा क्षेत्र के लगभग 260 बूथ के लिए गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के 780 कर्मचारी तथा लगभग 70 कर्मचारी रिजर्व के रूप में ड्यूटी में थे जिन्हें निर्वाचन कार्य संपन्न होने के बाद मतदान ड्यूटी का पारिश्रमिक उनके खाते में राशि स्थानांतरित करके किया जाना था परंतु बेलतरा विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन शाखा में संलग्न अधिकारी कर्मचारियों की लापरवाही से कंप्यूटर सीट में गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के उन सभी अधिकारी कर्मचारी जो बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में ड्यूटी किए थे उनका खाता क्रमांक बैंक का नाम एवं आईएफसी कोड गलत अंकित किए जाने के कारण निर्वाचन कार्य का पारिश्रमिक नहीं जमा कराया जा सका। निर्वाचन तत्काल कार्य होने के कारण अधिकारी कर्मचारियों को यह आशा रहती है कि निर्वाचन संपन्न होने के बाद उनके खाते में पारिश्रमिक की राशि स्थानांतरित कर दी जाएगी परंतु जब खाता नंबर एवं बैंक का नाम एवं आईएफएससी कोड गलत है तब राशि का स्थानांतरण संभव नहीं होने के कारण राशि स्थानांतरित नहीं की गई। यह स्थिति उत्पन्न होने के कारण निर्वाचन कार्य में संलग्न रहे कर्मचारियों अधिकारियों में स्वाभाविक रूप से असंतोष व्याप्त हो गया है। बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में निर्वाचन संपन्न कराने गए कर्मचारियों अधिकारियों का कहना है कि जब उन्होंने अपना बायोडाटा दिया था तो उन्होंने सही-सही बैंक का नाम एवं खाता नंबर तथा आईएफएससी कोड लिखा था तब किसकी लापरवाही से कंप्यूटर सीट में गलत एंट्री कर दी गई। यह मामला सामने आने के बाद अधिकारी कर्मचारी तरह-तरह की बातें एवं आशंका व्यक्त कर रहे हैं। इधर मामला सामने आने के बाद बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में निर्वाचन शाखा का काम देख रहे अधिकारियों ने गलती सुधारने की बात कही है।




## विधानसभा चुनाव संपन्न कराने मानदेय भुगतान के लिए11 अक्टूबर को आवंटित हो गई थी मंडे की राशि

यहां पर उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में नवंबर महीने में दो चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव के मतदान कार्य संपन्न कराने के लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ के सभी 90 विधानसभा क्षेत्र में चुनाव संपन्न कराने वाले मतदान दल के लिए प्रति विधानसभा के हिसाब से 25 लख रुपए आवंटित किए गए हैं। इसी क्रम में बिलासपुर जिले के छह विधानसभा क्षेत्र के लिए डेढ़ करोड़ का आवंटन जारी किया गया, और इस तरह 33 जिलों के कलेक्टर्स को 22 करोड़ 50 लख रुपए का आवंटन जारी कर दिया गया था और अलग-अलग जिलों में कर्मचारियों अधिकारियों के खातों में राशि स्थानांतरित होना शुरू हो गई है परंतु समय में आवंटन मिलने के बावजूद बिलासपुर जिले के बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में चुनाव संपन्न करने वाले अधिकारी कर्मचारीयों को को मानदेय का भुगतान नहीं किया जा सका है।

## फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक को जानकारी दी जाएगी

इस मामले में गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फैडरेशन के महासचिव विश्वास गोवर्धन एवं आकाश राय ने कहा है कि इस पूरे मामले की जानकारी छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी फैडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा को दी जा रही है। जिनके अकाउंट नंबर गलत है वह अपना खाता नंबर सुधरवा ले- सहायक निर्वाचन अधिकारी आनंद रूप तिवारी इस संबंध में गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के सहायक निर्वाचन अधिकारी आनंद रूप तिवारी ने कहा है कि बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में निर्वाचन संपन्न कराने गए अधिकारी कर्मचारियों का मानदेय भुगतान बिलासपुर से होना है। जिन भी अधिकारी कर्मचारियों का खाता नंबर गलत है यह कोई भी जानकारी गलत है उन्हें यहां निर्वाचन कार्यालय जाकर अपना खाता नंबर सुधरवा लेना चाहिए। श्री तिवारी ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान कर्मचारियों अधिकारियों को आदेश में उनका खाता नंबर आईएफएससी कोड इत्यादि लिखा रहता है यदि गलत लिखा था तो उसे सुधारवाना चाहिए था।

# टिकरापारा से गांजा के सथ युवक पकड़ाया

**बिलासपुर,** 26 नवंबर (देशबन्धु)। जिला बिलासपुर पुलिस द्वारा निजात अभियान चलाया जा रहा है जिसके तारतम्य में पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा अवैध नशीले मादक पदार्थों एवं शराब पर अंकुश लगाने हेतु शक्ति से कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है, जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर, राजेन्द्र जायसवाल तथा नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली श्रीमती पूजा कुमार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक उत्तम साहू के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा दिनांक 26.11.2023 को मुखबिर सूचना पर मामा भांजा तालाब टिकरापारा के पास आरोपी विशाल उर्फ पाडे खटिक पिता भोंदु खटिक उम्र 25 वर्ष साकिन डी.पी. कालेज के पास टिकरापारा थाना सिटी कोतवाली जिला बिलासपुर को अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं प्रतिबंधित कोडिन युक्त कफ सीरप बिक्री करते पकडा गया। आरोपी के कब्जे से 01 कलो 150 ग्राम गांजा कीमती 13000 रूपये एवं कोडिन युक्त कफ सीरप 21 नग कीमती 3120 रूपये एवं बिक्री रकम 850 रूपये जुमला कीमती 16970 रूपये जप्त किया जाकर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार का न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया । निरीक्षक उत्तम साहू, उनि बसंत साहू, उनि कृष्णा साहू (एसीसीयू प्रभारी), प्र.आर. निर्मल सिंह, आर. समर बहादुर, रंजीत खरे एवं एसीसीयू टीम का विशेषयोगदान रहा।



### पश्चिमी विक्षोभ का असर, आसमान में मंडराएंगे बादल

**बिलासपुर,** 26 नवंबर (देशबन्धु)। मौसम का मिजाज बदला हुआ है। इस सप्ताह पश्चिमी विक्षोभ का असर रहेगा। इसके प्रभाव से हवा की दिशा पूर्ववत पूर्वी बने रहने तथा नमी की मात्रा बढ़ने की संभावना है।

**NECC**

| 27.11.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 523 | 83 | 145 |
| चिल्हर | 6.50 | 98 | 175 |

डिलीवरी 538 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

# खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर सख्त हुआ प्रशासन

## अपराध साबित होने पर होगी 05 वर्ष तक की सजा और प्रति हेक्टेयर पांच लाख रूपये तक होगा जुर्माना

### एम.एम.डी.आर.अधिनियम के साथ-साथ मोटर वाहन अधिनियम के तहत भी होगी कार्यवाही, वाहन भी हो सकता है राजसात

**रायगढ़,** 26 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा पारित अंतरिम आदेश के परिपालन में कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर सख्त कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया हैं।

उल्लेखनीय है कि माननीय छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय द्वारा पारित अंतरिम आदेश दिनांक 04 अगस्त 2023 एवं 22 अगस्त 2023 के अनुक्रम में सभी राजस्व एवं खनिज अमले को खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण और कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिये गये है। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा स्पष्ट रूप से हिदायत दी गई है, खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर केवल अर्थदण्ड पर्याप्त नही है, यह खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा-21(1) के तहत् अपराध है, जिसके लिये सक्षम न्यायालय में अभियोजन/परिवाद की कार्यवाही की जावे। खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा-21 (4) तथा छत्तीसगढ़ खनिज (खनन परिवहन तथा भण्डारण) नियम 2009 के अंतर्गत खनिजो के अवैध उत्खनन/परिवहन /भण्डारण पर कार्यवाही हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के अतिरिक्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) खनि अधिकारी और सहायक खनि अधिकारी/खनि निरीक्षक को राज्य शासन द्वारा प्राधिकृत किया गया है। इसके अतिरिक्त परिवहन अमले द्वारा मोटर वाहन अधिनियम 1987 के अधीन कार्यवाही किया जाता है। जिसके तहत् कलेक्टर श्री गोयल के निर्देश एवं माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के द्वारा पारित अंतरिम आदेश दिनांक 4 अगस्त 2023 एवं 22 अगस्त 2023 तथा छत्तीसगढ़ शासन, खनिज साधन विभाग के परिपत्र दिनांक 06 सितंबर 2023 के परिपालन में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम करने रायगढ़ जिले में प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में खनिज विभाग द्वारा खनिज चूना पत्थर का अवैध परिवहन करते हुए पाये जाने पर जब्त खनिज मय वाहन के मालिक-अंकुश अग्रवाल, पता-कालिन्दी कुंज कॉलोनी, रायगढ़ एवं वाहन चालक-नवीन कुमार, पता-गढ़वा, खरौदी, झारखण्ड के विरूद्ध श्रीमान् मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रायगढ़ के न्यायालय में धारा 22 खान और खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1957 सहपठित धारा 200 दण्ड प्रक्रिया संहिता में दर्शित प्रावधान अनुसार खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा-21 (1) एवं 21 (4क) तथा छत्तीसगढ़ खनिज (खनन परिवहन तथा भण्डारण) नियम 2009 के अधीन अनावेदक/अभियुक्तगणों को दण्डित करने एवं वाहन को राजसात करने के लिए परिवाद दिनांक 24 नवंबर 2023 को प्रस्तुत किया गया है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन,भण्डारण करते पाये जाने पर, विधिपूर्ण प्राधिकार के बिना निकाले गये खनिज की कीमत, रेंट, रायल्टी/ टैक्स वसूल करने की कार्यवाही, खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 (5) के अधीन की जाती है तथा मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन पाये जाने पर यथास्थिति अर्थदण्ड /परिवाद की कार्यवाही भी पृथक से की जाती है।



अंकुश अग्रवाल के उपरोक्त प्रकरण में खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा-21(5) के अधीन श्रीमान कलेक्टर रायगढ़ के न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिस पर कार्यवाही प्रकियाधीन है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर आगे भी सख्त कार्यवाही जारी रहेगी।

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188